हिन्दी और राजस्थानी
भाषा का
तुलनात्मक अध्ययन

लेखक

डॉ॰ रामकृष्ण 'महेन्द्र'

एम ए (संस्कृत, हिन्दी, संगीत एव अंग्रेजी पूर्वार्द्ध)
पी-एच डी (हिन्दी), व्याकरणाचार्य, साहित्याचार्य
'आधुनिक हिन्दी साहित्य' (शोध प्रबंध) एव
'बीकानेरी बोली का भाषा शास्त्रीय अध्ययन' आदि
अनेक बहु प्रचलित ग्रंथो के लेखक ।

प्रकाशक

राज प्रकाशन, फलौदी

[जोधपुर-राज०]

ग्रन्थ	हिन्दी और राजस्थानी तुलनात्मक अध्ययन
लेखक	डा० रामकृष्ण 'महेन्द्र'
प्रकाशक	राज प्रकाशन
	महेश भवन स्टेशन रोड फलौदी
प्रथम सस्करण	१५ अगस्त १९७७
मूल्य	चालीस रुपये मात्र
मुद्रक	जवाहर प्रेस, जेल रोड, बीकानेर

A comparative Study of Hindi and Rajasthani

By

Dr Ram Krishna Mahendra

Price Rs 40/-

दो शब्द

सृजन का मूलोद्देश्य साहित्य शास्त्र सृष्टा ही के शब्दों में 'यशसे' अर्थकृते,व्यवहार विदे, शिवेतरक्षतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे होता है, पर प्रस्तुत कृति के सृजन का मूलोद्देश्य न अर्थार्जन है, न यशार्जन न इतर। तो क्या यह कृति निरुद्देश्य है ? नहीं। प्रस्तुत कृति का मूल उद्देश्य मात्र पाश्चात्य भाषा वैज्ञानिकों (ग्रियर्सन आदि) की एवं उन्हीं का अनुसरण करने वाले कुछ भाषाविदों की इस भ्रान्त धारणा का निवारण है कि राजस्थानी भाषा हिन्दी की शाखा नहीं। राजस्थानी हिन्दी एवं संस्कृत भाषा भाषी होने के नाते मैं अब भाषाविदों से अनुनय करता हूं कि आगे इस भ्रान्त धारणा का अंधानुकरण न करें। प्रस्तुत ग्रंथ के आद्योपान्त पठन से यह तथ्य उजागर हो जाएगा कि राजस्थानी भाषा हिन्दी ही की एक शाखा है। बस यह सिद्ध करना ही इस कृति का उद्देश्य है। प्रकाशक महोदय का हृदयान्तस्तल से आभारी हूं जो इस कृति को प्रकाशित कर रहे हैं।

—लेखक

प्रकाशकीय

डा रामकृष्ण 'महेन्द्र' की काफी सेवा व मिन्नत करने पर उन्होंने मुझे अपनी कृति हिन्दी और राजस्थानी भाषा तुलनात्मक अध्ययन छापने की अनुमति दी हमारे प्रकाशन की यह प्रथम कृति है अतः हमारा यह प्रयास था कि राजस्थान के अच्छे से अच्छे लेखक की बहुमूल्य कृति छापें। हमें कई प्रकाशकों व साहित्कारों ने डा 'महेन्द्र' की कृति छापने की राय दी। कृति प्रकाशित हो गई है। मुझे बहुत गर्व एवं प्रसन्नता है कि हमारे प्रकाशन से ऐसी बहुमूल्य रचना छपी है।

—प्रकाशक

राज प्रकाशन, महेश भवन, फलौदी

विषयानुक्रमणिका

पूर्व खण्ड

विषय प्रवेश पृष्ठ १ से ५०

हिन्दी एव राजस्थानी भाषा भाषिक अभिप्राय, क्षेत्र व सीमाए, नामकरण वर्गीकरण, बोलिया–मारवाडी, ढूढाडी मेवाती, मालवी बागडी, उद्‌भव और विकास–भारतीय आर्य भाषा प्राचीन भारतीय आर्य भाषा–छान्दस, ध्वनिया, रूपतत्व, लौकिक सस्कृत–ध्वनियाँ, रूप तत्व वदिक एव लौकिक सस्कृत तुलना। मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा–पालि—नामकरण, क्षेत्र, विशेषताए, पालि छान्दस एव सस्कृत तुलना प्राकृत—नामकरण, वर्गीकरण–प्राचीन प्राकृत अर्वाचीन प्राकृत, अभिलेखी प्राकृत अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत, निय प्राकृत मिश्र प्राकृत की ध्वन्यात्मक एव रूपात्मक विशेषताए। आधुनिक भारतीय आर्य भाषाए—वर्गीकरण आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की विशेषताए, प्रतिनिधि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाए—सिन्धी लहदा, पजाबी, गुजराती उडिया, आसामी, बगाली, मराठी हिन्दी नामकरण व वर्गीकरण पूर्वी हिन्दी अवधि छत्तीसगढी बघेली पश्चिमी हिन्दी—ब्रज कनौजी बुन्देली बागरू कौरवी, खडी बोली हिन्दी और राजस्थानी–तुलना–साहित्य, लिपि।

उत्तर खण्ड

विषय–प्रवेश

०० हिन्दी एव राजस्थानी भाषा भाषिक अभिधार्थ

'हि न्दी' शब्द भाषिक अर्थ मे उस भाषा का द्योतक है जो वर्तमान समय मे परिनिष्ठित साहित्यिक भाषा के रूप मे, भारतीय गणतन्त्र विधान की राज्य भाषा के रूप में प्रतिष्ठित है

राजस्थानी शब्द भाषिक अर्थ म उस भाषा का द्योतक है जो राजस्थानी लोगों द्वारा आज भी उपयोग मे लायी जाती है, प्राचीन समय मे जो मरुभाषा, डिंगल आदि नामों मे सुशोभित थी । स्थूल रूप मे वर्तमान राजस्थान मे लोगो द्वारा प्रयोगाहृ भाषा राजस्थानी है ।

०१ हिन्दी एव राजस्थानी क्षेत्र व सीमाएँ

'इस प्रसग म हिन्दी मे तात्पर्य उस भाषा के लिए है जिसकी प्रसार भूमि की सीमाए पश्चिम म जैसलमेर, उत्तर-पश्चिम मे अम्बाला, उत्तर मे शिमला से लेकर नेपाल के छोर तक पहाडी प्रदेश का दक्षिणी भाग, पूर्व मे भागलपुर, दक्षिण-पूर्व मे रायपुर तथा दक्षिण-पश्चिम म खडवा तक पहुचती है ।[1]

१ डा धीरेन्द्र वर्मा हिन्दी भाषा का इतिहास, प्रयाग पृ० ५६

यदि उपयु क्त हि दी भूमि क्षेत्र का अवलोकन करें तो विदित हागा कि राजस्थानी की सीमाए भी इसी के अ तगत समाहित हा गई है। पर राजस्थानी भापा की अपनी निजी क्षेत्रीय विशेपताए ह जो हि दी एव राजस्थानी के बीच क्षत्रीय विभेदक रेखा खीचती है तथा हि दी से अपना प्रथक अस्तित्व बनाए हुए है। ग्रियसन के अनुसार 'राजस्थानी राजस्थान और मालवा की मातभाषा है। इसके अतिरिक्त यह मध्य प्रदश, पजाब तथा सिंध के कुछ भागो म बोली जाती है। [1] ग्रियसन ने राजस्थानी भापा–भापी प्रदश का क्षत्र फल लगभग डेढ लाख वगमील बताया है जो अधिकाश भारतीय भापाओ के क्षेत्रफल से अधिक ह। उनके अनुसार इस भापा क बोलन वाला की सख्या १६२६८२६० है। [2] १९६१ की जनगणना के अनुसार राजस्थानी भापिया की सख्या डेढ कराड उ चास लाख है। पर तु वतमान समय मे राजस्थानी भापा का क्षेत्र एव सीमाए एव बोलन वालो की सख्या हिन्दी के बढते हुए प्रचार–प्रसार क कारण सीमित होती जा रही है। राजस्थान के इस विशाल क्षेत्र प्रदेश की उत्तरी सीमा पजाबी, पश्चिमी सीमा सि धी दक्षिणी सीमा मराठी, दक्षिण पूर्वी सीमा बुन्देली पूर्वी सीमा व्रज एव उत्तर पूर्वी सीमा बागड़ू तथा खडी बोली नामक बोलिया बनाती। [3]

भौगोलिक दृष्टि से हि दी भापा का क्षेत्र उत्तर मे हिमालय से लेकर दक्षिण मे नबदा तक है। ग्रियसन ने इस समस्त भू भाग को पश्चिमी तथा पूर्वी हि दी क्षेत्र मे विभक्त किया है। यहा यह ध्यातव्य है कि ग्रियसन ने राजस्थानी को हि दी क्षेत्र से बाहर माना

---

१ ग्रियसन खण्ड १ भाग १ प० १७१
२ वही वही वही
३ वही वही वही

है। प्रस्तुत प्रबन्ध लेखन का मुख्य उद्देश्य ही इस भ्रान्त धारणा का निवारण है। वस्तुत राजस्थानी भी हिन्दी की एक शाखा है जो आगे के विवेचन से स्पष्ट हो जाएगा।

० २ हिन्दी एव राजस्थानी नामकरण

स्थूल रूप से हिन्दुस्तानी जिस भाषा का प्रयोग करते है वही 'हिन्दी' कहलाती है। यह नामकरण प्राचीन है। ईरान या फारस के लोग सिन्धु-नदी के तटवर्ती प्रदेश को सिन्धी तथा वहा के निवासियो को 'हिन्द' कहते थे। उन्ही 'हिन्द' लोगो की भाषा हिन्दी नाम से अभिहित की जाती है। यह नामकरण विदेशियो की देन है।

'राजस्थानी' भाषा का नामकरण पूर्णत आधुनिक है। स्वतत्रता से पूर्व ब्रिटिश शासन, मुसलमानी शासन आदि मे राजनैतिक कारणो से राजस्थान की भौगोलिक स्थिति भिन्न-भिन्न रही है अत भिन्न-२ समय मे यहा की भाषा भी भिन्न नामो से अभिहित की जाती रही है। वर्तमान राजस्थान मे २६ जिले है पर प्राचीन काल मे समग्र राजस्थान के लिए किसी एक नाम का प्रयोग नही होता था। प्राचीन तथा मध्य युग मे इसके भिन्न-२ नाम थे एव इसके कई भाग अन्य प्रदेशो के अन्तर्गत थे। यथा वर्तमान बीकानेर एव जोधपुर जिले महाभारत काल मे जागल देश कहलाते थे।[1] इसीलिए बीकानेर के राज्य चिन्ह मे जय जगलधर बादशाह लिखा मिलता

---

१ क महाभारत भीष्म पर्व अध्याय ६/५६
ख विशेष विवरण के लिए देखिए लेखक कृत
बीकानेरी बोली का भाषा शास्त्रीय अध्ययन पृ० १

है। प्राचीन काल मे अलवर राज्य का उत्तरी भाग कुरु देश मे, दक्षिणी व पश्चिमी मत्स्य देश मे एव पूर्वी भाग शूरसेन जनपद के अन्तर्गत थे। भरतपुर धौलपुर एव करौली का अधिकाश भाग भी शूरसेन जनपद मे ही था। उदयपुर राज्य का प्राचीन नाम 'शिव' था। डूगरपुर, बासवाडा का प्राचीन नाम वागड था। जोधपुर राज्य का नाम मरु, मारवाड था। इसका दक्षिणी भाग गुजरत्रा कहलाता था। सिरोही अर्बुद (आबू) के अन्तर्गत आता था। जसलमेर राज्य का पुराना नाम 'माड' था। कोटा तथा बूदी सपादलक्ष के अन्तर्गत थे। कहने का अभिप्राय यह है कि वर्तमान राजस्थान (राजपूताना) नाम आधुनिक है एव इसी प्रान्त मे बोली जाने वाली भाषा राजस्थानी कहलाती है इससे पूर्व इसके मरु भाषा[1] मरुभाषा[2] मरुदेशीया भाषा[3] मरुवाणी[4] डिंगल आदि नाम थ।

मरुदेश की भाषा का सर्व प्रथम उल्लेख आठवीं शती मे उद्योतन सूरि द्वारा रचित कुवलय माला नामक ग्रन्थ मे उपलब्ध होता है। इसमे अठारह देशी भाषाए गिनाई गई है जिनमे एक मरुभाषा भी है। सत्रहवीं शती मे अबुल फजल ने अपने ग्रन्थ आइने अकबरी मे प्रमुख भारतीय भाषाओ मे मारवाडी को भी गिनाया है। अठारवी शती मे हमे इस भाषा के लिए डिंगल नाम उपलब्ध होने लगता है। डिंगल शब्द भाषा अर्थ मे कब प्रयुक्त होने लगा एव इसका क्या अभिप्राय है ? इस विषय म अति विवाद है। उस विवाद म न

---

१ गोपाल लाहोरी रस विलास-मरुभाषा निर्जल तजी

२ कवि रघुनाथ रूपक मरुभूम भाषा तणौ मारग रस आखीरात गृ

३ कवि मोन्जी पाबू प्रकाश

४ सूर्यमल्ल वशभास्कर

है। प्रस्तुत प्रन्थ लेखन का मुख्य उद्देश्य ही इस भ्रान्त धारणा का निवारण है। वस्तुत राजस्थानी भी हिन्दी की एक शाखा है जो आगे के विवचन मे स्पष्ट हो जाएगा।

० २ हिन्दी एव राजस्थानी नामकरण

स्थूल रूप से हिन्दुस्तानी जिस भाषा का प्रयोग करते हैं वही 'हिन्दी' कहलाती है। यह नामकरण प्राचीन है। ईरान वा फारस के लोग सिन्धु-नदी के तटवर्ती प्रदेश को सिन्धी तथा वहा के निवासियो को 'हिन्द कहते थे। इन्ही 'हिन्द' लोगो की भाषा हिन्दी नाम से अभिहित की जाती है। यह नामकरण विदेशियो की देन है।

राजस्थानी' भाषा का नामकरण पुरातन आधुनिक है। स्वतन्त्रता से पूर्व ब्रिटिश शासन, मुसलमानी शासन आदि मे राजनतिक कारणो से राजस्थान की भौगोलिक स्थिति भिन्न-भिन्न रही है अत भिन्न-२ समय मे यहा की भाषा भी भिन्न नामो से अभिहित की जाती रही है। वर्तमान राजस्थान मे २६ जिले ह पर प्राचीन काल मे समग्र राजस्थान के लिए किसी एक नाम का प्रयोग नही होता था। प्राचीन तथा मध्य युग म इसके भिन्न-२ नाम थे एव इसके कई भाग अन्य प्रदेशो के अन्तगत थे। यथा वतमान बीकानेर एव जोधपुर जिले महाभारत काल मे जागल देश कहलाते थे।[1] इसीलिए बीकानेर के राज्य चिन्ह मे जय जगलधर बादशाह लिखा मिलता

---

१ क महाभारत भीष्म पर्व अध्याय ६/५६

ख विशेष विवरण के लिए देखिए लखक कृत

बीकानेरी बोली का भाषा शास्त्रीय अध्ययन पृ० १

है। प्राचीन काल मे अलवर राज्य का उत्तरी भाग कुछ कुरु देश मे, दक्षिणी व पश्चिमी मत्स्य देश में एव पूर्वी भाग शूरसेन जनपद के अ तगत थे। भरतपुर धौलपुर एव करौली का अधिकाश भाग भी शूरसेन जनपद मे ही था । उदयपुर राज्य का प्राचीन नाम शिव' था । डू गरपुर, बासवाडा का प्राचीन नाम वागड था । जोधपुर राज्य का नाम मरु, मारवाड था। इसका दक्षिणी भाग गुजरत्रा कहलाता था । सिरोही अर्बु द (आबू) के अन्तगत आता था। जैसलमेर राज्य का पुराना नाम 'माड' था। कोटा तथा बू दी सपादलक्ष के अ तगत थे । कहने का अभिप्राय यह है कि वतमान राजस्थान (राजपूताना) नाम आधुनिक है एव इसी प्रा त मे बोली जाने वाली भाषा राजस्थानी कहलाती है इससे पूव उसके मरु भाषा[1] मारुभाषा[2] मारुदेशीया भाषा[3] मरुवाणी[4] डिंगल आदि नाम थे।

मरुदेश की भाषा का सव प्रथम उल्लेख आठवी शती मे उद्योतन सूरि द्वारा रचित कुवलय माला नामक ग्र थ मे उपलब्ध होता है। इसमे अठारह देशी भाषाए गिनाई गई है जिनम एक मरुभाषा भी है। सत्रहवी शती मे अबुल फजल ने अपने ग्र थ आइने अकबरी म प्रमुख भारतीय भाषाओ म मारवाडी को भी गिनाया है। अठारवी शती मे हमे इस भाषा के लिए डिंगल नाम उपलब्ध होने लगता है। डिंगल शब्द भाषा अथ म कब प्रयुक्त होने लगा एव इसका क्या अभिप्राय है ? इस विषय म अति विवाद है। उस विवाद मे न

---

१ गोपाल लाहोरी रस विलास-मरुभाषा निजल तजी

२ कवि रघुनाथ रूपक मरुभूम भाषा तणो मारग रस आखीरान ग

३ कवि मोडजी पाद् प्रकाश

४ सूयमल्ल वशभास्कर

पढकर मै यही कहूगा कि डिंगल शब्द 'पिंगल' भाषा के सादृश्य पर ही रचित हुआ है पिंगल' शब्द भाषा अर्थ मे बाद मे प्रयुक्त हुआ था, उससे पहले यह पिंगल' ऋषि के नाम पर उनके द्वारा रचित छन्द शास्त्र के लिए प्रयुक्त होता था यथा छन्दो ज्ञाननिधि जगान मकरो वेलातटे पिंगलम् पञ्चतन्त्र २/३३ 'डिगल शब्द का मूल सबध म 'डिङ्कर' से है जिसका अर्थ है 'सेवक'। राज्याश्रित चारण राजाओ के सेवक ही थे। वे उनकी चाटुकारिता मे जा कविता आदि लिखते थे वह बाद मे भाषा अर्थ मे पिंगल के सादृश्य पर डिंगल कह लाने लगी। जिस प्रकार पिंगल ऋषि के नाम पर पिंगल भाषा बनी उसी प्रकार डिङ्कर (सेवक-चारणादि की कविता) के आधार पर डिंगल' भाषा बनी।

'राजस्थानी' नामकरण विदेशी भाषा-शास्त्रियो की देन है। जेम्स टाड ने पुरानी बहियों के आधार पर इस राज्य का नाम रायवाडा या रायथान नाम दिया है।[1] आगे चलकर यही लौकिक रूप सारे राज्य के लिए एक इकाई के रूप में 'राजस्थान' प्रयुक्त किया जाने लगा एव इसकी भाषा राजस्थानी कही जाने लगी।

हिन्दी एव राजस्थानी वर्गीकरण

हिंदी एव राजस्थानी भाषा के वर्गीकरण के सम्बन्ध मे भाषाविदो मे मतैक्य नही है। ग्रियसन ने भारतीय आर्य भाषाओ को मुख्यत तीन वर्गो मे वर्गीकृत किया-१ बहिरग शाखा २ मध्य-देशीया शाखा-क- बीच का समुदाय-१ पूर्वी हिन्दी। ३ अतरग शाखा (क) केन्द्रीय अथवा भीतरी समुदाय १ पश्चिमी हिन्दी। इस प्रकार स्पष्टत उन्होने हिन्दी को दो भागों मे वर्गीकृत किया-१ पूर्वी

---

1 कर्नल टाड एनाल्स पृ० १

हिन्दी २ पश्चिमी हिन्दी । पूर्वी हिन्दी के अन्तगत उन्होंने अवधि बघेली तथा छत्तीसगढ़ी बोलियों को परिगणित किया है एवं पश्चिमी हिन्दी के अन्तगत हिन्दोस्तानी बांगरू, ब्रजभाषा, कन्नौजी एवं बुन्देली बोलियों को परिगणित किया है । राजस्थानी को उन्होंने हिन्दी की बोलियों के अन्तगत परिगणित नहीं किया है ।[1] डा० सुनीति कुमार ने ग्रियर्सन के वर्गीकरण की आलोचना की एवं उन्होंने मध्यदेशीया में पश्चिमी हिन्दी एवं प्राच्य भाषाओं में पूर्वी हिन्दी को वर्गीकृत किया ।[2] डा० वर्मा ने चटर्जी के वर्गीकरण का ही अनुसरण किया है । [3] डा० भोलानाथ ने मध्यवर्ती के अन्तगत पूर्वी एवं पश्चिमी हिन्दी को समाहित किया है ।[4] उपर्युक्त, वर्गीकरणों पर दृष्टिपात करने से एक बात तो स्पष्ट हो जाती है कि हिन्दी भाषा को दो प्रमुख वर्गों में वर्गीकृत किया गया है-१ पूर्वी हिन्दी २ पश्चिमी हिन्दी । पर हिन्दी की विभाषाओं के सम्बन्ध में विवाद है । मेरे विचार में राजस्थानी भाषा पश्चिमी हिन्दी की एक विभाषा है । ग्रियर्सन ने इसे स्वीकृत नहीं किया है । वस्तु स्थिति यह है कि ब्रज एवं राजस्थानी (पिंगल एवं डिंगल) दोनों ही हिन्दी की प्रतिनिधि विभाषाएं हैं एवं दोनों ही एक ही सिक्के के दो पहलू हैं ।

राजस्थानी भाषा के वर्गीकरण के सम्बन्ध में भी भाषाविदों की मान्यताएं पृथक् पृथक् हैं । ग्रियर्सन ने राजस्थानी भाषा को

---

१ ग्रियर्सन लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया भाग—१

२ डा० सुनीति कुमार ओरिजिन एण्ड डेवलपमेन्ट ऑफ बंगाली लैंग्वेज

३ डा० धीरेन्द्र वर्मा हिन्दी भाषा का इतिहास

४ डा० भोलानाथ हिन्दी भाषा

निम्न प्रकारेण वर्गीकरण किया है--

१ पश्चिमी राजस्थानी—इनमे ये बोलिया आती हैं-जोधपुर की स्टैण्डर्ड या खडी राजस्थानी अर्थात् शुद्ध पश्चिमी मारवाडी, ठटकी, थली, बीकानेरी, बागडा, शेखावाटी, मेवाडी, खराडी, सिरोही की बोलिया (राठी की बोली) गोडवाटी और देवडावाटी ।

२ उत्तर-पूर्वी राजस्थानी अहीर वाटी और मेवाती ।

३ मध्यपूर्व राजस्थानी (ढूढाडी) तोरावाटी, खडी जैपुरी काठडा, राजावाटी, अजमेरी, किशनगढी चौरासी (शाहपुरा) नागर चाल हाडोती ।

४ दक्षिण-पूर्वी राजस्थानी या मालवी-रागडी और सोडवाडी ।

५ दक्षिणी राजस्थानी निमाडी

डा० सुनीति कुमार ने ग्रियर्सन द्वारा कृत वर्गीकरण मे प्रथम वर्ग एव ततीय वर्ग को ही राजस्थानी कहना अधिक तर्क सगत समझा है तथा एक को पश्चिमी राजस्थानी एव तीन को पूर्वी राजस्थानी की सज्ञा दी है । साथ ही अहीरवाटी, मेवाती, मालवी, मेवाती एव निमाडी को राजस्थानी मे परिगणित किया जाय या नही सदिग्धावस्था मे छोड दिया है एव शोध की अपेक्षा की है ।[१] ग्रियर्सन ने भीली का राजस्थानी मे पृथक माना पर डॉ० सुनीति कुमार के अनुसार व्याकरण की दृष्टि से भीली को भी राजस्थानी के अधीन रखना ठीक होगा ।[२] मेरे विचार मे वर्तमान राजस्थानी पूर्वकाल मे विविध भौगोलिक क्षेत्रो के आधार तद्देश के आधार पर विविध नामो से अभिहित की जाती थी । 'राजस्थानी' नाम से पूर्व

---

१ डा० सुनीति कुमार चटर्जी राजस्थानी, पृ० १०

२ वही वही पृ० ६

यह भाषा मरुभाषा, मारवाडी डिगल आदि नामो से अभिहित थी । कालान्तर म राजनीतिक कारणो से राजस्थान एक प्रान्त बना । पाश्चात्य भाषाविदो ने इसी प्रान्त मे आए सभी क्षेत्रो की बोलिया को राजस्थानी ही मान लिया । वस्तु स्थिति यह है कि ये सभी क्षेत्र राजस्थानी भाषा के अन्तगत नही है । मेरे विचार मे पश्चिमी एव पूर्वी राजस्थानी को आंशिक राजस्थानी तथा शेष को राजस्थानी सम्पर्कित मानना चाहिए फिर भी पूर्ण निष्कर्षों की प्रतिक्षा करनी चाहिए । [1]

हिन्दी एव राजस्थानी बोलिया

हिन्दी एव इसकी बोलिया का विस्तृत विवेचन मैं कर चुका हू [2] अत यहा पिष्टापेषण नही किया है।

राजस्थानी की अनेक बोलिया है । आजकल जिले के आधार पर भी राजस्थानी की बोलिया के नाम रखे जाने लगे है यथा-जोधपुरी बीकानेरी, बाडमेरी, जैसलमेरी, चुरू की बोली आदि । मुख्यत राजस्थानी की पाच बोलिया जिनका कि साहित्यिक रूप भी उपलब्ध होता है, ये है–१ मारवाडी २ ढूढाडी, ३ मालवी, ४ मेवाती एव ५ बागडी ।

मारवाडी मारवाडी प राजस्थानी की प्रतिनिधि शाखा है। मारवाड मे भाषा वाची स्त्री प्रत्यय ई के योग से यह शब्द रचित हुआ है। प्राचीन युग मे इसी के नाम मरुभाषा मारुभाषा मरुवाणी आदि थे । मारवाडी का क्षेत्र मारवाड मेवाड, जैसलमेर,

---

१ एतद् विषद विवेचन म अपने शोध प्रबध राजस्थानी भाषा उद्भव और विकास म करूगा ।

२ लेखक हिन्दी भाषा का वैज्ञानिक इतिहास

बीकानेर एव जयपुर का पश्चिमोत्तर भाग है । राजस्थानी की अन्य सभी शाखाओं से यह भौगालिक क्षेत्र, बोलने वालो की जन सख्या, साहित्य आदि सभी दृष्टियो से समृद्ध है । ग्रियर्सन ने इसके बोलनै वालो की जन सख्या ६० लाख बताई है । मीरा मारवाडी की प्रतिनिधि कवयित्री थी । राय पृथ्वीराज द्वारा रचित बेलि क्रिसन रुक्मणीरी भी मारवाडी की प्रमुख रचना है । व्रजभापा के प्रचार प्रसार एव महत्ता के कारण पिंगल के सादृश्य पर म० डिंकर (सेवक चारण)>डिंगर>डिंगल शब्द मारवाडी भापा का वाचक हो गया । जोधपुरी, बीकानेरी, मेवाडी थली, ठटकी आदि इसकी उप बोलिया ह ।

क्षेत्रीय आधार पर मारवाडी के मुख्यत चार भेद है— १ पूर्वी मारवाडी २ पश्चिमी मारवाडी, ३ उत्तरी मारवाडी, ४ दक्षिणी मारवाडी । पूर्वी मारवाडी के अन्तगत मगरा बोली (मगरवी) मेवाटी, मारवाडी, गिरासिया की बोली, मारवाडी ढुढारी, मेवाडी बोलिया आती है । गोडवाटी, सिरोही, देवडा वाटी तथा मारवाडी गुजराती, दक्षिणी मारवाडी की बोलिया है । पश्चिमी मारवाडा मे थली एव ठटकी बोलिया आती ह । बीकानेरी शेखावाटी तथा वागडो, उत्तरी मारवाडी की शाखाए हैं ।

सगीत के क्षेत्र म 'माड' राग के लिए मारवाडी को सर्वोत्कृष्ट भापा माना गया है । कहा भी गया है "छदो मे सोरठ छद एव रागो मे माड राग जितना मारवाडी म अच्छा निखरता है उतना अच्छा और किसी मे नही ।

ढूढाडी

वतमान मे यह जयपुरी नाम से भी अभिहित की जाती है। ढूढाड प्रदेश की भाषा होने के कारण इसका नाम ढूढाडी प[ड़ा] है। यह मुख्यत जयपुर, किसनगढ, टौंक, अजमेर मरवाड उत्तर-पूर्वी भागो मे बोली जाती है। ग्रियसन ने इसके बोलने वालो की सख्या १,६८७,८६६ बताई है। तोरावाटी, काठेडा, चौरासी, नागरचाल तथा राजावाटी इसकी क्षेत्रीय बोलिया हैं। ढूढाडी मे साहित्य रचना भी हुई है। सत दादू ने अपने पथ का प्रचार इसी वाणी मे किया। बाइबिल का अनुवाद भी हुआ है।

हाडौती

बूदी कोटा एव इनके आस-पास मे बोली जाने वाली बोली का नाम हाडौती है। हाडा जाति के राजपूतो द्वारा प्रयुक्त होने के कारण इसका नाम हाडौती हुआ है। इसके बोलने वालो की सख्या ६,६१,१०१ है। डा० कन्हैयालाल शर्मा ने इसका अत्यन्त वज्ञानिक विवेचन प्रस्तुत किया है। हाडौती एव ढूढाडी म अधिक साम्य है। इसमे प्रतिष्ठित साहित्यिक रचना लब्ध नही होती।

मेवाती

यह प्रमुखत अलवर, भरतपुर एव गुडगाव मे बोली जाती है। प्रमुखत मेओ' 'मेउ' लोगो द्वारा बोली जाने के कारण इसका नाम मेवाती है। यह बृजभाषा से अति सम्पृक्त है। ग्रिय-

सन ने इसके बोलने वालो की सख्या ०,५३८०० बताई है। इसमे यत्किंचित साहित्य रचना भी हुई है। चरणदास एव उनकी शिष्याओ दया बाई एव सहजोबाई ने इसी मे अपनी साहित्यिक रचनाए की है।

मालवी

मालवा क्षेत्र की बोली है जो दक्षिण पूर्वी राजस्थाना का प्रतिनिधित्व करती है। इसके प्राचान नाम अवन्ती, अवंतिका एव रगडी मिलते ह। ग्रियर्सन ने इसके बोलने वाला की सख्या ४,३५०-५०७ बताई है। सोंदवाडी वोनेवाडी, पारखी कठियाली इसकी क्षेत्रीय बोलिया ह। इसमे यत्किंचित साहित्य रचना भी हुई है। चद्रसखी इसकी प्रतिनिधि कवयित्री है।

राजस्थानी भाषा की उपयुक्त शाखाओ पर दृष्टिपात करने पर विदित होगा कि इसकी प्रमुख शाखाए अथवा आदश राजस्थानी के रूप की प्रतिष्ठापिकाए दो शाखाए हैं। १-पूर्वी राजस्थानी, २ पश्चिमी राजस्थानी। इनमे भी पश्चिमी राजस्थानी प्रमुख है। मैंने जब पूरे राजस्थान का राजस्थानी बोलियो के तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से भ्रमण किया तो मेरे सामने कई तथ्य उजागर हुए—

१— ग्रियसन ने जो राजनीतिक दृष्टि से वर्गीकृत राजस्थान प्रान्त की समग्र भाषा को एक सूत्र मे बाँधने का प्रयत्न किया है वह सर्वथा भ्रामक है। उदाहरणार्थ अलवर भरतपुर आदि क्षेत्रो मे जब मैं गया तो लोग मेरी बात राजस्थानी मे समझ ही नही पाए

ओर सभी का यह कथन था हम तो इसी प्रकार हिन्दी ही बोलते हे (ब्रज सम्पर्कित)। वामवाडा डूगरपुर क्षेत्र मे भी यही स्थिति थी। अत ग्रियसन ने राजस्थानी का जो वर्गीकरण किया है उनमे पूर्वी और पश्चिमी राजस्थानी ही राजस्थानी के क्षत्र मे आती है।

० ५ हिन्दी एव राजस्थानी

उद्भव एव विकास—

हिन्दी एव राजस्थानी दानो ही एक मा की दो पुत्रिया ह अर्थात् इन दोनो का उदभव शौरसेनी अपभ्र श से हुआ है। यद्यपि यह सवमा य नही हुआ है कि इन दोनो भाषाओ की उत्पत्ति शौरसनी अपभ्र श से ही हुई है, यथा कुछ डा० सुनीतिकुमार राजस्थानी भाषा को दो शाखाओ का मिश्रण मानते ह (राजस्थानी भाषा— पृ० ६) पर म इस धारणा से सहमत नही। क्योकि राजस्थानी का मूल स्रोत शौरसेनी अपभ्र श ही है। आचाय भरत ने जिस उकार बहुला भाषा का उल्लेख किया है वह शौरसेनी अपभ्र श ही है एव आज भी राजस्थानी मे उ>ओ मे प्रयुक्त होता है। इस तथ्य की पुष्टि के लिए भारतीय आय भाषाओ के ऐतिहासिक क्रम को प्रस्तुत किया जा रहा है।

० ५ १ भारतीय आय भापा

भारत वप म आर्य क्व आए ? आर्य मूल रूपेण भारतीय थे अथवा बाहर से आए ? आर्य भारत वर्ष मे एक बार आये या दा बार आदि प्रश्न आज भा विवादास्पद है। विषयेतर एव विस्तार भय से हम इन विवादा मे न पडकर 'वैदिक सस्कृत' को भारतीय आय भापा का प्रामाणिक निदशन मानकर भारतीय आय भापा को प्रमुखत तीन वर्गो मे विभक्त कर सकते ह—

१ प्राचीन भारतीय आय भापा (ई०पू० २००० से ई० ५०० तक

क- वदिक सस्कृत

ख- लौकिक सस्कृत

२ मध्य कालीन भारतीय आर्य भापा (ई०पू० ५०० से १००० ई तक।

३ आधुनिक भारतीय आय भापा (१००० ई से अब तक)

० ५ १ प्राचीन भारतीय आय भापा

प्रा० भा० आ० भा० के दो रूप ह—वैदिक सस्कृत २ लौकिक सस्कृत। वदिक सस्कृत—इसी का नाम छान्दस् भी है एव भारतीय आर्य भापाओ के विकास का मूल उत्स भी यही भापा है। 'छान्दस्' भापा क विकास क्रम को हम स्थूल रूप से इस प्रकार प्रस्तुत कर सकते ह—(I) सहिता कालीन वैदिक सस्कृत (II) ब्राह्मण कालीन वैदिक सस्कृत (III) उपनिपद् कालीन वैदिक सस्कृत (IV) अरण्यक एव सूत्र कालीन वदिक सस्कृत। ऋक, यजु, साम एव आथर्व सहिता मे जो भापा प्रयुक्त हुई है वह सहिता कालीन भापा ह। ऋक सहिता का प्रतिपाद्य देव स्तुति (इन्द्र वरुण रुद्र, विष्णु आदि) है। 'यजु सहिता' के दो भेद है—शुक्ल यजुर्वेद एव कृष्ण यजुर्वेद।

इनमे याज्ञिक कर्मकाण्डो के विधान का विवेचन है । 'साम संहिता' मे साम यागो मे गाए जाने वाले वैदिक सूक्तो को गेयात्मक दृष्टि से सकलित किया है । पहले ये तीन सहिताए ही वदिक सहिताओ मे परिगणित की गयी एव इन्ही का नाम 'वेदत्रयी' था । कालान्तर मे अथर्व सहिता सकलित हुई जिसका प्रतिपाद्य तत्र मत्र, जादू टोना आदि था । यदि भाषा तात्विक दृष्टि से अवलोकन करें तो वैदिक सहिताओ मे भी भाषा की एक रूपता दृष्ट नही होती । ऋक् सहिता की भाषा सर्वाधिक प्राचीन है । इनमे भी प्रथम एव दशम मडल की भाषा अपेक्षाकृत अर्वाचीन है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये मण्डल ऋक् सहिता के प्रक्षिप्ताश है । सहिताओ की भाषा प्रयोगाह छान्दस भाषा से थोडी इतर थी । क्योकि सहितओ की ऋचाए वैदिक ऋषियो द्वारा कण्ठस्थ रखी जाती थी जबकि बोल-चाल मे इसी के समकक्ष बोलीगत रूप प्रयुक्त होता था । बल्कि सहिताओ को गूढ अर्थ वाली देववाणी समझ कर ऋषिगण परम्परा से कठस्थ करते थे । पर बाद मे यास्क आदि ने यह सिद्ध किया कि सहिताओ के भी अर्थ है । इससे स्पष्ट होता है कि सहिताओ की भाषा बोल चाल की भाषा नही थी ।

छान्दस् भाषा का दूसरा विकसित रूप हमे ब्राह्मण ग्रन्थो (ऐतरेय ब्राह्मण शतपथ ब्राह्मण, गोपथ ब्राह्मण आदि) मे दृष्टिगत होता है । ब्राह्मण ग्रन्थो का प्रतिपाद्य कर्मकाण्डो की व्याख्या करना था। इनमे साथ-२ आख्यान भी दिए गये है यथा शुन शेप आदि । वैदिक गद्य भाषा का प्राचीनतम निदर्शन हम इन्ही ब्राह्मण ग्रन्थो मे उपलब्ध होता है । ब्राह्मण ग्रन्थो के अनन्तर औपनिषदिक ग्रन्थ वैदिक भाषा के विकास की तीसरी सीढी है जो एक ओर भारतीय आध्यात्म विद्या के चरमोत्कर्ष रूप है तो दूसरी ओर वदिक एव लौकिक

संस्कृत के बीच की कडी है। अरण्यक एव सूत्र ग्रन्थों की भाषा पूर्णत लौकिक संस्कृत के निकट है। वदिक संहिताओं के आधार पर यहा पर वैदिक संस्कृत की भाषा तात्त्विक विशेषताओं का उल्लेख किया जा रहा है—

वदिक ध्वनिया स्वरध्वनिया प्रातिसाख्य एव शिक्षा ग्रन्थो के आधार कहा जा सकता है कि वैदिक काल मे निम्नलिखित चौदह स्वर ध्वनिया थी—अ, इ, उ, ऋ, लृ, आ ई, ऊ, ऋ, लृ, ए ओ, ऐ, औ। इनमें अ आ, इ ई, उ ऊ, ऋऋ, लृ लृ, समानाक्षर एव ए, ओ, ऐ औ सन्धक्षर है जिनमे अ+इ-ए, अ+उ-ओ, आ+इ=ऐ आ+उ-औ क्रमश गुण एव वृद्धि सज्ञक हे। साथ ही ऋ-अर, लृ-अल् गुण एव ऋ—आर लृ-आल भी वद्धि सज्ञक है।

वैदिक स्वरा के मुख्यत तीन भेद थे १ उदात्त २ २ अनुदात्त ३ स्वरित। इनके लिए सकेत चिह्न भी थे—उदात्त के लिए सकेत चिह्न नही था, अनुदात्त स्वरो के नीचे आडी रेखा खीची जाती थी। स्वरित स्वरो के ऊपर खडी रेखा खीची जाती थी क। इन स्वरो के उच्चारण पर अर्थ-प्रक्रिया निर्भर थी। स्वर के उदात्त या अनुदात्त होने पर भिन्न-२ अर्थ व्यक्त होत थे यथा 'इन्द्रशत्रुर्वधस्व' मे केवल स्वर के अशुद्ध उच्चारण के कारण वृत्र (असुर) मारा गया था।[1] वृत्र ने इन्द्र को मारने के लिए यज्ञ किया था। उसमे पुरोहितो मे इन्द्र शत्रु' का

---

१ मन्त्रो हीन स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो नतमर्थमाह स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्र शत्रु स्वरोपरा धात् पाणिनीय शिक्षा—५२

महाभाष्य आह्निक

अव्यय शब्दो मे सुप् विभक्ति लुप्त रहती थी। शब्दो के ८ कारकीय रूपो, तीन वचनो के आधार पर २४ रूप थे। लिंग तीन थे—पुल्लिग, स्त्रीलिग, नपुंसकलिंग। व्याकरणिक दृष्टि से सुबन्त शब्दो के दो भेद थे-१ अजन्त (स्वरान्त) २ हलन्त (व्यंजनान्त)। अजन्त शब्दो मे अकारान्त (प्रिय पु०) प्रियम् (नपु०) आकारान्त (रमा, प्रिया स्त्री०) इकारान्त (हरि, मति शुचि आदि) ईकारान्त (देवी, नदी आदि) उकारान्त (मधु) ऋकारान्त (दाता, पिता) आदि। अकारान्त शब्दो मे औ के स्थान पर आ होता था देवौ> देवा—(सुपा सुलुक्-७ १ ३९)। प्रथमा बहु० व० मे 'आस' होता था-देवास (आज्जसो सुक्—७-१ ५०)। भि को ऐ विकल्प से आदेश होता था तथा तृतीया एक वचन मे 'आ' होता था। त एन— एना। अकारान्त प्रिय शब्द के रूप इस प्रकार थे--प्र० प्रिय प्रिया-प्रियौ प्रिया प्रियास द्वि० प्रियम, प्रिया-प्रियौ, प्रियान त० प्रियेण-प्रिया, प्रियाभ्याम्, प्रियेभि० च० प्रियाय, प्रियाभ्याम, प्रियेभ्य प० प्रियात् प्रियाभ्याम् प्रियेभ्य, ष० प्रियस्य, प्रिययो, प्रियाणाम् स० प्रिये प्रिययो प्रियेषु स० हे प्रिय हे प्रिया, प्रियौ, हे प्रिया प्रियास। आकारान्त शब्दो मे तृ व मे लौकिक सस्कृत से रूप भिन्न थे। इकारान्त शब्दो में त० एव स० रूपो मे भिन्नता थी। ईकारान्त शब्द लौकिक सस्कृत वत् थे केवल प्रथमा/द्वितीया एव सम्बोधन के रूपो मे भिन्नता थी। ऋकारान्त शब्दो मे केवल प्रथमा, द्वितीय के रूपो म भिन्नता थी। व्यजनान्त शब्दो मे निम्न लिखित शब्दो न रूप सस्कृत स भिन्न थे शत प्रत्ययान्त (अत्), इन प्रत्ययान्त, क्वसु प्रत्ययान्त, अन् अन्त वाले (राजन् वृत्रहन्), वाच विश् पुर् यशस चक्षुष्, आत्मन् आदि। शेष व्यजनान्त शब्द लौकिक सस्कृतवत् थे। विशेषण शब्द सस्कृत वत् ही थे। सार्वनामिक रूपो अस्मद्-युष्मद्

के रूपो मे भिन्नता थी यथा-प्र० अहम्, वाम् आवम् वयम् त्व
युवम्, यूयम् द्वि० के रूप सस्कृतवत् थे तृ० (
त्वया, युवाभ्याम्, युवभ्य, युष्माभि च० मह्यम्, मह्य, आवाभ्या
अस्मभ्यम्, युष्मद् के सस्कृत वत्, प० ब०व० मे भिन्न आवत् अस्म
युवत्, युष्मत्, ष० सस्कृतवत्, स० अस्मासु, असे, त्व, त्वां
युवयो, युष्मे। अव्यया मे उपसग क्रिया से पूर्व प्रथक् रूप
क्रिया के बाद एव कुछ पदो के व्यवधान में प्रयुक्त होते थे यथा
आ मन्द्ररिन्द्र हरिभियादि। उपसग यदि एक बार क्रिया के साथ १
जाता है तो बाद मे उस उपसर्ग का ही प्रयोग होता था एव व
क्रिया नही दी जाती थी। धातु रूपो मे लेटलकार वदिक सस्कृ
की प्रमुख विशेषता थी जिसका लौकिक सस्कृत म अभाव है यथा
भवाति भवात्, भवात भवामि भवा भवाथ, भवानि भवा-भवा
आदि। वदिक कालीन सस्कृत मे विकरण निश्चित नही थे यथ
जुहात्यादि म द्वित्व न होना-आण्डा शुष्णस्य भदति (भिनत्ति
के स्थान पर)। व्यत्यय प्रक्रिया प्रबल थी—सुप्तिङुपग्रह लिङ्नराण
काल हल च्स्वर कतृ यडा च व्यत्ययमिच्छति शास्त्र कृदेषा साऽपि
सिध्यति बालकेन (महाभाष्य) अर्थात् महाभाष्यकार का कथन है कि
इन स्थानो पर वेद मे व्यत्यय (उलट पुलट) देखा जाता है १ प्रथम
आदि विभक्तिया २ तिङ प्रत्यय ३ उपग्रह (परस्मपद आत्मनेपद)
४ पुल्लिग आदि ५ प्रथम पु० आदि ६ कालवाचक प्रत्यय ७
व्यजन स्वर ८ उदात्तादि ९ कृत् तद्धितादि १० विकरणादि। कहने
का अभिप्राय यही है कि वदिक व्याकरणिक परम्परा अव्यवस्थित
थी।

लेट् लकार के अतिरिक्त शेष नौ लकार सस्कृत वत् थे।
मार्कीनिक रूप अधिकाशत सस्कृत की भांति ही थ। यदि किन्

अंतर अवश्य था यथा-स० माता पितरौ वैदिकी मातरापितरा कुकौ कव—स० अष्टपदी वैदिक अष्टापदी आदि। तद्धित, कृत कृत्य प्रक्रिया संस्कृत की भांति हो थी। वैदिक संस्कृत की एक उल्लेखनीय विशेषता 'पद पाठ' थी जिसके विशेष नियम थे।

लौकिक संस्कृत—परिनिष्ठित, परिमार्जित, व्याकरण सम्मत भाषा ही लौकिक संस्कृत कहलाती थी। वैदिक संस्कृत में जब अति-व्यत्यय प्रक्रिया प्रबल हुई तो पाणिनि ने इस अव्यवस्था को रोकने के लिए एक सर्व सम्मत व्याकरण लिखा और इसी व्याकरण से पुष्ट भाषा ही लौकिक संस्कृत कहलाई। वैदिक काल में जो विभक्ति, लिंग, धातु रूप, उपग्रह, प्रत्ययार्थ आदि में व्यत्यय होता था, उसे पाणिनि ने रोक दिया। दूसरे शब्दों में लौकिक संस्कृत वैदिक संस्कृत का ही परवर्ती रूप है। लौकिक संस्कृत एवं वैदिक संस्कृत में मुख्यतः निम्नलिखित अंतर है।

वैदिक एवं लौकिक संस्कृत में अंतर जैसा कि उल्लेख किया जा चुका है कि वैदिक संस्कृत में व्याकरणिक प्रतिबन्ध इतने जटिल नहीं थे जितने कि लौकिक संस्कृत में। वैदिक संस्कृत में व्यत्यय प्रक्रिया प्रबल थी यथा-तिङ व्यत्यय-बहु० व० के स्थान पर एक व० तिङ व्यत्यय—चषाल ये अश्वयूपाय तक्षति (तक्षन्ति के स्थान पर तक्षति) पद व्यत्यय परस्मैपद के स्थान पर आत्मनेपद या आत्मनेपद के स्थान पर परस्मैपद—ब्रह्मचारिणम् इच्छते (इच्छति के स्थान पर इच्छते) पुरुष व्यत्यय—दशभिर्वियूया, काल व्यत्यय लुट् के स्थान पर लट्-श्वोग्नीनाधास्मानेन। व्यंजन व्यत्यय-ध>द-तमसो गा अदुक्षत आदि। आचार्य पाणिनि ने उपयुक्त समग्र अव्यवस्थाओं का निवारण कर एक संस्कृत एवं परिमार्जित रूप दिया। इसका प्रभाव यह पड़ा कि परवर्ती पाणिनि काल में यदि कोई व्याकरणिक दृष्टि से

अशुद्ध रूप प्रयुक्त करता था तो वह विद्वद्गणो मे उपहास का पात्र होता था। यहा वैदिक सस्कृत एव लौकिक सस्कृत मे जो स्थूल अन्तर थे, उन्ही को दिया जा रहा है। इनके अतिरिक्त भी अनेको अन्तर थे।

वैदिक सस्कृत के 'लृ, (दी) लॄ' स्वर के रूप मे थे। लौकिक सस्कृत मे लॄ (दी) था ही नही एव लृ का केवल पाणिनि ने माहेश्वर सूत्र (ऋलृक्) मे उल्लेख भर किया है, पर प्रयोग मे यह वर्ण नही था। ळ, ळह ध्वनिया सस्कृत मे नही रही। उच्चारण स्थानो मे भी परिवर्तन आया। वैदिकी मे ष' > ख' उच्चरित होता था पर सस्कृत मे यह मूर्धन्य था। उदात्त-अनुदात्त-स्वरित लेखन प्रक्रिया समाप्त हो गई। सधि नियमो मे भिन्नता थी यथा कई स्थानो पर प्रगह्य सज्ञा होने से प्रकृतिभाव होता था अत यण, दीर्घ आदि कोई सन्धि नही होती थी यथा-अवेद्धिन्द्र (अवे द उ इन्द्र) (निपात एकाजनाङ -१-१ १४)। प्रथमा द्वितीया द्विवचन के ई ऊ प्रगृह्य होते थे अत इनको यण नही होता था, यथा हरि ऋतस्य-साधू अस्मे। (ईददद द्विवचन प्रगृह्य १ १ ११)। अकारान्त, आकारान्त, इकारान्त ईकारान्त उकारान्त ऊकारान्त शब्द रूपो (पु०स्त्री० नपु०) के प्र० वहु व०, तृ० एक व, वहु-व, च, प प स एक व व वहु व के रूप भिन्न थे यथा प्रियौ, प्रियास शुचा, शुची (स०एक व) मध्वा मधुना (तृ एक व)। मध्वो मध (प एक व) आदि। व्यजनान्त शब्दो म शतृ इन् वसु प्रत्ययान्त शब्दो के रूप भिन्न थे। राजन्, कर्मन् अश्मन् पद् वाच् पुर्, यशस् आदि व्यजनान्त शब्दो के रूप भिन्न-२ थे। सर्वनामिक रूपो मे अस्मद्-युष्मद् के रूप विशेष अव्यवस्थित थे। अव्ययो मे उपसर्गों का प्रयोग सस्कृत से सर्वथा भिन्न था। धातु रूपो म लेट् लकार का प्रयोग वैदिकी मे था सस्कृत मे नही था। विकरणो

का व्यत्यय वैदिकी मे था, यथा– नाध्व नो देना (नाव्वम्-नायच्चम्) वैदिकी मे द्वित्व वैकल्पिक था, पर सस्कृत मे आवश्यक था, यथा— योजागार (जागार-जजागार) दाति प्रियाणि (ददाति प्रियाणि)। लकार का अनिश्चित प्रयोग प्राय सभी कालों मे होता था, यथा– देवो देवेभिरागमत् (आगमन–आगच्छतु लोट् के अर्थ में लुङ्) अद्य ममार (ममार-म्रियते-लट के अर्थ में लिट् आदि । इसी प्रकार धातुओं के गुण वृद्धि, उपधा लोप आदि के सम्बन्ध मे भी भिन्नता थी । सामासिक रूपो में भी भिन्नता थी । तद्धित, कृत् प्रत्ययान्त शब्द भिन्न थे । कहने का अभिप्राय यह है कि वैदिक सस्कृत एव लौकिक सस्कृत मे पर्याप्त पार्थक्य था एव लौकिक सस्कृत वैदिक सस्कृत के विकास की दूसरी सीढी थी।

० ५ १ २ मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा—

५०० ई पू से १००० ई पू तक

वदिक सस्कृत मे जो भाषिक अव्यवस्था थी उसे पाणिनि ने व्याकरणनिष्ठ कर सुव्यवस्थित करने का प्रयास तो किया पर वह परिनिष्ठित, परिष्कृत भाषा पडित जनो को ही मडित कर सकी, कोटिश जनों के लिए ता वह अव्यवस्थित ही रही । महाभाष्यकार ने भ्वादयो धातव (१-३-१) सूत्र का भाष्य करते हुए लिखा है कि पाणिनि के समय मे लोगा मे 'आणवयति' (आज्ञा देना) वटटति (वतमान होना) वड्ढति (बढना) आदि क्रिया के रूप बोले जाते थे तथा कृषि के अर्थ मे कसि तथा दृशि के अर्थ में दसि का प्रयोग करते थे। व्याकरणो के निर्माण के समय इन प्रयोगो को गौण समझ कर छोड दिया गया । व्याकरण स्रष्टाओ ने तो इन प्रयोगो को अशुद्ध या सामान्य समझकर छोड दिया पर जन सामान्य जिसके

लिए कि ये ही प्रयोग सुकर थे—इन प्रयोगो को कैसे छोडता ? कालान्तर मे कोटि जनो द्वारा प्रयोगाहृ ये हो प्रयोग बढे जिसे भाषा विदो ने मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा की सज्ञा दी। म० भा० आ० भा० लगभग डेढ हजार वर्ष तक समग्र उत्तर भारत की एक छत्र भाषा रही (कुछ क्षेत्रीय अपवादो को छोडकर) एव निरतर विकास की ओर अग्रसर होती रही। म० भा० आ० भा० के विकास की तीन सीढ़िया है— १ पालि २ प्राकृत ३ अपभ्रश।

पालि—

भगवान बुद्ध ने अपने उपदेश जिस वाणी मे दिए, अथवा भगवान बुद्ध के उपदेश जिस वाणी मे सग्रहित है, वही भाषा पालि नाम से अभिहित की जाती है। भाषा-तात्विक दृष्टि से यह भाषिक विकास की प्रथम सीढी है। वदिक सस्कृत मे जो भाषिक प्रवृत्तिया थी, या रूप बहुलता थी पाणिनि ने उसे निर्धारित कर एक रूप देने का प्रयास किया था पर ये मिटी नहीं। पालि मे वे यथावत् प्रयुक्त मिलती है, यहा वदिक पालि एव सस्कृत की तुलना से इस तथ्य की पुष्टि हो जाएगी।(१)वैदिकी मे व्यत्यय बहुलता थी (व्यत्ययो बहुलम् ३/१/८५) पालि मे भी यह व्यत्यय प्रक्रिया थी यथा—गुण व्यत्यय एक समय (एकम्मि समयम्मि), तेलम्स पिविरता तल पिवरवा आदि।

तिङ् व्यत्यय-अत्थि इमस्मि काय केसालोमा ऽत्ता (अत्थि-सन्ति) वण व्यत्यय-वुद्ध भि-बुद्धेहि, पलिघो-परिघा, काल व्यत्यय-भूतकाल के अर्थ मे भविष्यत् काल-मतियेल नमस्सिस्सति। सस्कृत में यह व्यत्यय प्रक्रिया उपलब्ध नहीं होती।

(२) वैदिकी में नपु सर्कलिंग शब्द पुल्लिंग म प्रयुक्त होते थे

(छन्दसि नपुंसकस्य पुंवद्भावो वक्तव्य—इति महाभाष्ये) पालि मे भी ऐसा ही होता था । फल शब्द के प्रथमा बहु वचन मे फला-फलानि दोनो रूप होते थे । वैदिकी मे षष्ठी के स्थान पर चतुर्थी व चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त होती थी (चतुर्थ्यर्थे बहुल छन्दसि२/३/६२ षष्ठ्यर्थे चतुर्थीतिवाच्यम्-वार्तिक)पालिमे भी चतुर्थी व षष्ठी के रूप प्राय समान रहते हैं यथा - ब्राह्मणस्स धन दाति ब्राह्मणस्य सिस्सो । लौकिक संस्कृत मे ऐसा नही होता ।

(३) क्रिया के रूपो मे भी वैदिकी और पालि मे साम्य है । वैदिकी मे लुङ् लकार का प्रयोग था-पालि मे भी यह प्रयुक्त होता था यथा-अहोमि अकासि, अगच्छि आदि । वैदिकी मे भूतकाल मे 'अ' का आगम वैकल्पिक था । पालि में भी ऐसा ही है पर संस्कृत म नही । इसी प्रकार अनेक साम्य है । कहने का अभिप्राय यह है कि वैदिकी से जिस भाषा का सहज विकास हुआ वह भाषा पालि कहलाई ।

पालि भाषा नामकरण—

बुद्ध वचनो की भाषा का नाम पालि कैसे पडा ? इस विषय मे विद्वानो में मतैक्य नही है यथा-विधुशेखर स० पंक्ति से कोसाम्बी स० पाल (ई) रक्षा करना से भिक्षुसिद्धार्थ स पाठ से डा मैक्समूलर पाटलिपुत्र से इसका सम्बन्ध जोडते ह । इसी प्रकार कुछ मनीषी पल्लि (गाव की भाषा) से और प्राकृत (पाकट>पाअड>पाअल>पालि) से इसे सम्बद्ध करते ह ।

उक्त सभी मत कल्पना प्रसूत और बौद्धिक विलास मात्र है । वस्तुस्थिति यह है कि बुद्ध ने अपने उपदेश मागधी भाषा मे ही दिये थे ।

थे । भाषा ग्रथ मे सवत्र बुद्ध वचनो के लिए मागधी का ही प्रयोग हुग्रा है यथा—सिद्धामिद्धगुरा साधु नमसित्वा तथागत सधम्मसङ्ग भासिस्स मागध सद्दलक्खत (मोग्गलान व्याकरण) । पालि शब्द का प्रयोग मूल त्रिपिटक के लिए होता था, यथा—दीघ निकाय पालि, उदानपालि ग्रादि। धीरे-धीरे यही 'पालि शब्द भाषा ग्रथ मे प्रयुक्त होने लगा । इस सम्बध मे जगदोश कश्यप का मत अधिक सगत प्रतीत होता है। उनके ग्रनुसार त्रिपिटक के मूल ग्रथो मे जगह-जगह पर बुद्ध देशना बुद्ध उपदेश बुद्ध वचन के ग्रथ मे 'धम्म परि-याय शब्द का पाठ मिलता है, जैसे-

इम धम्म परियाय ग्रत्य जालेन्ति पि न धारेति

सोकसल्लहरणो नाम ग्रय महाराज धम्म परियायोत्ति

इससे स्पष्ट प्रकट होता है कि बुद्ध वचन के ग्रथ मे ही परियाय> पालि शब्द का प्रयोग किया गया है । बाद मे इसी शब्द का लघु रूप 'पालि' हो गया ग्रौर इसका ग्रथ हुग्रा बुद्ध वचन । ग्रौर यदि गहराई मे जाए तो ज्ञात होगा कि 'परियाय का मूल सस्कृत शब्द 'पर्याय' है जो चक्कर लगाना, उत्तराधिकारी, समानायक धर्म ग्रादि ग्रर्थों मे प्रयुक्त होता था- बुद्ध न ग्रपने उपदेश देश मे सवत्र चक्कर लगाकर किए थे उन्होंने जन भाषा मे उपदेश दिए थे । यह भाषा स० की परवर्ती होने के कारण उत्तराधिकारिणी थी एव धम भाषा थी । इन्ही ग्रर्थों से विकसित होकर धीरे-धीरे स० पर्याय ᐳ पा० परियाय, पालिग्राप्र पालि रूप विकसित हुग्रा है ।

पालि क्षेत्र --पालि भाषा किस किस क्षेत्र की भाषा थी इस विषय मे भी भाषाविदो मे विवाद है । लका के बौद्ध इसे मगध की, वैस्टरगाड स्टैनकोने इसे उज्जैन या विन्ध्य प्रदेश की

प्रदेश की ग्रोल्डन बर्ड मारवेल की डैविड्ज ने कोसल की भाषा माना है। पर पालि भाषा किसी क्षेत्र विशेष की भाषा नही थी। बुद्ध ने अपने उपदेश तत्काल मे सब बोधगम्य भाषा म ही दिए थे। तथा यह भाषा समग्र मध्य प्रदेश मे व्याप्त थी। यहा पालि भाषा का क्षेत्र था।

ध्वनिया –पालि मे कुल तियालीस ध्वनिया थी (अग्रादया तितालीस वण्णा (मोग्गलान)। कच्चायन ने पालि की इकतालीस ध्वनिया बताई है (अक्खरापादयो एक चत्तालीस। पालि मे दस स्वर (अ आ, इ ई, उ ऊ एऍ, ओ ओ̆) पचवग (कवर्गादि) अन्तस्थ म ह् ल ल् एव निग्गहीत (अ) कुल तितालीस ध्वनिया थो। पालि ध्वनियो मे मुख्यत निम्नलिखित परिवर्तन हुए—(१) ऋ>अ, इ, उ मे परिवर्तित हुआ यथा ऋक्ष >अच्छो, नृत्य>नच्च, दृष्ट>दिट्ठ ऋए>इए वृष्टि>वुट्ठि ऋतु>उतु।

(२) ऐ>ए, इ, ई मे परिवर्तित हो गया-- वैमानिक > वेमानिको एश्वय>इस्सरियो (३) औ>ओ या उ मे परिवर्तित हुआ-मौद्गल्लायन >मोग्गलायनो, औद्‌शिक >उद्देस्को। (४) श, ष >स मे परिवर्तित हुए, शिष्य>सिस्सो, षोडश>सोलह।(५) विसग >ओ, देव >देवो। (६) जिह्‌वामूलीय व उपह्मानीय नही थे। (७) वैदिक ल् ध्वनि जो सस्कृत मे छोड दा गई थी पालि मे थी- वेळु। (८) सयुक्त वर्णो मे पूव का दीघ स्वर ह्रस्व हो गया- तीथ-तित्थ। (९) रेफ का लोप हो गया। कम-कम्म। (१०) य रिय म परिवर्तित हुआ आय अरियो (११) क्ष-ख-क्ख, क्षीर-खीर, मोक्ष -मोक्खो, (१२) द्य-ज ध्य झ, त्य-च, न्य ण्य, ज्ञ ञ्ञ-ज, ष्ट ठ, स्त-थ मे परिवर्तित हो गये। यथा- अद्य अज्ज, ध्यान-भान, नृत्य नच्च,

धान्य धम्म, ज्ञाति जाति, स्तम्भो थम्भो ।

रूपात्मक रचना—(१) प्रातिपदिक स्वरान्त थे व्यंजनान्त नहीं—बुद्ध (अकारान्त) (मुनि (इ) नदी (ई) भिक्खु (उ) वधू (ऊ) आकारान्त (लता), ओकारान्त (गो)। (२) तीन लिंग एवं दो वचन थेथे। (३) सार्वनामिक रूप एवं विशेषण संस्कृत की भांति थे। (४) क्रियाओं की संख्याओं में कमी आई। क्रियाओं में वचन दो एवं दो पद(आत्मने पद परस्मैपद) थे।

साहित्य—

भगवान बुद्ध ने अपना उपदेश मौखिक ही दिए थे। उनके निर्वाण के उपरान्त उनके शिष्यों ने उन उपदेशों का संग्रहीत कर दिया यही संग्रह 'त्रिपटक' (तीन पिटारी) नाम से अभिहित है एवं यही पालि साहित्य है। इसके मुख्यतः तीन भाग है- (१) सुत्तपिटक (२) विनय पिटक अभिधम्म पिटक।

प्राकृत—

जन सामान्य द्वारा प्रकृत रूपेण (स्वाभाविक रूप) प्रयुक्त भाषा ही प्राकृत कहलाई। संस्कृत भाषा शिष्ट जनों, शिक्षित जनों की भाषा थी। पर जन सामान्य दैनिक जीवन में परिनिष्ठित भाषा का प्रयोग नहीं करता था। जनसमूह सहज रूप से भाषा का प्रयोग करता था। सुसंस्कृत, परिनिष्ठित साहित्यिक भाषा संस्कृत थी तो जन सामान्य की सहज वाणी से निःसृत सहज-प्रकृत स्वाभाविक भाषा ही प्राकृत थी। आचार्य भरत के कथन से इसकी पुष्टि होती है। 'एतदेव विपर्यस्त संस्कार गुण वर्जितम् विनय प्राकृत पाठ्य नानावस्था रात्मकम्' अर्थात् मूल प्रकृति संस्कृत के पदों को विपर्यस्त करके आगे के वर्णों को पीछे पीछे के वर्णों को आगे, मध्य के वर्ण को आगे पीछे

करके भिन्न २ प्रकार मे बोलना 'प्राकृत पाठ कहलाता है। यही प्राकृत पाठ' प्राकृत भाषा बना। भर्तृहरि ने भी लिखा है– 'दैवीवाक् व्यावकार्णेयम् शक्तैरभिधातृभि अर्थात् दैवीवाक् (सस्कृत अशक्त कहने वालो के द्वारा भिन्न-२ प्रकार से विस्तार या फैलाव को प्राप्त होती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि जन सामान्य द्वारा प्रयुक्त सहज बोध गम्य वा प्रकृत–भाषा ही प्राकृत कहलाई।

नामकरण–

पालि की भाति प्राकृत के नामकरण के विषय मे भी विद्वानो मे मतैक्य नही है। इसके दो वर्ग हैं। पहला वर्ग इसे सस्कृत से पहले का (प्राक्+कृत्) एव श्रेष्ठ मानता है। नमि साधु लिखते हैं—प्राकृतेति सकल जगज्जन्तूना व्याकरणादिभि अनाहत सस्कार सहजो वचन व्यापार प्रकृति तत्र भव सेव प्राकृतम्' वाग्पति के अनुसार–-सयलाओ इम वाया विसन्ति एतो य णेन्ति वायाओ समुद्दं चिट् णेति सायराओ च्चिय जलाइ' अर्थात् जैसे जल सागर मे प्रवेश करता है और सागर से ही निकलता है, उसी प्रकार सभी भाषाए प्राकृत मे ही प्रवेश करती है और प्राकृत से ही निकलती है।

दूसरा वर्ग उन विद्वानो का है जो प्राकृत को हेय एव सस्कृत से परवर्ती मानता है। महाभाष्यकार लिखते है–

> यथैव हि शब्द ज्ञाने धर्म एवमपशब्दज्ञानेऽधर्म ।
> भूयानधर्म प्राप्नोति भूयान् अधर्म । अल्पीयांस शब्दा भूयांसोऽपशब्दा ।
> एकैकस्य शब्दस्य बहवो अपभ्रंशा । तद्यथा गौरी इत्यस्य गावी गोणी गोता,
> गोपोतलिके इत्येवमादयोऽपभ्रंशा ।

अर्थात् जैसे शब्दो के भली प्रकार जानने मे धर्म होता है इसी प्रकार अपशब्दो को जानने मे अधर्म होता है। यही नही धर्म की अपेक्षा

अधम अधिक होता है । एक ही शब्द के बहुत से अपभ्रंश होते हैं जैसे 'गा' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोनलिका आदि । संस्कृत से प्राकृत की उत्पत्ति मानने वाले प्रमुख विद्वानों में मार्कण्डेय[1], लक्ष्मीधर[2] हेमचन्द्र[3], सिंहदेवगणि[4] वासुदेव[5], प्राकृत मजरीकार[6], जयदेव[7] के मत उल्लेखनीय हैं ।

जहा तक भाषा के महत्व का प्रश्न है दोनों भाषाओं (संस्कृत-प्राकृत) का अपने अपने स्थान पर महत्व है । पर यह नितांत सत्य है कि प्राकृत की जननी संस्कृत है । संस्कृत से ही प्राकृत का विकास हुआ है ।

प्राकृत वर्गीकरण–

प्राकृत के मुख्यत तीन वर्ग हैं– (१) प्राचीन प्राकृत (पालि एवं अभिलेखी प्राकृत–तृतीय शताब्दी ई० पू० से द्वितीय शताब्दी ई० पू० तक, प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अश्वघोष के नाटकों की भाषा आदि)

(२) मध्यकालीन प्राकृत (अर्ध मागधी, महाराष्ट्री, शौरसेनी–पैशाची आदि)

(३) परवर्ती प्राकृत (अपभ्रंश) । इन्हें ही भाषाविदों ने क्रमश प्रथम प्राकृत, द्वितीय प्राकृत एवं ततीय प्राकृत कहा है ।

---

१ प्रकृति संस्कृत तत्र भव प्राकृत उच्यते मार्कण्डेय

२ प्रकृते संस्कृतायास्तु विकृति प्राकृती मता लक्ष्मीधर

३ प्रकृति संस्कृतम् । तत्र भव तत आगत वा प्राकृतम् हेमचन्द्र

४ प्रकृते संस्कृताद् आगत प्राकृतम् सिंहदेव गणि

५ प्राकृतस्य सर्वमेव संस्कृत योनि वासुदेव

६ प्रकृतेनु प्राकृतत्वेन गिर परिणति गता प्राकृतमजरीकार

७ संस्कृतात् प्राकृत इष्ट ततो अपभ्रंश भाषणम् ।

प्राचीन प्राकृत के अन्तर्गत पालि, तृतीय ई० पू० शताब्दी से द्वितीय शताब्दी ई० पू० तक के अभिलेखों की प्राकृत, अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत, निय प्राकृत एवं मिश्र आती है। पालि का विवेचन किया जा चुका है।

अभिलेखी प्राकृत—

अशोक महान ने धार्मिक उपदेशों एवं प्रशासनिक आज्ञाओं को भिन्न भिन्न क्षेत्रों में वहां की भाषा में ही शिलालेखों पर लिखवाया। इन शिलालेखों पर लिखित भाषा ही अभिलेखी प्राकृत कहलाती है। भाषा तात्त्विक दृष्टि से इन शिलालेखों भाषाओं के तीन भेद हैं– १ पश्चिमी गिरनार का शिलालेख। २ पूर्वी (जोगढ) ३ उत्तरी (मनसेहर)। इन शिलालेखों का अध्ययन करने से इनकी भाषा में स्पष्ट अन्तर ज्ञात होगा। उदाहरणार्थ हम इन लेखों की एक एक पंक्ति ले रहे हैं–

इय धमलिपी देवान प्रियण प्रियदसिना राजा लखापिता

(पश्चिमी–गिरनार का शिलालेख)

इय धम्मलिपि खपिंगलसि पवतसि देवान पियन पियदसिना लाजिना लिखापिता

(पूर्व–जौगढ मे उसी लेख का दूसरा भाग)

अयि ध्रमदिपि देवन प्रियन प्रियद्रसिन रजिन लिखपित

(उत्तर मनसेहर मे उसी लेख का तीसरा भाग)

अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत—

प्रसिद्ध बौद्ध धर्मावलम्बी महाकवि अश्वघोष द्वारा अपनी कृतियों में प्रयुक्त भाषा ही अश्वघोष की प्राकृत के नाम से अभिहित की जाती है। भारत के अतिरिक्त मध्य एशिया में भी इनके

नाटकों की खण्डित प्रतिया मिली है जिनका सम्पादन ल्यूडस न किया है ।

निय प्राकृत

तुर्किस्तान के नियं नामक प्रदेश मे मिली सामग्री के आधार पर ही इस भाषा का नाम निय प्राकृत है । टी बरो' ने इस भाषा को निय प्राकृत वताया है ।

मिश्र—

इसी का नाम गाथा सस्कृत है । इसमे पालि एव सस्कृत का मिश्रण है । इसमे महावस्तु ललित विस्तार आदि अनेक ग्रन्थ प्राप्त होते ह । गाथा सस्कृत का एक उदाहरण द्रष्टव्य है जिसमे पालि एव सस्कृत का स्पष्ट मिश्र रूप दृष्ट होता है —

> सहस्रमपि वाचाना अनथ पद सहिता एक अथवतीश्रेया यां श्रुत्वा उपशाम्यति यो शतानि सहस्राणासग्राम मनुजा जये। यो चैक जय आत्मान सव सग्राम जितवर ।
>
> (पेरिम स प्रकाशित महावस्तु पृ० ४३४ ,५)

द्वितीय प्राकृत

इसके अन्तगत महाराष्ट्री, शौरसेनी मागधी एव पशाचा चार प्राकृत आती ह । वररुचि ने इन्ही चार का उल्लेख किया है । प्राकृत सवस्वकार मार्कण्डेय ने प्राकृत भाषाओ के तैतालीस भेदोप-भेद स्वीकृत किये ह –प्रथमत उन्होने भाषाओ के चार भेद किए हैं—(१) भाषा २) विभाषा (३) अपभ्रश (४) पैशाची ।

भाषा के पुन पाच भेद- (१) महाराष्ट्री, (२) शौरसेनी, (३) प्राच्या, (४) अवन्ती, (५) मागधी ।

विभाषा के भी पाच भेद— (१) शाकारी (२) चाण्डाली (३) शावरी (४) आभीरिकी (५) शाखी ।

अपभ्रंश के उन्होने ३० भेद किये है । पैशाची के तीन भेद, यथा– कैकेयी, शौरसेनी, पाचाली । प्राकृत के चाहे कितने ही भेद रहे हो, चार भेद तो सभी ने स्वीकृत किए है (१) महाराष्ट्री (२) शौरसेनी, (३) मागधी । अर्ध मागधी। (४) पैशाची । वररुचि ने पैशाची और मागधी की प्रकृति शौरसेनी एवं शौरसेनी की प्रकृति सस्कृत को माना है। शौरसेनी के कुछ विशिष्ट कार्यों का उल्लेख कर उन्होने शेष काम महाराष्ट्री के अनुरूप ही बताये है ।

प्राकृत ध्वनिया–

प्राकृत की ध्वनिया पालि के समान ही थी । पालि मे जो विशेषताए बताई गई है वे प्राकृत मे भी थी । इनके अतिरिक्त जो विशेषताए थी, उनका उल्लेख यहा किया जा रहा है—सस्कृत की अ ध्वनि प्राकृत मे अनेक शब्दो मे 'आ' एव इ, ए हो गई, यथा— अश्व आमो असि-इसि, शय्या-सेज्जा, 'आ' कही अ कही इ मे परिवर्तित हुआ, यथा—चामर-चमर, यदा–जइ । इ कही अ कही ए, कही ई कही उ मे परिवर्तित हुआ यथा—पथि-पथो, विष्णु वेण्हू, इक्षु उच्छ जिह्वा-जीहा । ई इ, वा ए उ-ओ, अ मे परिवतन हुआ यथा—ततोय-तइअ कीदृश-केरिसो मुक्त-मोत्ता, मुकुटम्-मउड । व्यजन वर्णों मे इस प्रकार परिवतन हुए–अनादि मे प्रयुक्त क ग च ज त द प य व लुप्त हो गये । त-ड, द–ल, र, प-व, ट-ड, ड-ल, ठ–ढ, फ भ, ख, घ थ ध फ भ-ह र-ल आदि य-ज, प–फ, प छ सवत्र न ण, मे परिवर्तित हुए सयुक्त वर्णो मे क, ग ड, त, द प श स ष म न ल, व, र का लोप हो गया ।

रूपगत विशेषताए—

स्वरात प्रातिपदिक ही थे। आत्मनेपद नही था। तीन लिंग एव दो वचन थे। कारकीय रूपो मे स्वतत्र शब्द जोडे जाने लगे। जिन्होंने परवर्ती काल मे परसर्गों का रूप ग्रहण किया। वाच्य तीन थे। लिट लकार प्राय नही था। सगीतात्मक स्वराघात नही था। अधिकाश शब्द तद्भव थे। व्यजनान्त शब्द नही थे अत व्यजन सधि का भी प्राय अभाव था। क्त्वा प्रत्यय दूओ म परिवर्तित हो गया। क्त प्रत्यय दा मे एव कही अ' मे परिवर्तित हो गया। तव्यत्<दव्य मे परिवर्तित हो गया।

तृतीय प्राकृत अपभ्रश समय —

यद्यपि सहज भाषा प्राकृत भी साहित्य की परिधि मे प्रतिष्ठित हो गई एव इसे भी वररुचि आदि द्वारा व्याकरणिक शृखलाओ मे आबद्ध कर दिया पर भाषा का सहज विकास अवरुद्ध नही हुआ। कालान्तर मे यही विकसित भाषा [अपभ्रश कहलाई। आरम्भ मे महाभाष्यकार आदि ने कुछ अशुद्ध शब्द रूपो को देखकर उन्हे अपभ्रष्ट कहा एव यही हम अपभ्रश भाषा का बीज प्राप्त होता है। प्रारम्भ म कुछ अपभ्रष्ट शब्दो का इतना प्रयोग बढा कि कालान्तर मे इसे अपभ्रश भाषा का ही नाम देना पडा। कालिदास के विक्रमोर्वशीय के चतुर्थ अक मे राजा की विक्षिप्तावस्था मे जो वाक्य निकलते हैं व अपभ्रश म ही है। भरत मुनि ने उकार बहुला की भाषा का उल्लेख किया है एव इसका क्षेत्र हिमालय सिधु व सौवीर बताया है। इस प्रकार अपभ्रश का समय ई० पू० दूसरी सदी तक पहुचता है। पर क्या सचमुच अपभ्रश भाषा भाषिक रूप मे इतनी प्राचीन थी। इस विषय म विभिन्न मनीषी

मतैक्य नही है ।

डा० सुकुमार सेन ने अपभ्रंश का काल १ ई० से ६०० ई० माना है । डा० उदयनारायण, डा० धीरेन्द्र वर्मा, डा० नामवरसिह आदि अपभ्रंश का समय सातवी शती मानते हैं । यदि अपभ्रंश के साहित्यिक ग्रन्थो एव लब्ध प्रमाणो का अन्वेषण करें तो निम्न तथ्य हमारे सामने आते हैं–

(१) भरत मुनि ने उकार बहुला जिस भाषा का उल्लेख किया था एव उसका जो क्षेत्र बताया था वह अपभ्रंश ही थी । पर उस समय वह साहित्य मे प्रयुक्त नही थी । भरत मुनि का समय भी विवादास्पद है पर अधिकाशत सस्कृत इतिहासकारो की मान्यता है कि भरत मुनि का समय दूसरी शती है । इसी शती से अपभ्रंश का जन्म स्वीकार करना चाहिए ।

(२) अपभ्रंश का प्रयोग साहित्य मे अपभ्रष्ट शब्दो के रूप मे हुआ । भाष्यकार पतजलि ने इसका उल्लेख किया है ।

(३) ई० की तीसरी शती और चौथी शती मे अप० भाषा रूप मे प्रतिष्ठित हो गई थी ।

दण्डी[1], रुद्रट[2], वाग्भट्ट[3] आदि ने इसका उल्लेख भाषा रूप मे किया है । पर इस समय तक भी अपभ्रंश मे साहित्यिक रचना नही होती थी । साहित्यिक-सृजन अपभ्रंश मे पाचवी और छठी शती

---

१ दण्डी तदेतद्वाङ्मय भूय सस्कृत, प्राकृत तथा । अपभ्रशश्चमिश्र चेत्याहु राप्याश्चतुर्विध

२ रुद्रट ने अपने काव्यालकार में भाषाओं का वर्गीकरण—

१ सस्कृत, २ प्राकृत, ३ अपभ्रश । इन तीन रूपो म किया है ।

वाग्भट्ट अपभ्रशस्तु यच्छुद्ध तत्तद्देशेषु भाषितम् ।

के बीच होता है एव १००० ई० तक प्राप्त होता है। अत भाषिक दृष्टि से अपभ्रंश का समय पूर्वी शता से १००० ई० तक मानना ही सगत है। अपभ्रंश के कितने भेद थे इस विषय मे प्राचीन वैयाकरणो, काव्यशास्त्रियो एव आधुनिक भाषाशास्त्रियो मे अति विवाद है। नमि साधु ने अपभ्रंश के प्रमुख तीन भेद--उपनागर, आभीर और ग्राम्य (स चान्यैरुपनागराभीर ग्राम्यत्व भेदेन त्रिधोक्तन्निरासार्थमुक्त भूरि भेद इति) एव गौण रूपेण बहुत से भेद माने हैं। विष्णु धर्मोत्तर कार ने भी अपभ्रंश के अनन्त भेद माने है। (अपभ्रष्ट तृतीय च तदनन्तनराधिप। देशभाषा विशेषण तस्यानतोभेद विद्यते अपभ्रंश कायत्रयी पृ० ६६)। मार्कण्डेय ने प्राकृत सर्वस्व मे नागर, उपनागर एव व्राचड (नागरो व्राचडश्चे पनागरश्चेति ते त्रय अपभ्रंश परे सूक्ष्म भेदत्वान्न प्रथगमत) के साथ अपभ्रंश के २७ और भेद स्वीकार कर कुल तीस भेद स्वीकार किए है। इसी प्रकार शारदातनय, पुरुषोत्तम देव आदि ने अपभ्रंश के भेद किये है। पाश्चात्य मनीषियो मे डा० याकोबी अपभ्रंश के चार (पूर्वी-पश्चिमी, उत्तरी दक्षिणी) डा तगारे तीन (पूर्वी, पश्चिमी दक्षिणी) एव डा० नामवरसिंह दो ही भेद स्वीकार करते हैं।

उपर्युक्त मतो का अवलोकन कर तो दो तथ्य हमारे सामने प्रमुखत आते है एक अपभ्रंश के अनेक भेद (लगभग तीस) एवं अपभ्रंश के तीन या चार भेद। प्रथम वर्ग क्षेत्रीय बोलियों से सम्बद्ध है एवं दूसरा वर्ग परिनिष्ठित अपभ्रंश से। यदि अपभ्रंश साहित्य का अवलोकन करें तो अपभ्रंश का मुख्यत एक ही वर्ग है--

शौरसेनी अपभ्रंश एवं यदि क्षेत्रीय उपभेदो का विचार करें जिससे कि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाए सम्बद्ध है तो अप-

भ्र श के मुग्यत निम्न भेद है—१ शोरसेनी २ पशाची ३ ब्राचड ४ पूर्वी ।

अपभ्र श की विशेषताए ध्वनिया—

अपभ्र श मे पालि, प्राकृत की सभी ध्वनिया थी । 'ड' 'ढ' ध्वनिया विशिष्ट थी । स्वरो मे अनियमित व्यत्यय था । मध्यवर्ती अल्पप्राण व्यजन प्राय लुप्त हो गये (प्राकृत की प्रकृति का विकास) एव उनके सयोगी स्वर 'य' या 'व' श्रुति से प्रयुक्त होकर या स्वर रूप मे ही उच्चारित होते थे ।

महाप्राण ध्वनियो मे ख घ थ ध फ भ प्राकृत वत [ह' मे ही उच्चरित होते थे । 'म' 'व' मे प्राकृतवत ही था । रूपात्मक विशेषताए—अपभ्र श की प्रमुख विशेषता उकार बहुलता थी । स्वरान्त प्रातिपदिक ही थे । कारक-विभक्तियां में न्यूनता आई । सर्वनामिक रूपोमे 'हउ' रूप विशेष उल्लेखनीय है जिसका राजस्थानी रूप आज भी हूं है । धातु रूपो मे कमी आई । धातु रूपो मे उत्तम पुरुष एक वचन की 'उ' विभक्ति विशिष्ट थी । कृदतीय रूपो मे भूतकालिक इय, इवि, एवि, एवणु एव ऊण प्रमुख थे । स्वार्थिक एव विशेषणात्मक प्रत्ययो मे अल्ल, इल्ल, एल्ल, आल, दूर, क>य> अ एव 'ड' प्रमुख थे । तद्‌भव एव देशज शब्दो की प्रधानता थी ।

अवहट्ट—

डा० चटर्जी एव डा० सुकुमार सेन आदि ने उत्तरवर्ती अपभ्र श के लिए 'अवहट्ट' वा 'अवहठ्ठ शब्दो के प्रयोग किये है एव इसी प्रकार प्राय सभी भाषा शास्त्रियो ने इसी प्रकार अवहट्ठ को पृथक् किया है । अवहट्ट अपभ्र श से कोई पृथक् भाषा नही अपितु तत्सम शब्द अपभ्रष्ट का तद्‌भव रूप है । इसे ही अपभ्र श काल मे लोग अवहट्ट

रूप मे प्रयुक्त करते थे । भाषिक क्षेत्र मे इसी भ्रातिवश 'अवहट्ट' का अपभ्रंश से पृथक मान लिया है । वास्तव में यह अपभ्रंश का अन्त्य चरण है एव आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का बीजवपन है। यह प्रवृति लगभग ११-१२ वी शती तक रही । अत अवहट्ट को पृथक न मानकर अपभ्रंश ही मानना सगत है। डा० भोलानाथ ने भी यही शका उठाई है पर उन्होने अन्त मे इसे चलती का नाम गाडी' कहकर स्वीकार कर लिया है ।

० ५ १ ३ आधुनिक भारतीय आर्य भाषाए–

स्थूल रूपेण आधुनिक भारतीय आर्य भाषाए, भा० आर्य भाषा के विकास की छठी सीढ़ी (छान्दस, लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश) है । जिस प्रकार प्राकृत अपभ्रंश आदि काल में क्षेत्री-यता के आधार पर भिन्न-२ भेद थे उसी प्रकार आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के भी भिन्न-२ भेद हैं ।

आ० भा० आ० भाषाओं म प्रमुख भाषाए है–हिन्दी पूर्वी एव पश्चिमी) सिन्धी, गुजराती, पजाबी मराठी बगाली उड़िया, आसामी ।

वर्गीकरण—

उपर्युक्त आ० भारतीय आर्य भाषाओं को भाषा शास्त्रियों ने भिन्न-२ रूपेण वर्गीकृत किया है । इन भाषाविदों म हार्नले (Comparative study of the gaudian languages) ग्रियर्सन (लि० स० भा० इ०) डा० सुनीतिकुमार (भा० है० भा० व०) डा० धीरेन्द्र वर्मा (हिन्दी भाषा का इतिहास) डा० भोलानाथ (हिन्दी भाषा) का नाम विशेष उल्लेख्य है । हार्नले ने भा० आ० भा० आ० को चार वर्गों म वर्गीकृत किया—१ पूर्वी गौ० (पूर्वी हिन्दी, बगला उड़िया वर्गसित । पश्चिमी गौ०-पश्चिमी हिन्दी (राजस्थानी भी

पजाबी गुजराती, सिन्धी । उत्तरी गो० नेपाली, गढवाली । दक्षिणी गो० मराठी ।

इन भाषाओं के अध्ययन से हानले ने निष्कर्ष निकाला कि आर्य भारत मे दो बार आए । पहले आर्य पजाब मे आकर बसे । दुबारा जब आर्य आए तो पूर्वागत आर्य पूर्व-पश्चिम एव दक्षिण मे फैल गये एव नवागत आर्य मध्यवर्ती प्रान्त मे । इस प्रकार पूर्वागत आर्य बाहरी शाखा के अन्तर्गत आते है एव नवागत आर्य भीतरी शाखा के अन्तर्गत । परन्तु अद्यावधि ऐसे कोई प्रमाण नही मिले है जिससे यह सिद्ध होता हो कि आर्य दो बार आए थे । साथ ही दो बार आये आपस मे लडे नवागतो ने उन्हे पूर्व-पश्चिम उत्तर मे खदेडा दूसरी जातियां मौन रही, आर्यो ने इसका ऋग्वेदादि मे उल्लेख भी नही किया आदि बाते कुछ असगत प्रतीत होती है । जो कुछ भी हो वर्गीकरण की दृष्टि से हानले का वर्गीकरण क्षेत्रीयता पर विशिष्ट रूपेण आधृत है । आ० भा०आ०भा० का दूसरा प्रमुख वर्गीकरण ग्रियर्सन ने किया । उनका वर्गीकरण इस प्रकार है— १ बाहरी उपशाखा– क पश्चिमोत्तर समुदाय (लहदा सिन्धी) ख दक्षिणी समुदाय (मराठी) ग पूर्वी समुदाय (उडिया बगाली, आसामी, बिहारी) २ मध्यवर्ती उपशाखा (पूर्वी हिन्दी) ३ भीतरी उपशाखा क केन्द्रीय समुदाय (पश्चिमी हिन्दी, पजाबी गुजराती भीली खानदेशी ख पहाडी समुदाय (पूर्वी-मध्यवर्ती पश्चिमी) ग्रियर्सन ने यह वर्गीकरण ध्वन्यात्मक, रूपात्मक एव शब्दात्मक आधार पर किया । डॉ सुनीति कुमार ने तीनो ही आधारो की आलोचना की । प्रस्तुत पक्तियो का लेखक डा चाटुर्ज्या के अतिरिक्त ग्रियर्सन के वर्गीकरण की आलोचना राजस्थानी के विशिष्ट सदर्भ मे कर रहा है ।

स० मह्यम पालि काल म सम्प्रदान एव सम्बध एक व० में प्रयुक्त होता था।[2] प्रा० में यह केवल सम्ब ध कारक म ही प्रयुक्त होता था।[1] ग्रप० काल म यह ग्रपादान एव सम्बध एक व० म मज्झु रूप मे प्रयुक्त होता था। हिन्दी भाषा म विपयय प्रक्रिया स मुझ रूप विकारी रूपों (मुझको मुझ से ग्रादि) एव सम्बध एक व० मे प्रयुक्त होता है यथा

१ म मम मह मज्झ इसि प्रा० प्रका वररुचि ६/५०
२ ग्रगले पृष्ठ की स० १ पाद टिप्पणी देखें।

'मुझ जसा विद्वान कौन होगा ?'[१]

मुझ—'मुझ म ए क आगम क सम्बध म भाषाविदो म मतक्य नहीं है। डा० वर्मा इसे विकारी 'ए' (लडके, घोडे) मानते हैं। पर यह मत नहीं क्योंकि सभा रूपा के विकारी 'ए का प्रयोग सवनामों म असगत ही नही भा० प्र० भा० की विशेषताओ क आधार पर असभव भी है। डा० भोला नाथ न संस्कृत कल्पित रूप मुम्हें प्रा० तुज्झे अप० तुज्झे से इसका विकास माना है पर यह कल्पना का आश्रय मात्र है। मेर विचार म मुझ म 'ए का आगम प्रा० अप० अस्मद् युष्मद् सवनामो क प्रथमा व द्वितीया बहु व० के रूपों में प्रयुक्त 'ए (तुम्हें अम्हे)[२] अद (तुम्हइ अम्हइ) > 'ए के साम्य पर ही हुआ है। 'मुझे शब्द भी हिंदी भाषा म कम' म ही प्रयुक्त होता है अत मत की पुष्टि हो जाती है।

मेरा व्युत्पत्ति—इस सवनाम की व्युत्पत्ति के सम्बध में भाषा-विदो म मतक्य नही है। बाप न मदीय सम्कृत-चीनी कोष (फा-यूत्स-मिङ) के अनुकरण पर (ममेर) डा० उदयनारायण डा० वर्मा पिशेल, केलाग आदि ने स० मम+केर (ममेर—मेर) से इसकी व्युत्पत्ति मानी है। डा० भोलानाथ तिवाडी ने इसका विकास क्रम इस प्रकार दिया है—

क स० मह्य +कृतक > मह्—केरक > मएरह > मेरा

ख स मम+कृतक > मम-करक > ममेरअ > मरा

मेरे विचार म डा० भोलानाथ द्वारा दत्त 'मेरा सर्वनाम का द्वितीय विकास क्रम अधिक उचित है।

राजस्थानी भाषा में मरा के स्थान पर सम्बध एक व० म म्हारो रूप प्रयुक्त होता है। उसका विकास क्रम इस प्रकार है—स० अस्मदीय अप० अम्हार रा० म्हार आ—अपभ्रश काल मे संस्कृत के 'ईय

---

१ मह्न मज्झु ङसि ङम्भ्याम् अप० व्याकरण /३७६/

२ अम्हे थोवा रिउ बहुअ कायर एम्ब भणन्ति

प्रत्यय को डार (श्रार) श्रादेश होता था।[1] इसी से सम्बन्ध कारक 'व
'र का विकास हुआ है। इन सर्वनाम रूपों का विशेषणवत् प्रयोग होता है
य विशेष्य के लिंग वचन के अनुसार परिवर्तित होते हैं यथा—मेरा, मेरी
मेरे। यहा यह उल्लेख्य है कि हिन्दी भाषा म मेरे रूप सम्प्रदान एव व० में
प्रयुक्त होता है। पालि काल म ही चतुर्थी षष्ठी के रूपो का समान प्रयोग
होना प्रारम्भ हो गया था। प्राकृत म तो चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी ही
प्रयुक्त होती थी।[2] श्रप० म भी षष्ठी विभक्ति चतुर्थी के स्थान पर प्रयुक्त
होती थी। हिन्दी भाषा मे मेरे सवनाम सम्बन्ध एव सम्प्रदान दोनो मे ही
प्रयुक्त होता है।

हमारा हमारे हमारी। इनका उद्भव एव विकास डा० उदय-
नारायण ने श्रस्म कर डा० वर्मा ने श्रम्ह-करको एव डा० भोलानाथ ने
श्रस्मद् या श्रस्मे—कायक > श्रम्ह-करश्रो > हम्म—श्ररश्रा हम्मारउ—हमारा
के रूप म इसका विकास माना है। मेरे विचार म इसका विकास क्रम इस
प्रकार है—

हमारा स० श्रम्मदीय श्रप० श्रम्हार हि० हमार—श्रा (पु०)। हमारे
स० श्रस्मदीयेन श्रप० श्रम्हारेण हि० हमारे राज० भाषा म सम्बन्ध बहु व०
म्हारा रूप प्रयुक्त होता है जिसका विकास क्रम श्रस्मद्— डार स ही है।

३ १ २ मध्यम पु० वाचक सवनाम 'तू' व्युत्पत्ति—

डा० सुनीतिकुमार हानले इसकी व्युत्पत्ति स० त्वम् से स्वीकार
करते हैं। डा० वर्मा स० त्वया एव डा० उदयनारायण वैदिक तु एव त्वम्
प्रा० तू से इसका सम्बन्ध जोडते हैं। तेसीतोरी स० कल्पित रूप त्व कम्
से इसका विकास मानते हैं। डा० भोलानाथ ने डा० सुनीतिकुमार एव हार्नले

---

१ युष्मदस्मदीस्य डार ४३४ हेमचन्द्र श्रप० व्याकरण

२ चतुर्थ्यां षष्ठी वररुचि प्रा० प्रकाश ६६४

ने मन में अपनी सहमति व्यक्त करते हुए इसका विकास क्रम इस प्रकार बताया है—सं० त्वम् > पा० त्व > तुव > प्रा० तु, तुव, तुह > अप० तुह, हि० तू, तू। उपयुक्त मतों में सगत मत त्वम् से सम्बन्धित व्युत्पत्ति से ही अधिक है क्योंकि सं० त्वम् प्र० एक वचन में प्रयुक्त होता था। पालि काल में यह त्व के रूप में प्रयुक्त होता था। प्रा० काल मे त, तुम (प्रथमा०एकव०) तु (द्वि० ए० व०) में प्रयुक्त होता था।[1] अप० काल में यह तुह (प्र० ए० व०) के रूप में प्रयुक्त होता था।

यथा— भमर मा रुणु झुणि रण्णडइ सा दिसि जोइ म रोइ

सा मालइ दस त रिम्र जसु तुहुँ मरइ विओइ।

हिंदी भाषा में उ+उ=ऊ संधि नियम एवं अन्त्य 'ह' का लोप होकर तू रूप बना है। इसका विकास क्रम इस प्रकार है—सं० त्वम् पा० प्रा० त तुम (प्र० ए० व०) तु (द्वितीया द्वि० ए० व०) अप० तुहु 'हि तू। इस विश्लेषण से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि 'तू' की व्युत्पत्ति डा० वर्मा द्वारा 'त्वया' से एवं तेसीतोरी द्वारा 'त्वकम्' से मानना सर्वथा गलत है।

राजस्थानी भाषा में 'तू' थू तं थं रूप म० पु० ए० व० में प्रयुक्त होते हैं। तू थू का निकास तो हिंदी की भांति 'त्वम्' से ही है। थू 'ह' के कारण तू' का महाप्राणीकृत रूप ही है। तें थें का विकास सं० त्वया (तृ० ए० व०) एवं त्वयि (सप्तमी ए० व०) से हुआ है। प्रा० काल में ये रूप तइ तए रूप में लब्ध होते हैं।[3] अप० काल में यह तइ

---

१ क युष्मदस्त तुम ६/२६ वररुचि
ख वही ६/२७ वही

२ युष्मद सो तुहुँ अप० व्याकरण ३६८

३ टा ङ्या स्तइ तए तुमए तुमे प्राकृत प्रकाश ६/३०

पइ रूप में नष्ट होता है ।[1] राजस्थानी में यह तइ (थ^∧ए) तें रूप में विकसित हुआ है एवं 'थें' इसका महाप्राणीकृत रूप है । राजस्थानी में इन रूपों के प्रयोग में भी भिन्नता है । तें थें रूप भूतकालिक 'क्त' प्रत्ययान्त रूपों के साथ ही प्रयुक्त होता है जो परम्परागत है एवं तू थू प्र० एक वचन अधिकारी रूप मे प्रयुक्त होता है ।

तुम—इसकी व्युत्पत्ति पिशेल ने स० के कल्पित रूप तुष्म से मानी है । डा० सुनीतिकुमार, डा० वर्मा, डा० उदयनारायण एवं डा० भोलानाथ ने इसी मत का अनुकरण किया है । हिन्दी वैयाकरण प० कामताप्रसाद स० त्वम् से ही इसे उद्भूत मानते हैं । डा० भोलानाथ ने संस्कृत एक वचन के त् से प्रारम्भ होने वाले रूपों का पालि काल में 'य' से प्रारम्भ होने वाले बहु० व० के रूपो पर प्रभाव बताया है एवं पिशेल की कल्पना (तुष्म) को निराधार बताया है पर साथ ही स्वयं डा० भोलानाथ ने इसका विकास क्रम इस प्रकार बताया है—वैदिक स० युष्मे>लौकिक स० युष्म>संस्कृत-पालि-अधिकारा तुम्ह पा० तुम्ह प्रा० तुम्हे अप० तुम्हे परवर्ती अप० तुम्ह हि० 'तुम' ।

मेरे विचार में तुष्म की कल्पना निराधार है । वैदिक काल में युष्मे शब्द सप्तमी ब० व० में प्रयुक्त होता था एवं व्यत्यय प्रक्रिया प्रबल थी परिणामत पालि कालतक युष्म तुम्ह द्वि व म प्रयुक्त होने लगा था । संस्कृत काल में य>त में परिवर्तन की प्रक्रिया संस्कृत काल में भी विद्यमान थी । जिसका संकेत पाणिनि ने त्वाहो सौ (७/२/९४) सूत्र म किया है । बहु व० के रूपो में य त में परिवर्तित नहीं होता था पालि काल तक य>त परिवर्तन प्रक्रिया बड़ी एवं संस्कृत युष्मद शब्द ही तुम्ह में बदल गया एवं इसका द्वि० ब० व० में तुम्हे का लोप होता है । यह एक प्रश्न और सामने आता है कि 'युष्मद् शब्द में त्' आगम कैसे हुआ । जबकि भारोपीय भाषाओं में इसका उल्लेख नहीं मिलता जैसा कि डा० भोलानाथ ने इसके उदाहरण दिए हैं ।

---

१ टा-इयमा पइ तई अप० व्याकरण /३७०

मेरे विचार में युष्मद् शब्द में 'त' का आगम अन्त्य 'द्' का प्रभाव है। संस्कृत काल में अन्त्य 'द्' 'त' में अनेक स्थलों पर परिवर्तित होता है। अतः त का आगम अन्त्य द् से मानना सगत होगा। प्रा० काल में प्र० ब० में तुम्हे रूप लब्ध होता है। अप० काल में तुम्हे प्र० ब० व० में तुम्हे तुम्हइं रूप में विकसित हुआ है। मेरे विचार में इस सर्वनाम के विकास की एक और संभावना है। प्राकृत काल में प्र० एक वचन में तुम एवं अपादान एक व० में तुमो, तुह तुम्ह, तुम्म व बहु व० में तुम्हा रूपों प्रचलन था।[1] 'तुम' का संबंध 'तुम तुम्ह 'तुम्म' से भी जोड़ा जा सकता है। यहां यह प्रश्न उठता है कि एक वचन का रूप तुम एवं अपादान एक वचन तुम्म, तुम्ह, तुम्हा रूपों का संबंध कर्ता एक वचन व बहु वचन से कैसे हो सकता है? हिन्दी तक रूप ह्रास परंपरा के कारण ऐसा संभव हो सकता है। इसमें हिन्दी भाषा में तुम एक वचन में भी प्रयुक्त होता है।

राजस्थानी भाषा में उ० पु० बहु० वचन में थे रूप प्रयुक्त होता है इसका विकास में युष्माभि (तृ० ब० वचन) प्रा० तुज्झेहि तुम्हेमि तुम्हेहि अप० तुम्हे राज० तुह तूह थूह थे के रूप में विकास हुआ है।

तुझ, तुझे—डा० वर्मा एवं डा० उदयनारायण इसका उद्भव सं० तुभ्यम्>प्रा० तुज्झ हि० तुझ मानते हैं। पिशेल ने मह्यम के आधार पर तह्यम् की कल्पना कर इसका विकास तुह्यम् से माना है। डा० भोलानाथ ने 'तुह्य' का कल्पित न मानकर वैदिक काल में प्रयुक्त माना है। मेरे विचार में सं० तुभ्यम् से ही इसका विकास हुआ है। वैदिक वैयाकरणिक पुस्तक एवं ऋग्वेद संहिता प्रयत्न पूर्वक ढूंढने पर भी मुझे तुह्यम उदाहरण नहीं मिला। बल्कि तुभ्य रूप ही मिला।[2] डा० भोलानाथ ने भी इसका

---

[1] जैसे—तुमा तुम्ह तुम्हइं अप० व्याकरण २६६
[2] अगले पृष्ठ की सं० १ पाद टिप्पणी देखें।

प्रमाण नही मिला । हा सस्कृत परवर्ती काल (पा० प्रा० अप०) मे 'भ>'ह मे परिवर्तन की प्रक्रिया प्रचुरता से मिलती है ।[1] अत प्रा० काल मे तुहय >तुज्भ हुआ होगा । प्रा० काल मे 'तुज्भ' अपादान एव सबध मे प्रयुक्त होने लगा ।[2] अप० मे यह अपादान एव सबध मे 'तुभ' रूप मे ही प्रयुक्त होता था ।[3] हिन्दी मे यही 'तुभ' शब्द 'तुभ जैसा विद्वान कौन होगा ?' आदि रूप मे प्रयुक्त होता है । तुभे का उद्भव स० तृतीया ब० वचन 'युष्माभि' से हुआ है प्रा० काल मे युष्माभि तुम्हि तुज्भेहि रूप मे विकसित हुआ । अप० मे यह तुम्हेहि तुज्भेहि (करण ब० व०) रूप मे प्राप्त होता है । हिन्दी मे यही तुभे कर्म रूप मे प्रयुक्त होता है । डा० वर्मा ने तुभे मे 'ए' का आगम विकारी ए (लडके घोडे) से माना है जो अत्यत चिन्त्य एव भ्रामक धारणा है । यह ऊपर के विकास क्रम से सिद्ध हो जाता है । डा० भोलानाथ ने इसका विकास प्रा० तुभे (कर्म ब० वचन) से माना है एव इसके वैदिक तुह्यो रूप की कल्पना की है । उन्होंने इसका विकास क्रम इस प्रकार किया है—स० तुह्यो (स० कल्पित) प्रा० तज्भे (कर्म) अप० तुज्भे हि० तुभे (कर्म) । मेरे विचार मे यह कल्पना मात्र है प्रमाण युक्त नही । प्रथम तो वैदिक एव लौकिक सस्कृत मे सप्रदान मे 'तुह्यो' रूप ही लब्ध नहीं होता दूसरा यदि 'तुह्यो' मान भी ले तो इससे तुज्भ रूप सभव

---

० द्रष्टव्य क A A Macdonall –

A Vedic Grammer for students

ख Ghate s lectures on Rigveds

१ सघधधभा ह वररुचि २/२७

२ ङसि ङस्भ्या तउ तुज्भ तुघ्र अप० व्याकरण ३७२

३ तुज्भे हि तुह्मेहि तुम्हहि भिसि ६/४४ प्रा० प्रकाश वररुचि

४ भिसा तम्हि अप० या० ३७१

नगी "समें जो 'ज झ है वह म् भ का विकास है। अत इसका उद्भव उपयुक्त विकासानुरूप ही मानना सगत है।

'तुम्ह' का विकास वनिक म० युग्म पा० तुम्ह प्रा० तुह्मे (प्र० ब०) अप० तुम्ह (प्र० द्वि० बहु) से मानना चाहिए। डा० वर्मा ने अप० 'तुम्हइ' से इसका विकास माना है। पर यह सगत नही बल्कि पूर्व विकास क्रम ही सगत है। राजस्थानी भाषा म कम कारक 'तने थन थानेरूप प्रयुक्त होते है। ने हिन्दी म कर्त्ता कारक का परसग है जबकि राजस्थानी म कम कारक का।

तुम्हारा—हिन्दी भाषा मे यह सार्वनामिक रूप सबध एक वचन मे प्रयुक्त होता है। इसकी व्युत्पत्ति भी भाषाविदो न मेरा की भांति युग्मदीय तम्हकरको युग्मकेर युष्मकायक, युष्मे+कायक् से मानी है। डा० भोलानाथ ने इसका विकास क्रम इस प्रकार बनाया है —

क युग्मकामक (स० कल्पित रूप)>तुम्हकारको>तुम्हारउ तुम्हारा

ख तुम्केरो>तुम्हएरा>तुम्हअरा>तुम्हारा। मरे विचार म इसका विकास स० युग्मदीय रूप से ही है क्योंकि स० ईय (सार्वनामिक अस्मद्‌-युग्मद मे) प्रत्यय का अप० म डार आदेश होकर तुम्हार' रूप सिद्ध होता था। इसी तुम्हार से तुम्हारा' रूप हिन्दी म प्रचलित हुआ है। यहा प्रश्न उपस्थित होता है डार' का विकास अप० म कम हुआ। मरे विचार म अप० म ड स्वार्थे प्रत्यय का बाहुल्य था। इसी के प्रभाव से डार विकसित हुआ होगा। हिन्दी स्त्री० सबध म तुम्हारी रूप हि० स्त्री० वा० प्र० ई० के योग स बनता है।

तेरे तुम्हारे— इन रूपो का विकास भी युग्मदीय+डार त० एक वचन त० युग्मदीयेन अप० तुहारएण[1] हि० तारे तेरे तुम्हारे आदि के रूप म हुआ है। राज० भाषा म थारे थांर रूप प्रयुक्त होत है। राजस्थानी

---

1 मदते काद तुहारेण ज मगना त मिनिजइ

भाषा में ये रूप संबंध एवं सम्प्रदान में प्रयुक्त होते हैं । वस्तुतः पालि में ही चतुर्थी 'षष्ठी का व्यत्यय प्रारंभ हो गया था । हिन्दी में भी ये रूप सम्प्रदान संबंध में प्रयुक्त होते हैं ।

३ १ ३ अन्य पु० (संकेत वाचक) निकटवर्ती यह—इसका उद्भव स० एतद्' सर्वनाम के प्र० वि० के एक वचन पु० रूप एष से हुआ है । स० एष पालि काल में 'एहो में परिवर्तित हुआ है । प्राकृत काल में 'एस में विकसित हुआ । अप० में यह सर्वनाम 'एहो के रूप में पालिवत् रहा । हिंदी भाषा में यह 'एह' 'यह' रूप में विकसित हुआ है । इलाहाबाद आदि क्षेत्रों में आज भी 'यह' उच्चरित न होकर एह' ही होता है ।

राज० भाषा० में अन्य पु० (संकेत वा०) पु० ए० व० में ओ (यो) स्त्री० लिं० में आ (या) रूप प्रयुक्त होते हैं । हिन्दी भाषा में जहां अन्य पु० सर्वनाम यह स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग में समान है वहां राजस्थानी में लिंग भेद है । इससे राजस्थानी भाषा में संस्कृत की अन्य पु० सर्वनाम की परम्परा अक्षुण्ण रहने का संकेत मिलता है । संस्कृत में भी इन सर्वनामिक रूपों में लिंग भेद था । इनका विकास क्रम इस प्रकार है —

ओ (यो) स० एष पा० एसो प्रा० एहो अप० एसो एहु रा० उउ ओ० (यो)
आ (या) स एषा पा० एसा प्रा० एस एसा[1] अप० एह रा० एअ आ (या)

ये—इसका उद्भव स० एतत् के पु० प्र० वि० बहु० व० के रूप एते' से हुआ है । एते पालि काल में एते' (प्र द्वि बहु व) ही रहा । प्रा काल में यह एते, एद रूप में विकसित हुआ । अप काल में यह 'एइ' (प्र द्वि ब वचन) रूप में प्रयुक्त होता था ।[2] यथा— एइ ति घोड़ा एह थलि' (३३०/४) हि भाषा में ऐइ>ए ये (श्रुत्यागम) रूप में प्रयुक्त होता है । डा सुनीतिकुमार ने इसकी व्युत्पत्ति स एतत् के करण कारक बहु व

---

१ एतद् सा वो स्व वा प्राकृत प्रकाश वररुचि ६/१६

२ ऐइर्जश्शसो अप० व्याकरण ३६२

प्रा० इस (नपु०) हि० इन। इन्ह में 'ह' का आगम 'तुम्ह' तुम्हह के सादृश्य पर हुआ है।

११४ अय पु० (संकेत वाचक) दूरवर्ती—वह

इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में भाषाविदों में मतैक्य नहीं है। हिन्दी वैयाकरण प० कामताप्रसाद एवं प० किशोरीदास वाजपेयी इसका विकास स० वद् के प्रा० ए० व० रूप स' से मानते हैं। प० किशोरीदास के अनुसार इसका विकास-क्रम इस प्रकार है—स० स प्रा० सो>ओस (वर्ण-व्यत्यय)> ओह>वह।

वैयाकरणों की यह मान्यता सगत नहीं क्योंकि भा० आ० भा० की विशेषताओं के अनुरूप ऐसा वर्ण-व्यत्यय (सो>ओस) सम्भव नहीं। दूसरा पा० प्रा० एवं अपभ्रंश में इसका इस रूप में प्रयोग भी प्राप्त नहीं होता। ट्रम्प ने प्रा० इ से (स० मूल स्व) कैलाग ने इ (इम) के सादृश्य पर कल्पित उ (उम) कल्पित रूप से, डा० उदयनारायण ने स० असौ एव डा० सुनीतिकुमार व डा० भोलानाथ ने मूल भारतीय भाषा के अव रूप से इसका सम्बन्ध जोड़ा है। उक्त मतों में ट्रम्प एव कैलाग का मत सर्वथा त्याज्य है। डा० सुनीतिकुमार एवं डा० भोलानाथ के अनुसार इसका विकास क्रम इस प्रकार है—मूल अव> भारत-ईरानी मूल अव स० अव (प्रथमा एक व०)>पा० अवो>प्रा० वो> अप० वो ओ ओउ आ० प्राचीन हि० वहु हि=वह। डा० भोलानाथ आदि की यह मान्यता सगत नहीं। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित तर्क हैं—प्रथम तो स० प्रा० अप० तक ऐसे रूप (अव, अवो आदि) उपलब्ध नहीं होते। स्वयं डा० तिवारी का कहना है कि पूरी स्थिति पर दृष्टि डालने पर ऐसा लगता है कि वैदिकी संस्कृत पालि प्राकृत में इसके प्रयोग साहित्य में प्रायः नहीं हुए किन्तु जन भाषा में वे न्यूनाधिक रूप में प्रयुक्त होते रहे। वदिक ग्रंथो के बाद अप० में इसके रूप दिखाई पड़ते हैं— ओइ। जइ पुच्छइ घर ता बड्डा घर आन्न।

भाषा म य रूप सबध एव सम्प्रदान म प्रयुक्त होते है। वस्तुत काल म ही चतुर्थी 'षष्ठी का व्यत्यय प्रारभ हो गया था। हिन्दी म भी य रूप सम्प्रदान सबध मे प्रयुक्त होते है।

३ १ ३ अन्य पु० (सकेत वाचक) निकटवर्ती यह—इसका उद्भव स० एतद् सवनाम के प्र० वि० के एक वचन पु० रूप एष से हुआ है। स० एष पालि काल म 'एहो म परिवर्तित हुआ है। प्राकृत काल मे 'एस म विकसित हुआ। अप० मे यह सवनाम 'एहो के रूप मे पालिवत् रहा। हिन्दी भाषा मे यह 'एह' 'यह' रूप म विकसित हुआ है। इलाहाबाद आदि क्षेत्रो म आज भी यह' उच्चरित न होकर एह' ही होता है।

राज० भाषा० म अन्य पु० (सकेत वा०) पु० ए० व० म ओ (यो) स्त्री० लि० में आ (या) रूप प्रयुक्त होते हैं। हिन्दी भाषा म जहा अन्य पु० सर्वनाम यह स्त्रीलिंग एव पुल्लिग म समान है वहा राजस्थानी म लिंग भेद है। इससे राजस्थानी भाषा म सस्कृत की अन्य पु० सवनाम की परम्परा अक्षुण्ण रहने का सकेत मिलता है। सस्कृत म भी इन सर्वनामिक रूपो म लिंग भेद था। इनका विकास क्रम इस प्रकार है—

ओ (यो) स० एष पा एसा प्रा० एहो अप० एसो एहु रा० ऊउ आ० (यो)
आ (या) स एषा पा० एसा प्रा० एस एसो[1] अप० एह रा० एग्र आ (या)

ये—इसका उद्भव स० एतत् के पु० प्र० वि० बहु० व० के रूप एते' से हुआ है। एते पालि काल म एते' (प्र द्वि बहु व) ही रहा। प्रा काल म यह एत, एद रूप म विकसित हुआ। अप काल म यह 'एइ (प्र द्वि ब वचन) रूप म प्रयुक्त होता था। यथा— एइ ति घोड़ा एह थलि' (३३०/४) हि भाषा मे ऐइ>ए य (श्रु यागम) रूप म प्रयुक्त होता है। डा सुनीतिकुमार ने इसकी व्युत्पत्ति स एतत् के करण कारक बहु व

---

१ एतद् सा वो त्व वा प्राकृत प्रकाश वररुचि ६/१६
२ ऐइर्जस्शसो अप० व्याकरण ३६३

प्रा० इए (नपु०) हि० इन । इह में 'ह' का आगम 'तुम्ह' 'तुम्हह' के सादृश्य पर हुआ है ।

२.१४ अन्य पु० (संकेत वाचक) दूरवर्ती—वह

इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में भाषाविदों में मतैक्य नहीं है। हिन्दी वैयाकरण पं० कामताप्रसाद एवं पं० किशोरीदास वाजपेयी इसका विकास सं० तद् के प्र० ए० के रूप 'स' से मानते हैं । पं० किशोरीदास के अनुसार इसका विकास-क्रम इस प्रकार है—सं० स प्रा० सो > ओस (वर्ण-व्यत्यय) > आह् > वह् ।

वैयाकरणों की यह मान्यता संगत नहीं क्योंकि भा० आ० भा० की विशेषताओं के अनुरूप ऐसा वर्ण-व्यत्यय (सो > ओस) सम्भव नहीं । दूसरा पा० प्रा० एवं अपभ्रंश में इसका इस रूप में प्रयोग भी लब्ध नहीं होता । ट्रंप ने प्रा० ह सें' (सं० मूल स्व) बलाग ने इ (इम) के सादृश्य पर कल्पित उ (उम) कल्पित रूप से, डा० उदयनारायण ने सं० असौ एवं डा० सुनीतिकुमार व डा० भोलानाथ ने मूल भारोपीय भाषा के अव रूप से इसका सम्बन्ध जोड़ा है । उक्त मतों में टम्प एवं बलाग का मत सर्वथा त्याज्य है । डा० सुनीतिकुमार एवं डा० भोलानाथ के अनुसार इसका विकास क्रम इस प्रकार है—मूल अव > भारत-इरानी मूल अव सं० अव (प्रथमा एक व०) > पा० अवो > प्रा० वो > अप० वा, ओ आउ ओइ प्राचीन हि० वहु हि०—वह । डा० भोलानाथ आदि की यह मान्यता संगत नहीं । इस सम्बन्ध में निम्नलिखित तर्क हैं-प्रथम तो सं प्रा० अप० तक ऐसे रूप (अव, अवो आदि) उपलब्ध नहीं होते । स्वयं डा० तिवाड़ी का कहना है कि 'पूरी स्थिति पर दृष्टि डालने पर ऐसा लगता है कि वैदिकी संस्कृत पालि, प्राकृत में इनके प्रयोग साहित्य में प्राय नहीं हुए किन्तु जन भाषा में वे न्यूनाधिक रूप में प्रयुक्त होते रहे । वैदिक अवो के बाद अप० में इसके रूप दिखाई पड़ते हैं— ओह । जइ पुच्छइ घर तो वड्डा घर ओइ।

दूसरे वैदिक काल से स० पा० प्रा० तक ये रूप प्रयुक्त नहीं हुए एवं अप० में ओइ रूप में प्रयुक्त होने लग सर्वथा असंगत है। अप० आई सं० अमूनि प्रा० अमूइ अप० आइ का विकसित रूप है न कि अव का ओइ एवं इसका प्रयोग भी प्रा० अप० में प्रथमा बहुवचन में ही होता था।

तीसरे म० काल में उ, ऊ>आ >अव अथवा अव>'ओ में परिवर्तित होता था। मूल भारतीय का 'अव का पा० आदि तक 'अव रूप में ही चला आना सम्भव नहीं। मेरे विचार में इसका विकास क्रम सं० अदस (वह) के प्रथमा एक व० के रूप 'असौ से ही मानना उचित है। इसकी विकास परम्परा भी उपलब्ध है। स० असौ पा० काल में असु अमुको रूप में प्रयुक्त होता था। यथा—असु पुरिसो असु इत्थी। प्रा० काल में यह अह' रूप में प्रयुक्त होता था।[1] डा० भोलानाथ ने मान्यता व्यक्त की है कि प्राकृत में अह का प्रयोग भी संदिग्ध है। पर यह संगत नहीं क्योंकि प्राकृत भाषा एवं साहित्य में अह का प्रयोग स० अदस (वह) के स्थान पर प्रयुक्त होता था।[2] अप० काल में अह अहु प्र० एक वचन में प्रयुक्त होता था।

हिंदी में यही अहु >वहु > (उ के कारण व का आगम) वह रूप में प्रयुक्त होता है।

राजस्थानी भाषा में दूरवर्ती पु० ए० व० में वो' एवं स्त्री० में 'वा प्रयुक्त होता है। इनका विकास क्रम इस प्रकार है—

स० असौ पा० असु प्रा० अह अप० अहु वहु राज० वोट वउ> ओ) वो। स्त्री० में वा का प्रयोग अन्य पु० निकटवर्ती स्त्रीलिंग (आ) का प्रभाव है क्योंकि स० पा० प्रा० अप० में इन रूपों में (प्र० एक वचन) पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग में भेद लक्षित नहीं होता।

वे—इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में भाषाविद् मतैक्य नहीं है। वैयाकरण

---

१ इदम् भी प्राकृत प्रकाश वररुचि

२ वही ३/२५ वही

बामताप्रसाद इसका सम्बन्ध म० म से ही जोड़ते हैं जो सर्वथा असंगत है क्योंकि स का विकसित रूप इस प्रकार है ।

स० स पा प्रा० अप० सो सु । अतः इससे वे की व्युत्पत्ति नहीं मानी जा सकती । डा० सुनीतिकुमार कल्पित रूप अव के करण कारक अवेहि से इसकी व्युत्पत्ति मानते हैं । यह भी संगत नहीं क्योंकि म० पा० प्रा० अप० में ऐसा प्रयोग लक्ष ही नहीं होता । डा० वर्मा इसकी व्युत्पत्ति संदिग्ध मानकर मौन हो गये हैं । डा० उदयनारायण इसकी व्युत्पत्ति स० एभि प्रा० एहि अप० अहि द्वि० वचन से ही व का सम्बन्ध जोड़ते हैं । यह मान्यता भी असंगत है क्योंकि व्याकरणिक परम्पराओं में अइ>ए>ये सम्भव है व नहीं । दूसरा इ>ए>ये । उ>ओ>वा । भारतीय भाषाओं की परम्परा रही है अतः ए से य ही सम्भव है व नहीं । डा० भोलानाथ ने डा० चटर्जी के मत में अपनी सहमति व्यक्त की है एवं इसका विकास इस प्रकार बताया है म० अवभि>अवहि>अवइ>वऊ>व । साथ ही डा० भोलानाथ ने म० एत से हि० ये के साम्य पर वे घोड़े लड़के आदि के 'ए' के सम्पर्क से व की भी सम्भावना की है । ये मान्यताएं मात्र कल्पना प्रसूत एवं मस्तिष्क का व्यायाम मात्र है । पुष्ट प्रमाण युक्त नहीं । जैसा कि लिखा जा चुका है कि अव रूप का करण कारक अवभि स०, पा० प्रा० अप० में कहीं भी लक्ष नहीं होता । अतः केवल सम्भावना करना संगत नहीं । मेरे विचार में इसका विकास स० के अदस् (वह) सर्वनाम के प्र० ब० रूप अमूनि से हुआ है । अमूनि प्रा० काल में अमूइ रूप में प्रयुक्त होता था ।[1] अप० काल में असंयुक्त मध्यवर्ती म व में परिवर्तित हुआ एवं 'वऊ गुण में परिवर्तित होकर अऊइ> ओइ रूप में प्रयुक्त होने लगे ।[2] हि० भाषा में ओइ वोइ>वै, व (ये के साम्य पर) रूप विकसित हुआ है ।

---

१ देखिये—प्राकृत भाषाओं का रूप दर्शन नेमिचन्द्र पृ० १३९ ।

२ अगले पृष्ठ की पाद टिप्पणी संख्या २ देखिये ।

राजस्थानी भाषा में अ य पु० पुलिंग एवं स्त्रीलिंग बहुवचन मे 'वं' रूप प्रयुक्त होता है। इसका विकास क्रम इस प्रकार है—स० अमूनि प्रा० अमूइ अप० ओइ रा० वोर वोइ वै व।

उस—इस सवनाम की व्युत्पत्ति भी विवादास्पद है। प० किशोरीदास इसकी व्युत्पत्ति स स से मानते हैं परयह सवथा असगत है क्योंकि स का विकास क्रम अपभ्रश काल पर्यन्त स सो>सु रूप म लब्ध है। केलाग इस' के सादृश्य पर उस । विकास मानते है। डा० वर्मा इसकी व्युत्पत्ति सदिग्ध मानते हैं। डा० श्यामसुन्दरदास न इसकी व्युत्पत्ति स० 'अमुष्य' से मानी है एव डा० भोलानाथ व डा० उदयनारायण ने इसी मत म अपनी सहमति व्यक्त की है। डा० श्यामसुन्दरदास न इसका विकास क्रम इस प्रकार बताया है—स० अमुष्य पा० अमुस्य प्रा० अमुस्म हि उस। मेरे विचार म भी स० अमुष्य (अदस षष्ठी एक वचन) से ही इसकी व्युत्पत्ति सभव है। पालि काल में अमुष्य का अमुस्स रूप चतुर्थी एव षष्ठी एक व० से प्रयुक्त होना एव अप० काल म अउस्स रूप लब्ध नही होता। इसका कारण उपभ्रश म तसु (स० तस्य) का अधिक प्रयोग ही हो सकता है। हिन्दी भाषा म अउस्स> उस रूप विकसित हुआ है। उसे म ए का आगम (अप० तुम्ह तुम्हइ आदि) सवनामों के सादृश्य पर ही हुआ है। राजस्थानी भाषा म वन वोन उवानें वात आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। इनम न अनुनय है एव शेष रूपो की व्युत्पत्ति दी जा चुकी है।

उन, उन्ह—उन सवनाम की व्युत्पत्ति के सम्बध म भाषावि० मतक्य नही है। वैयाकरण प० किशोरीदास इसम न का आगम स० के बहुवचनान्त रूप में प्रयुक्त न (रामान् सति भवति आदि) का प्रभाव मानत हैं। यह सवथा असगत है क्योंकि ऐसा प्रभाव विकास क्रम को देखते हुए सभव

---

२ क माउननासिको वो वा /३६७/ अप० व्याकरण
स प्रश्न पाद /३६४/ वही

नहीं। डा० वर्मा इसकी व्युत्पत्ति सदिग्ध मानकर मौन हो जाते हैं। डा० उदयनारायण ग्रमुष्याम् (ग्रदस सप्तमी एक वचन) से इसका सम्बध जोडत ह। उनके ग्रनुसार इसका विकास क्रम इस प्रकार ह—ग्रमुष्याम्▷ग्रमूनाम▷ ग्रमुण>उण्ह▷उन। डा० उदयनारायण का यह विचार सगत नही क्योंकि स्त्रीलिंग 'ग्रमुष्याम् से इसकी व्युत्पत्ति सम्भव नहीं एव इस रूप म प्राकृत ग्रपभ्रश म इसका प्रयोग भी उपलब्ध नही होता। डा० भोलानाथ ने स० ग्रमूना, ग्रमूनि ग्रमून, ग्रवाना (स० कल्पित रूप) से इसका सम्बन्ध जोड़ा है। जिन, तिन किन के सादृश्य पर भी 'उन का विकास मानते हैं। साथ ही भोलानाथ ग्रमून एव ग्रवाना से इसकी सर्वाधिक सम्भावना मानते हैं। उन्होंने ग्रमून एव ग्रवाना से उन' का विकास इस प्रकार बताया है—

स० ग्रमून (द्वि० ब० व०) प्रा ग्रमूणा > ग्रउण> उण्ह> उन

स० ग्रवाना> ग्रमुण> ग्रनुण> उण्ह> उन।

डा० भोलानाथ की मान्यताव सगत नही क्योंकि 'ग्रमून का लब्ध (भाषा और साहित्य म) विकसित रूप इस प्रकार है स० ग्रमून् पा० ग्रमूया प्रा० ग्रमूग्रा ग्रप० ग्रऊग्रा ऊग्रा। डा० तिवाडी द्वारा बताया गया विकास क्रम कल्पित' है। मेरे विचार म 'ग्रदस सर्वनाम क करण-कारक एक वचन के रूप ग्रमूना' स इसका सम्बन्ध जोडना सगत होगा। इसका विकास-क्रम इस प्रकार है—

स० ग्रमूना पा० ग्रमूना प्रा० ग्रउण ग्रप० उण हि उन। उन्ह म ह/ए का ग्रागम ग्रप० तुम्ह तुम्हइ ग्रादि सर्वनामो क सादृश्य पर हुग्रा है। राजस्थानी भाषा में उण का प्रयोग होता है। इसका विकास इस प्रकार ह— ग्रमूना पा० ग्रमूना प्रा० ग्रउण ग्रप० उण रा० उण। प्राकृत काल म ही न ध्वनि ण म परिवर्तित हो गई थी। ग्रप० म भी यही परम्परा रही। पर हिन्दी ग्रादि म पुन ण> न म परिवर्तित लक्षित होता है जबकि राजस्थानी ग्रादि म ण' ही रहता ह यथा हि० किन राज० किण

हि उन राज० उग आदि ।

उन्होने – इस सावनामिक रू में 'ने' तो स्पष्टत अनुसग ह एव 'उन्हो' उन का कम कारक रूप है । इस ओ का विकास सज्ञा विकारी बहु वचन रूप बालको घोडो के –ओ– के सादृश्य पर हुआ ह । जिसका विकास क्रम दिया जा चुका ह ।

३ १ ५ आदर वाचक एव निज वाचक आप, अपना अपने—

इन रूपो का सम्बध स० के 'आत्मन्' शब्द क रूपो से ह । स० काल में आत्मन् शब्द प्र० एक वचन म आत्मा रूप म प्रयुक्त होता था । पालि काल में आत्मा रूप अत्ता रूप म प्रयुक्त होता था । प्राकृत काल म अत्ता शब्द अत्पा रूप मे प्रयुक्त होता था । वररुचि ने इसका सकेत किया है।[1] यहाँ यह प्रश्न उपस्थित होता ह कि स आत्मा पा अत्ता तो सम्भव पर अत्ता से अप्पा रूप सभव नही उत्तर-स्वरूप कहा जा सकता है कि प्रा० काल म अनेका शब्द अशिक्षित लोगो द्वारा अशुद्ध रूप म प्रयुक्त होते थे एव प्रयोगाधिक्य से वे ही शुद्ध माने जाने लगे। अत्ता से अप्पा भी इसी का प्रभाव ह । अप० काल म अप्पु अप्प रूप विकसित हुए एव हिन्दी मे यही 'आप के रूप म प्रयुक्त होता ह । 'अपना का सम्बन्ध स० आत्मान (आत्मन् प्र० बहु वचन) से हैं । आत्मान शब्द प्राकृत काल म अप्पाणो रूप म प्रयुक्त होता था ।[2] अप० काल मे यह अप्पणु अप्पणा रूप म प्रयुक्त होता था यथा— जो गुण जोवइ अपपणा पयडा करउ परस्सु

दुरुडाँणे पडिउ खनु अप्पणु जणु मारेइ । हिन्दी म यह 'अपना रूप में प्रयुक्त होता है । अपने का सम्बध 'आ मना से ह । प्रा० काल म यह अपपणे रूप म प्रयुक्त होता था यथा—

---

१ आत्मनिप वररुचि ३/४२

२ आत्मानो अप्पाणो वा वर रुचि ५/४५

३ टाणा वररुचि ५/४२

यह रिउग्हिरे उरट्वइ अह अप्पणो नमन्ति (स० अय रिपु रुधिरेण अन्यानि अथ आत्मना न अमन्ति। हि० म यह अप्पणो>अपने रूप म प्रयुक्त होता है।

स्टीवन्सन इसकी व्युत्पत्ति द्रविड शब्द 'आव' से मानते हैं पर यह सर्वथा असगत है क्योंकि भारतीय भाषाओं मे प का व ता उपलब्ध होता है। व का 'प' नहीं। डा० भोलानाथ अर्थभेद के कारण आप' का सम्बन्ध स० आत्मा' (आत्मन्) से नहीं जोडते। उनका कथन है कि इसके साथ आदर का भाव नहीं है जिसके आधार पर आदरार्थी आपका इसके साथ सम्बद्ध किया जाय। ऐसी स्थिति म आत्मन को इसका स्रोत नहीं माना जा सकता। उन्होंने स० भवम् आप्त एव तेलगु अप्पा से इसका सम्बन्ध जोड़ा है। पर इसका तीनो से सम्बन्ध युक्ति-युक्त प्रतीत नहीं होता।

भवान से आप सर्वथा भ्रान्त है क्योंकि स० भ मध्य काल म ह म परिवर्तित हुआ है एव मध्यवर्ती य' लुप्त हुआ है। अत यह विकास असम्भव है। आप्त से आप मानना भी भ्रान्त है। आप्त' का अर्थ प्रामाणिक है फिर यह आदर म कैसे प्रयुक्त हुआ? असम्भव प्रतीत होता है। तेलगु अप्पा से हिन्दी आप सगत नहीं क्योंकि भारतीय भाषाओं म एक भी सर्वनाम विदेशी भाषाओं से आगत नहीं है। उनका सीधा सम्बन्ध सस्कृत से है। जहा तक अर्थ का सम्बन्ध है आप' आज भी हिन्दी म निज वाचक (स्व-वाचक) रूप म भी प्रयुक्त होता है यथा मैं अपने आप जाऊगा।

आप' का प्रयोग अपभ्रश काल तक निज वाचक रूप म ही होता था। प्रा० हिन्दी काल मे यह निज वाचक एव आदर वाचक दोनो ही रूपो म प्रयुक्त होने लगा।

राजस्थानी म आप अपणो आपणा आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। इनका सम्बन्ध भी स० आत्मन (आत्मा) एव आत्मान से है यथा—

---

१ पो व वररुचि

म० आत्मा पा० अत्ता प्रा० अप्पा अप० अप्प अप्पु रा० आप
स० आत्मानं प्रा० अप्पाणो अप० अप्पणु राज० अपणा आपणो।

३१६ प्रश्नवाचक - कौन'— इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध मे भाषाविदो मे मतैक्य नही है वैयाकरण प० कामताप्रसाद 'क' से इसका सम्बन्ध जोडते है। डा० श्यामसुन्दरदास भी इसी से इसका सम्बन्ध मानते हैं। पिशेल म० कुवपथ, कवाग्नि प्रा० कवटिठ्य के समान इसे बनाते हैं। हानले केवदु' से इसका सम्बन्ध मानते हैं। ट० चटर्जी डा० वर्मा एव डा० उदयनारायण स० को पुन >प्रा० को उण कउण, कउन>कौन के रूप मे इसका विकास मानते हैं। डा० भोलानाथ भी इसी विचार के समर्थक हैं। मेरे विचार मे इसका विकास अपभ्रंश के कवण' रूप से हुआ है। अपभ्रंश से पूर्व स० किम् के को के कैश आदि रूप प्रयुक्त होते थे। अपभ्रंश काल मे किम् के स्थान पर विकल्प से काई एव 'कवण' रूप प्रयुक्त होने थे। हेमचन्द्र ने इसका उल्लेख किया है— किम काई कवणौ वा (३६७ अप० व्याकरण) अर्थात् किम् के रूपो का प्रयोग था पर इनके स्थान पर कवण कवणेन आदि विभक्ति के अनुरूप भी दूसरे स्थान पर प्रयुक्त किये जाते थे यथा—

फोडेंति जे हिअडउ ताई पराई कवण घणा। किम् के रूप भी प्रयुक्त होते थे यथा— बिहि वि पयारेहि गइअ गण कि गज्जहि खल मह।' प्राचीन हिन्दी तक आते-आते जो रूप (कवण आदि) विकल्प से प्रयुक्त होते थे मुख्य रूप मे प्रयुक्त होने लगे एव किम् (क, का, किम्) के स्थान पर कवण ही प्रयुक्त होने लगा एव कवण से कउन>कौन विकसित हुआ है। अब प्रश्न उपस्थित होता है कि कवण का सम्बन्ध सस्कृत के किस रूप से जोडना चाहिए। नवीन शोध जब तक नही हो जाते तब तक हम को पुन' से ही इसका व्युत्पन्न समझकर सन्तुष्ट होना चाहिये।

राजस्थानी भाषा मे कुण कूण' रूप प्रयुक्त होता है। इसका विकास इस प्रकार है—प्रा० कवण>राज० कउण (अ+उ = उ)कुण, कूण।

-क्या—प० कामताप्रसाद सं० किम>प्रा०_किम् हि०-क्या रूप मे इसका विकास मानते हैं पर यह मान्यता असगत है एव भारतीय भाषाओ के ध्वनि परिवर्तन नियमो के अनुरूप नहीं है। डा० वर्मा इसकी व्युत्पत्ति संदिग्ध मानकर मौन हो जाते हैं। प्लाटस स० कीदृश से इसका सम्बन्ध जोडते हैं। डा० भोलानाथ ने स० कस्य से इसका सम्बन्ध जोडा है। उनके अनुसार इसका विकास क्रम इस प्रकार है—

सं० किस्य पा० किस्स प्रा० किस्स और किस्सा>कीआ>क्या

यह विकास क्रम भी सगत एव प्रमाण प्रसूत नही क्योकि सस्कृत कस्य (किम् षष्ठी एक वचन) प्राकृत काल मे कस्स कास रूप में प्रयुक्त होता था। विकल्प से किस्स, कीसे कीआ, कीए कीस, कीइ आदि रूप भी प्रचलित थे।[1] अप० काल मे कस्य कस्या (प्रा० कस्स, कस्सा) रूप क्रमश कासु कहे रूप म प्रयुक्त होते थे यथा—जीविउ कासु न वल्लहउ धणु पुणु कासु न इट्ठु' तथा कहे केरउ (कस्या कृते) पश्चिमी हिन्दी म यही कासु काहु रूप में विकसित हुआ है यथा—'काहु की अखियां रसीली मन भाइ अत कस्य' से इसका सम्बध नही जोडा जा सकता है।

मेरे विचार से इसका सम्बध स० किन्नु' किमु निपात से मानना चाहिए। प्राकृत काल मे ये निपात किणो, किमु रूप में प्रश्नवाचक अथ मे प्रयुक्त होता था।[2] अप० काल में यही किउ रूप मे प्रश्नवाचक अर्थ म प्रयुक्त होता था। हिन्दी मे यह किउ>क्यू, क्यों, क्या रूप मे विकसित हुआ है। राजस्थानी मे क्यू क्या रूप प्रचलित है। इसका विकास क्रम इस प्रकार है सं० किन्नु किमु प्रा० किणो, किमु अप० किउ राज० क्यू क्यों।

---

१ क इदम्य कसा से ६/६ वररुचि

ख टाडस् डीनामिवेदवात ५/२२ वही

२ किणो प्रश्ने ९/९ वररुचि

किस, किसे— लगभग सभी विद्वान भाषाविद इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में एक मत है। बीम्स, कैलाग, डा० चटर्जी, डा० वर्मा डा० उदय नारायण आदि इसका सम्बन्ध सं० कस्य (किम् षष्ठी एक वचन) से जोड़ा है। डा० चटर्जी एवं डा० उदयनारायण ने इसका विकास क्रम इस प्रकार बताया है—सं० कस्य प्रा० किस्स (कस्स) हि० किस। डा० भोलानाथ ने भी इसी मत में सहमति व्यक्त की है पर वे मूल रूप सं० कस्य न मानकर किस्य मानते हैं। उन्होंने इसमें 'कस्य में) इ' का आगम मूल रूप किम् एवं कि-पुरुष किंशुक, किंकर आदि के आधार पर किम् के रूपों (इ युक्त रूपों का) का बाहुल्य माना है। मेरे विचार में ऐसी कल्पनाएं एवं सम्भावनाएं निरर्थक है। सं० कस्य प्रा० काल में कस्स कास रूप में प्रयुक्त होता था। विकल्प से किस्सा कीसै, कीसा कीए, कीस कीइ रूप भी प्रयुक्त होते थे। प्रा० एवं प्राकृत काल में रूपों में अ के स्थान पर 'इ' के आगम का प्रचार था। अतः इसका विकास क्रम सं० कस्य प्रा० कस्स कीस अप० कासु कीस हि० किस मानना संगत है। किसे में ए का आगम अप० तुम्हइ अम्हइ अइ> ए तुम्हे अम्हे-ए के सादृश्य पर हुआ है। राजस्थानी में यह रूप प्रयुक्त नहीं होता है।

किन— इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में भाषाविदों में मतैक्य नहीं है। बीम्स एवं डा० वर्मा सं० केषां (किम् षष्ठी बहुवचन) के स्थान पर बालाकानाम् आदि के सादृश्य पर 'काना' रूप की कल्पना कर इसी से इस का विकास मानते हैं—सं० कानां>प्रा० केणां हि० किन्। डा० उदयनारायण ने सं० केषाम् प्रा० काण किण हि० किन माना है। डा० भोलानाथ सं० कल्पित रूप किषानाम् (केषाम् के स्थान पर) एवं केषानाम् (कल्पित रूप) पा० केशान प्रा० केण, केण अप० किण हि० किन के रूप में इसका विकास मानते हैं। मेरे विचार में उपर्युक्त मत संगत नहीं है। डा० वर्मा एवं बीम्स 'कानां' रूप की कल्पना करते है। ऐसे रूप कहीं लब्ध नहीं होते अतः निरर्थक

यत्ना मशाहनीय है। डा० उ यनारायण । केपाम् से इसे व्युत्पन्न मानना भी संगत नहीं क्योंकि प्राकृत काल में केपाम् का 'कति' रूप सम्प होता है न कि काण। डा० भोलानाथ ने भी सं० कल्पित रूप किपाणाम् एवं केयानाम् से इसकी व्युत्पत्ति बताई है। यह भी सर्वथा असंगत एवं प्रमाण रहित है। इस प्रकार तो किसी भी रूप की कल्पना की जा सकती है। मेरे विचार में इसका विकास संस्कृत किम् के तृतीया एक वचन के रूप 'केन' से हुआ है। सं० केन प्रा० काल में केण रूप में प्रयुक्त होता था। इसके स्थान पर विकल्प से किणा' रूप भी प्रयुक्त होता था। अप० काल में यह किणा>किण रूप में प्रयुक्त होता था। हिन्दी में किन>किन रूप में प्रयुक्त होता है। राजस्थानी में यह 'किण' रूप ही में प्रयुक्त होता है। इसका विकास क्रम इस प्रकार है—सं० केन प्रा० केण, किणा अप० किण हि० किन राज० किण। किन्हें में ह/ए का आगम जैसाकि कि लिखा जा चुका है कि अप० काल का क्रम की विभक्ति अइ >ण (तुम्हइ, अम्हइ) ह (तुम्ह, अम्ह) के सादृश्य पर हुआ है।

३।३ सम्बन्ध वाचक सर्वनाम 'जो'—

इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध मे सभी भाषाविदो मे मतैक्य है। इसका विकास सं० य प्रा० काल मे जो रूप म परिवर्तित हो गया था।[1] यद्यपि वैदिक काल म भी यह प्रक्रिया थी पर इतनी विकसित नहीं थी। प्राकृत मे आकर नियम बन गई। अप० एवं हिन्दी में यह जो रूप मे ही प्रयुक्त होता है। हिन्दी में इस सर्वनाम में लिंग भेद नहीं है।

राजस्थानी भाषा म जको, जका, जकी, जो, ज्यारो ज्यांरी आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। इनका विकास भी सं० य से ही हुआ है एवं इनमें राज० सम्बन्ध कारकीय परसर्ग संलग्न है।

---

१ आदेर्योज वररुचि प्रा० प्र०

जिस—इसकी व्युत्पत्ति भी विवादास्पद नहीं है। इसका विकास सं० यस्य पा० यस्य प्रा० जस्स, जास। वैकल्पिक रूप जिस्सा, जासे, जीम्रा जीण जीम्र अप० जासु हि० जिस्सा, जीसे>जिसके रूप मे हुआ है।

'तिस' म 'ए' का आगम अन्य सार्वनामिक रूपों की भांति ही हुआ है।

जिन - इस सार्वनामिक रूप की व्युत्पत्ति विवाद मुक्त है। डा० चटर्जी, डा० वर्मा बीम्स स० येषा (षष्ठी बहुवचन) के स्थान पर बालकानां आदि रूपो के सादृश्य पर यानां रूप की कल्पना करते हैं। स० यानां प्रा० जाण हि० जिन पर यह मान्यता असंगत है। यदि ऐसा होता तो पाणिनि वररुचि या हेमचन्द्र अवश्य उल्लेख करते। दूसरा ऐसे रूप कहीं लब्ध नही होते डा० उदयनारायण एव डा० भोलानाथ सं० येषाम् (षष्ठी बहु वचन) से इस का सम्बन्ध जोड़ते हैं। डा० भोलानाथ ने इसका विकास क्रम इस प्रकार बताया है—स० येषाम् पा० येसान प्रा० जाण, जाण>जिण>जिन। डा० उदयनारायण करण के बहु वचन रूप येभि, जेहि का इस पर प्रभाव मानते हैं। मेरे विचार में यह मान्यता सगत नहीं क्योंकि येषाम् का प्राकृत रूप जाण, जाण नहीं लब्ध होता। मेरे विचार से इसका विकास स० 'येन' से मानना सगत होगा। इसका विकास क्रम इस प्रकार है— सं० येन पा० येन प्रा० जिणा, जेण अप० जिण हि० जिन। राजस्थानी म यह 'जिण' रूप मे ही प्रयुक्त होता है। 'जिन्हें' में ह/ए का आगम वर्णित पूर्ववर्ती सर्वनामों की भांति ही हुआ है।

३ १ ८ नित्य सम्बन्धवाची—सो'—

इस सर्वनाम की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में प्राय सभी भाषाविद एक मत हैं। इसका विकास सं० स पा०, प्रा०, अप० सो हि सो के रूप मे हुआ है। डा० चटर्जी इसका सम्बन्ध स० सक (काल्पनिक रूप) से जोडते हैं पर यह कोरी कल्पना मात्र है।

११६ अनिश्चयवाचक सर्वनाम कोई –

इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में भी विवाद नहीं है। इसका विकास स० कोऽपि (कोई भी) प्रा० कोवि अप० कोइ हि० कोई के रूप में हुआ है। राजस्थानी भाषा में भी कोई रूप ही प्रयुक्त होता है।

कुछ – इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में भाषा वैज्ञानिकों में मतैक्य नहीं है। बीम्स कवित (क्त्+चित्) रूप की कल्पना कर इसका सम्बन्ध इसी से जोड़ते हैं। स० में ' चित् रूप है। दूसरा यह 'कोई' अर्थ में प्रयुक्त होता था। अत इससे सम्बन्ध जोड़ना असंगत है। डा० वर्मा स० कश्चित से इस का विकास मानते हैं पर यह संगत नहीं, क्योंकि यह अप० काल तक कोई अर्थ में ही प्रयुक्त होता था। डा० भोलानाथ इसका सम्बन्ध स० किञ्चित् से जोड़ते हैं। उन्होंने इसका विकास इस प्रकार बताया है—स० किञ्चित् प्रा० किं, किछि>किच्छ किछु>कछु>कुछ। मेरे विचार में भी इसका विकास क्रम किञ्चित् से मानना ही संगत है। स० किञ्चित् का कि रूप हम पालि में प्राप्त होता है। किंचि प्रा० काल में किंचि, किछि रूप लब्ध होते हैं। अप० में यह कछु रूप में विकसित हुआ है। यहां यह प्रश्न उपस्थित होता है कि कुछ में उ का आगम कैसे हुआ ? हार्नले एवं डा० चटर्जी इसे 'हुँ> उ बलात्मक निपात का अवशेष मानते हैं। पर यह उचित नहीं। एक तो मुझे अप० में बहुत ढूंढने पर भी किंहु उक उदाहरण ही उपलब्ध नहीं हुए। दूसरा यदि यह मान भी लें तो 'उ में जो अनुनासिकता थी उससे 'कुंछ रूप बनना चाहिए पर ऐसा होता नहीं। अत यह मानना असंगत है। वस्तुत प्रा० किछि अप० में किच्छ कच्छ>कछु रूप में प्रयुक्त हुआ जाता जो कछु से कुछ बना है।

किसी—इसकी व्युत्पत्ति डा० वर्मा ने स० कस्यापि से मानी है। डा० उदयनारायण ने स० कस्यापि से इसका सम्बन्ध मानकर इसका विकास क्रम इस प्रकार दिया है—स० कस्यापि>प्रा० कस्स-वि>अप० कस्सइ हि०

किसी । डा० भोलानाथ भी इसी से इसका सम्बन्ध जोडते है पर रूप कल्पित 'किम्यापि मानते हैं । मेरे विचार म डा० भोलानाथ की कल्पना निराधार है । 'किसी' म पूववर्ती इ' का आगम 'इस के सादृश्य पर हुआ है। इसका विकास क्रम इस प्रकार है—स० कस्यापि प्रा० कस्स-वि अप० कासु-इ कस्सइ हि किसी । राजस्थानी भाषा म किसी के स्थान पर कई' रूप प्रयुक्त होता है । इसका विकास क्रम इस प्रकार ह । स० कऽपि प्रा० कवि अप० कइ राज० कइ ।

साकल्य वाचक—'सव'—

इस सावनामिक रूप की व्युत्पत्ति के सम्ब ध म सभी भाषाविद एक मत हैं । इसका विकास स० सव >पा० सब्बो >अप० सब्बु, साहु विकल्प से) सबु हि० सब के रूप म हुआ ह । राजस्थानी भाषा म साकल्य वाची> सावनामिक रूपो म सब का विकास तो सव से ही हुआ ह । सगला का विकास स० सकल से हुआ है । इसका विकास क्रम इस प्रकार ह—स० सकल प्रा० सगल सअल अप० सगलु सअलु रा० सगलो सगला सगली आदि ।[1]

---

१ राजस्थानी सार्वनामिक रूपो के विशद अध्ययन के लिए देखिये लेखक कृत बीकानेरी बोली का भाषा शास्त्रीय अध्ययन ।

चतुर्थ अध्याय

विशेषण प्रकरण

४० प्रा० भा० मा० भा० मस्कृत म विशेषण शब्द अपने विशेष्यानुरूप ही रूप ग्रहण करते थे। कहा भी गया है— यल्लिग यद्वचन या विभक्ति विशेष्यस्य, तल्लिग तद्वचन सव विभक्ति विशेषणस्यापि' अर्थात् विशेष्य का जो लिंग, जो वचन जो विभक्ति होती है विशेषण का भी वही लिंग, वही वचन एव वही विभक्ति होती है। पालि प्राकृत एव अपभ्रंश काल म भी यही परम्परा रही। यथा—सुदरा बालको, सुदरी बालिका, सुदर फल सुन्दरा बालका सुदारयो बालिका सुदरानि फलानि स न्देन बालकेन आनि (पालि)। हिन्दी एव राजस्थानी आदि भाषाओं म यह परम्परा अक्षुण्ण नही रही। इनम कुछ विशेषण तो विशेष्य के लिंग वचनानुरूप परिवर्तित होते हैं एव कुछ नही। इसी आधार पर हम हिन्दी एव राजस्थानी विशेषणो को दो भागो म विभक्त कर सकते है—१ विशेष्य के लिंग-वचन एव कारकानुरूप परिवर्तित विशेषण-पद २ विशेष्य के लिंग वचन एव कारक के अनुरूप न परिवर्तित होने वाले विशेषण-पद। यह प्रश्न उपस्थित होता है कि म० पा०, प्रा० एव अप० म जब विशेष्यानुरूप विशेषण रूपो म परिवर्तन होता था तो हिन्दी म क्यो नहीं ?

अद्यावधि भाषाविदों का ध्यान इस ओर नहीं गया है। मेरे विचार मे इसके मुख्यत निम्नलिखित कारण है—

१ पालि काल म द्विवचन लुप्त हो गया था एव द्विवचन के रूप बहुवचन मे प्रयुक्त होने लगे थे। उसी समय विशेषण के प्रयोग म भी शिथिलता प्रारम्भ हो गई होगी। २ स० क्रिया-रूपो (तिङन्त) पर लिंग का प्रभाव नही पडता था। इसका भी किञ्चित् प्रभाव हो सकता है। ३ अप० काल तक विशेषण के प्रयोग की यह शिथिलता अधिक बढ गई थी। प्राचीन हिन्दी में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। ४ विदेशी भाषाओं का प्रभाव भी पडा।

४ १ हिन्दी एव राजस्थानी विशेषण पदो का इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है—

१— विशेष्य के लिंग—वचन एव कारकानुरूप परिवर्तित विशेषण पद।

२— विशेष्य के लिंग—वचन एव कारक के अनुरूप न परिवर्तित होने वाले विशेषण-पद।

३— तुलनात्मक विशेषण पद—(तरार्थी एव तमार्थी)

४— सख्या वाचक विशेषण पद—

क निश्चित सख्यावाची विशेषण।

१ गणनात्मक विशेषण

२ क्रमवाचक विशेषण

३ आवृत्तिवाचक विशेषण

४ प्रत्येक बोधक विशेषण

५ समुदाय बोधक विशेषण

ख अनिश्चित सख्यावाची विशेषण

५— प्रत्ययान्त विशेषण-पद

६— सार्वनामिक विशेषण-पद

७– समुहता वाचक विशेषण-पद

८– परिणाम वाचक

९– गुण वाचक

१०– समुदाय वाचक

४११ विशेष्य के लिंग—वचन एवं कारकानुरूप परिवर्तित विशेष—ण

इस वर्ग के अन्तर्गत हिन्दी के आकारान्त विशेष्यों के साथ प्रमुख विशेषण आते हैं। इनके मूल एवं विकारी रूप आकारान्त विशेष्य शब्दों (घोड़ा, पाई के समान ही होते हैं, यथा—

विशेषण-पद				विशेष्य-पद			
मूल रूप		विकारी रूप		मूल रूप		विकारी रूप	
एकव०	बहुव०	एकव०	बहुव०	एकव०	बहुव०	एकव०	बहुव०
हरा	हरे	हरे	हरे	घोड़ा	घोड़े	घोड़े	घोड़ों

इन विशेषणों का विकास भी आकारान्त संज्ञा रूपों की भांति ही हुआ है यथा—सं० हरितम् प्रा० हरअ/हरिम अप० हर, हरउ हि० हरा। यहाँ यह ध्यातव्य है कि आकारान्त विशेषण के विकारी बहु वचन के रूप विशेष्य के विकारी बहु वचन के अनुरूप नहीं बदलते अपितु मूल बहु वचन के रूप ही प्रयुक्त होते हैं यथा अच्छे लड़कों, हरे घोड़ों 'हरों घोड़ों' का प्रयोग नहीं होता।

राजस्थानी भाषा में इस वर्ग के अन्तर्गत ओकारान्त विशेष्य पदों के साथ प्रयुक्त विशेषण-पद आते हैं यथा—धोळो घोड़ो धोळा घोड़ा, धोळों घोड़ों। इनका विकास भी राज० ओकारान्त शब्दों की भांति ही हुआ है यथा—सं० धवल घोटक प्रा० धवलो घोडओ अप० धवलउ घोडउ राज० धोळो घोड़ो आदि।

४ १ २ विशेष्य के लिंग—वचन एवं कारक के अनुरूप न परिवर्तित होने वाले विशेषण—

इस वर्ग के अन्तर्गत शेष सभी वर्णांत वाले विशेषण आते हैं जो विशेष्यानुरूप परिवर्तित नहीं होते यथा—मोटी लड़की मोटी लड़कियाँ, खाउ लड़के, खाउ लड़कियाँ आदि।

४ १ ३ तुलनात्मक विशेषण (तरार्थी एवं तमार्थी)—

संस्कृत काल में तुलना के न हेतु तरप् (तर) ईयसुन् (ईयस, तमप (तम) इष्ठन् प्रत्ययों का योग होता था। जब दो की तुलना कर एक को अच्छा या बुरा बताया जाता था तो तरप एवं ईयसुन् प्रत्ययों का योग होता था।[1] यथा—लघुतर, लघीयान्—अयम् अनयो अतिशयेन लघु अर्थात् यह इन दोनों में छोटा है। इसी प्रकार पटुतर पटीयास आदि। जब बहुतों में से किसी एक को श्रेष्ठ बताना होता था तो तमप एवं इष्ठन प्रत्ययों का योग होता था।[2] यथा—लघुतम लघिष्ठ-अयम् एषाम् अतिशयेन लघु अर्थात् यह इनमे सबसे छोटा है।

पालि[3] प्राकृत एवं अप० काल में भी यही स्थिति रही यथा—पापतरो पापतमो पापिस्सिको पापियो पापिट्ठो आदि (पालि)। हिन्दी भाषा में ईयसुन् प्रत्यय का प्रयोग नहीं होता। शेष तीनों प्रत्ययों का प्रयोग होता है। यथा—उच्चतर, उच्चतम। श्रेष्ठ ज्येष्ठ वरिष्ठ, कनिष्ठ आदि। हिन्दी भाषा में ये तीनों प्रत्यय तत्सम शब्दावली के रूप में ही गृहीत हुए हैं। 'तर' प्रत्ययान्त शब्द कुछ विदेशी भाषाओं से भी हिन्दी में आए हैं, यथा—बेहतर, बदतर आदि। उक्त परम्परित तुलनात्मक प्रत्ययों (तरप, तमप इष्ठन) के अतिरिक्त हिन्दी भाषा में 'से' अनुसर्ग के साथ विशेषण शब्द (राम से

---

[1] द्विवचन विभज्योपपदे तरबीयसुनौ ५/३/५७ अष्टाध्यायी

[2] अतिशायने तमबिष्ठनौ अष्टाध्यायी ५/३/५५

[3] तरतमिस्सि कियिट्ठासिये ४/६४ पालि महाव्याकरण

पच्छा -सीता- स मुन्दर) से—कहीं, से अधिक,— से -ज्यादा,—से कहीं अधिक आदि के प्रयोग द्वारा तुलनात्मक भावा की अभिव्यक्ति होती है। इसके अतिरिक्त सख्यावाची विशेषण के द्वारा भी तराथी भाव व्यक्त होता है यथा– दाना उन्नीस-बीस है। राम साहन से इक्कीस है। तमथ को व्यक्त करने क लिए हिन्दी म तमप इस्टा क अतिरिक्त सबसे अधिक बढ चढ़ा, सबसे श्रेष्ठ आदि का प्रयोग किया जाता है।

राजस्थानी भाषा म तत्तम तमप, तरप इयसुन आदि का प्रयाग नहीं होता बल्कि तरार्थी भाव मू अनुराग के साथ कम बेसी घणों आदि ना विशेषण से पूर्व रख जात हैं यथा—इरिया रोम सू घणो पढियोडो है। तरार्थी भाव व्यक्त करने के लिए राजस्थानी में सख्यावाची विशेषण भी प्रयुक्त होन है—यथा राम मोवन सू इक्कीस है। तमथ व्यक्त करन के लिय राज० म सबमें सगळा म सगळा सू आदि का प्रयोग किया जाता है।

४ १ ४ सख्यावाचक विशेषण–

४ १ ४ १ पूर्ण सख्यावाचक विशेषण–

एक इसका विकास स० पु० एक पालि एका प्रा० एग्रो एक्कों, अप० एक्कु हि० एक एवं नपु० स० एकम् पा० एक एम अप० एक्कु हि० एक के रूप में हुआ है। कुछ भाषाविदों की धारणा है कि प्रा० काल म एम बाने पर फिर क हा से आया ? डा० ग्रियर्सन डा० चटर्जी डा० वर्मा डा० तिवाडी आदि इसीलिये इसे अर्ध–तत्सम मानते हैं। डा० भोलानाथ इसे परवर्ती तद्भव मानते हैं। वस्तुत प्राकृत काल मे एक्क एव एम रूप दोनों ही प्रचलित थे। कगचज तद पयव की लोप प्रवृत्ति कारण एम रूप बना दूसरी ओर सेवादियुच् (२/५८) से विकल्प से द्वित्व होन पर सोविन्दुनपुसके से बिन्दु होकर एक्क रूप बना है। अप० म यह एक्कु रूप में ही विकसित हुआ है 'एम' रूप मे नही यथा—एक्कु कइमइ वि न

शावही घेन्तु वहिद्दयंत जाहि । हिन्दी भाषा में द्वित्व भंग एवं अंत्य ध्वनि ह्रास की प्रवृत्ति के कारण 'एक' विकसित हुआ है । अतः इसे न अर्ध-तत्सम एवं न परवर्ती तद्भव मानना चाहिए बल्कि तद्भव ही मानना सगत है ।

कुछ भाषाविदों की मान्यता है कि 'एक' मूल भारोपीय भाषा मे नहीं है अत इसे अन्य भाषाओं से आगत मानना चाहिए । यह शोध का विषय है । अत भारोपीय मानकर ही सतुष्ट होना चाहिए । हिन्दी म पार्मे एक'के निम्नलिखित परिवर्तित रूप प्रयुक्त होते हैं, इक्क (इक्कीस) इक (इकतालीस) इक्य (इक्यावन) ग्य (ग्यारह) । भा० भा० भा० मे इ>ए, ए>इ, अ>इ परिवर्तन होता रहा है । पानिनि न इन्हें गुण सम्प्रसारण आदि की संज्ञा दी है । एक>इक इन्हीं प्रवृत्तियों का परिणाम है । डा भोलानाथ एक इ परवर्ती बलाघात के कारण मानते हैं । 'इक्क में क द्वित्व बलाघात के के कारण हैं । इक्य म 'य' का आगम श्रुति रूप मे हुआ है जो इ के कारण है । ग्य' मे 'ग' 'क् का घोषीकृत रूप है । पालिकाल में एकादश >एकारस एव प्राकृत म एग्गारह, एगारह रूप म प्रयुक्त होता था । ग के साथ य, ए>इ के प्रभाव से हुआ है । एकादस>एकारस>एग्गारह एगारह इग्यारह>ग्यारह । 'इक्यावन' मे आ का आगम 'बावन' के सादृश्य पर हुआ है।

'इक्यानवे मे डा० चटर्जी ने 'आ' का आगम 'इक्यासी 'पच्चासी' आदि के सादृश्य पर माना है । डा० भोलानाथ ने इसे बारह, बावन आदि की भांति बानवे का प्रभाव माना है । मेरे विचार में यह स० सन्धि नियम अ+अ=आ से विकसित 'आ है । [1] स० एक+दश=एकादश । डा० भोलानाथ स० 'एकदश मे भी 'आ आगम 'द्वादश के सादृश्य पर मानते है जो

---

1 अक सवर्णे दीर्घ ६/१/१०१/अष्टाध्यायी अ+अ=आ
यथा दैत्य+अरि = दैत्यारि

सर्वथा असगत एव संस्कृत रूपात्मक परम्परा के प्रतिकूल है ।

राजस्थानी भाषा मे एक, एको रूप प्रयुक्त होते हैं । अप० एक्कु से राज० 'एको' का विकास हुआ है । शेष विकास पूर्ववत् है । राजस्थानी ० 'एक के परिवर्तित रूप (इक, इक्क आदि) हिन्दीवत् ही है । केवल ग्य के स्थान पर इग्य प्रयुक्त होता है । हिन्दी मे आदि इ लुप्त होकर इग्यारह >ग्यारह रूप बना है जबकि राजस्थानी म आदि इ लुप्त नही हुआ है ।

दो—इसका विकास स० द्वि मूल के 'द्वौ' रूप से हुआ है । द्वौ पालि काल में अपने मूल द्वि>द्वे (गुण) दुवे रूप म प्रयुक्त होता था ।[1]

प्राकृत काल म म० द्वौ से 'दो एव पालि द्वे से वे' रूप विकसित हुए । अप० म दोण्णि बिण्णि, बण्णि वे दो आदि रूप प्रयुक्त होते थे । जो स० द्वि शब्द क विभिन्न विभक्तियों म प्रयुक्त रूपो के ही विकसित रूप है। हिन्दी भाषा म यह दो रूप मे विकसित हुआ है । स० द्वौ, पा द्वे, दुवे (सभवत 'दो भी पर पालि साहित्य एव व्याकरणिक ग्रथो म इसका उल्लेख लब्ध नहीं होता) प्रा० दो अप० दो० हि० दो॥ दु (दुगुना) दू दूसरा) ब (बत्तीस) बा (बारह) आदि 'दो के परिवर्तित रूप है । दु दू>दो क रूपान्तर है ।

स० काल म द्वौ रूप परिनिष्ठित था पर जन भाषा में दुओ, दुओ दुइ आदि रूप भी रह होगे । दु' म उ व के प्रभाव से है । ब बा का विकास द्व>ब से हुआ है । स० द्, व पालि काल म 'ब' म परिवर्तित हो गये थे यथा—स० द्वादस पा० बारस। डा० भोलनाथ न ब' वाले रूपों को असमाधेय एव भाषाशास्त्रियों के लिए एक समस्या बताया है। व द्वौ म व को निबल मानकर दो का स्वाभाविक विकास मानते हैं पर द् व >'ब म अस्वाभाविक विकास मानते । मेरे विचार में द्व>ब के विकास की न तो कोई कठिन समस्या है न विकास ही असम्भव ह । वस्तुत द्वौ की उच्चारण परम्परा वैदिक काल मे दो प्रकार की रही होगी । एक उच्चारण परम्परा म 'द्वौ में व

---

1 या म्हि द्वि न्त दुव द्वे २/२२१ पालि महाव्याकरण ।

निर्बल था पर दूसरी उच्चारण परम्परा मे द निबल था यथा–द्वादस > बारस । इन्ही दो उच्चारण परम्पराओ के कारण आधुनिक 'ब' वा ए दो रूपो का विकास हुआ ।

राजस्थानी भाषा मे 'बे दो, दोनो ही रूप प्रयुक्त होते हैं । दो का विकास हिन्दी वद् ही है। बे' का विकास इस प्रकार है । स० द्वि० पा द्वे प्रा० वे अप० बे० राज० बे ।

तीन––इसका उद्‌भव स० त्रीणि (नपु०) पा० तीणि प्रा० तिण्णि अप० तिण्णि, तिण्ण, तिण्णु हि० तीनु तीन । डा० चटर्जी ने प्राकृत तिण्णि द्वित्तीकरण के लिए तीणि रूप की कल्पना की है। डा० वर्मा डा० उदय नारायण ने इसी मत म अपनी सहमति व्यक्त की है। मेरे विचार म एसी कल्पना निराधार है । मेरे विचार म प्राकृत काल मे द्वित्तीकरण एक प्रवत्ति बन गई थी । इसी कारण यह तिण्णि बना है। दूसरा स० त्रीणि मे 'र का पा० प्राकृत म लाप होन पर भी द्वित्व हुआ ह ।

ति (तितालीस) ती (तीनो तीजा) तिर (तिरसठ) तिरे त्रे आदि तीन के अन्य रूपान्तर ह । ये सभी रूप ति के ही परिवर्तित विकसित रूप ह । राजस्थानी भाषा म भी तीन तीण रूप ही प्रयुक्त होते हैं । इनका विकास अप हि ी वत ही ह ।

चार––इसका विकास स० चत्वारि (नपु०) पा० चत्तारि प्रा० चत्तारि अप० चआरि च्यारि, चारि हि० चार । चौ० (चौदह) चौं (चौंतीस) चौर (चौरासी) चार के अन्य रूपा तर ह । इनका विकास स० चतुर प्रा० चौउ अप० च० के रूप म हुआ ह । राजस्थानी भाषा म च्यार, चार रूप प्रयुक्त होते है इनका विकास हि दी वद् ही हुआ ह ।

पाच––इसका उद्‌भव स० पंच पा० पञ्च प्रा पच अप० पंच हिन्दी पाच क रूप में हुआ ह । यहा प्रश्न उठता ह पच > पांच म आ' का आगम कसे हुआ ह ? भाषाशास्त्रियो का अद्यावधि इस ओर ध्यान नहीं

गया है। मेरे वि र में यह चार, सात, आठ के साम्य पर पास म 'ञ' का आगम हुआ है। पन् (पन्द्रह) प (पैंतीस), पच (पचपन) पिच (पिच्यानवे) आदि पांच के अन्य रूपान्तर हैं। इनका विकास क्रमश इस प्रकार है—पन, स० पञ्च पा० पञ्च, पन (दोनो रूप) प्रा० पण्ण अप० पण्ण हि० पन। पैं-म० पच पा० पञ्च प्रा० पञ्च अप० पैंच हि० प। पच मे अनुनासिकता का लोप एव पिच मे इक्यावन तिरेपन आदि के सामान्य पर इ' का आगम हुआ है। राजस्थानी भाषा मे पाच पाच आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। इनका विकास हिन्दीवत् ही हुआ ही है।

छ—इसका विकास स० षट् पा० छ प्रा० छ छओ अप० छ छउ हि० छह, छ छ के रूप में हुआ है। इसके विकास में दो प्रमुख समस्याए हैं। प्रथम स० ष का 'छ' होना दूसरा हिन्दी में छ छह छ रूपो मे विसर्ग ह एव ऐ का आगम।

प्रथम समस्या का (स० ष>छ) मूल कारण पा० प्रा० काल में ष का 'स' मे परिवर्तित होना ह एव ष का ख वत् उच्चरित होना ह। अत भाषाशास्त्रियो का विचार है कि स० षट से 'छ' का विकास सभव नहीं। डा० सुनीतिकुमार स० षट् से छ के विकास को सभव नही मानत अत उन्होने तीन सम्भावनाए की ह—

(१) ईरानी रूपका भारत म गहीत कर लिया गया और यह क्षप या क्षक रूप म सस्कृत काल मे था।

(२) ईरानी- भारतीय क मिश्रण से क्षक या क्षप बना होगा एव उसी स 'छ' विकसित हुआ होगा।

(३) मूल भारोपीय म एक रूप Skes भी था इसी स प्राकृत छ का सरलता से विकास हुआ होगा। डा० वर्मा न इस स दभ मे अपनी असमर्थता व्यक्त की ह। टर्नर भी षट से छ के विकास की सभावना नहीं करते। टनर ने क्षस या क्षस् रूप की कल्पना की ह। उक्त मन्तव्य

पूर्णत प्रमगत एव मात्र मरणा-प्रसूत है प्रमाण-पुष्ट नहीं । मेरे विचार में स० पट से ही छ (प>छ) का विकास हुआ है । पा० प्रा० काल मे जहां प श>स मे परिवतन की प्रवत्ति थी एव वहा च, प>छ मे भी परिवर्तित करने की प्रवत्ति थी ।

वररुचि ने इसका 'पटशावक सप्त पर्णाना छ' (२४१) सूत्र म इसका उल्लेख किया है । पण्मुख>छम्मु ो, शावक>छावओ आदि अनेक उदाहरण नष्ट होत हैं । मर विचार म प छ म परिवतन का मूल कारण रव स पस का छ मे परिवतन होना होगा ।[1] इसी प्रवत्ति का प्रभाव प>छ परिवतन पर पडा होगा । अपभ्र श काल म यह प्रवत्ति और बल वती हुई । हेमचन्द्र ने १ २६५ सूत्र म इसका उल्लेख किया है । अत टनर एव डा० चटर्जी द्वारा कल्पित रूपो का मूल मानना सगत प्रतीत नही होता । डा० भोलानाथ ने भी अपनी इसी मत म सहमति व्यक्त की है ।

दूसरी समस्या छ छँ छह् मे ए ह क आगम की है । इस पर भाषा शास्त्रियो का ध्यान नही गया है । मेरे विचार म ह का आगम 'छ की महाप्राणता के कारण विसग का कारण छ पर बलाघात एव 'ए का आगम 'ह् मे लोप के कारण पूववर्ती का दीर्घीकरण है ।

छ (छप्पन) छि (छिहत्तर) छिय (छियालीस) सोलह आदि का विकास पट से ही हुआ है । राजस्थानी भाषा मे छँ छो रूप प्रयुक्त होते हैं । छ का विकास द्विवत् ह एव छो का विकास अप० छउ से हुआ ह । शेप विकास क्रम द्विदीवत् ही है

सात—इसका विकास स० सप्त पा० सत्त प्रा० सत्त अप० सत्त हि० सात के रूप में हुआ है । सत (सतत्तर) सत्र (सत्रह) सत्त (सत्तावन) सड (सडसठ) सै (सैंतीस) आदि सात क अय रूपातर है । इनमें [सत सत्त का सीधा विकास सप्त से ही है पर सत्र सड, स रूपान्तरों का विकास विचारणीय है । मरे विचार म 'सत्र मं र का आगम पन्द्रह प सादृश्य

पर एव पालि काल में ही दन बारह् में परिवर्तित होने के कारण हुआ है। भाषाविदों का इस ओर ध्यान नहीं गया है। 'सह' में 'ह' का आगम अहसठ के सादृश्य पर तथा त>ट>ह विकास प्रक्रिया के कारण हुआ।

प्राकृत काल में ही त>ट>ह परिवर्तन की प्रक्रिया प्रचलित थी। इसी से सह बना है। सैं का विकास स० सप्त-त्रिंशत>पा० सत्ततिंसति प्रा० सत्ततीस अप० सप्तत्तीस, सत्तीस हि० सैंतीस के रूप में हुआ है। राजस्थानी भाषा में 'सात रूप ही प्रयुक्त होता है।

आठ—इसका उद्भव स० अष्ट से पा० अट्ठ प्रा० अट्ठ अप० अट्ठ हि० आठ के रूप में हुआ है। अठ (अठारह) अट्ठ (अट्ठाइस) अड (अड़तीस) आदि आठ के परिवर्तित रूपान्तर हैं। इनका विकास अष्ट से ही हुआ है। राजस्थानी में आठ रूप ही प्रयुक्त होता है।

नौ— इसका उद्भव स० नव से पा० नव० प्रा० नव, णओ अप० णउ, नउ नव हि० नौ' (अउ>औ स्वर सयोग) के रूप में हुआ है। नव (नवासी) निना निन्या (निन्यानवे) उण उन (उन्चास उणसठ आदि) नौ के अन्य परिवर्तित रूपान्तर है। नव निन आदि का विकास स० 'नव से ही हुआ है। उण उन का विकास स० ऊन (कम अर्थ द्योतक) से हुआ है। एक कम अर्थ द्योतित करने के लिए स० काल में इसका प्रयोग होता था यथा - एकोनविंशति एक+ऊन+विंशति सधि नियम से एकोनविंशति। राजस्थानी भाषा में नौ नउ नओ नव आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। राजस्थानी भाषा में आज भी स० ऊन का प्रयोग सख्यावाची विशेषण में एक कम अर्थ को द्योतित करने के लिए होता है यथा—उण पचास (उन्चास) उणसाठ (उनसठ) आदि।

दस—इसका उद्भव स० दश पा० दस प्रा० दस रह (द>ह स>ह) अप० दस हि० दस के रूप में इसका विकास हुआ है। दस (दसवां) दह (चौदह) रह (ग्यारह) लह (सोलह) द्रह (पन्द्रह) आदि इसके

अन्य परिवर्तित रूपान्तर है। दह, रह, लह द्रह आदि 'दस' का परिवर्तन पालि में रस रह, लह में हो गया था।[1] पर यह प्रवृत्ति विकल्पात्मक थी। यथा– पा० एकादस एकारस (दोनो रूप प्रयुक्त होते थे), बारस, द्वादस पञ्चदस, पन्नरस अट्ठरस अट्ठारस आदि। प्रा० काल मे विकल्पात्मक प्रवृत्ति ही रही अर्थात् एकारस, बारस, पन्नरस आदि रूप ही रहे (स>ह म परिवर्तित हो गया) अप० एव हिन्दी म भी यही परम्परा अक्षुण्ण रही है। राजस्थानी भाषा म 'दस' रूप ही प्रयुक्त होता है।

बीस—इसका उद्भव स० विंशति से पा० बीसति प्रा० वीसइ अप० बीस हि० बीस के रूप में हुआ है। ईस (इक्कीस) व्वीस (छब्बीस) आदि इसके अन्य रूपान्तर है। ईस मे ब का लोप एव व्वीस मे ई क्रमश बलहीनता एव बलाघात के कारण हुआ है। राजस्थानी मे 'बीस' रूप ही प्रयुक्त होता है।

तीस—इसका उद्भव स० त्रिंशत् से पा० तिंसति प्रा० तीस (सभवत तिसइ भी) अप० तीस० हि० तीस के रूप म हुआ है। राजस्थानी म तीस रूप ही प्रयुक्त होता है।

चालिस चालीस—इसका उद्भव स० चत्वारिंशत् पा० चत्तालीसति प्रा० चत्तालीस (सभवत चत्तालीसइ भी) अप० चालीस चाळीस चालिस हि० चालिस चालीस के रूप म हुआ है। तालीस (इकतालीस) आलिस (बियालीस) आदि इसके अन्य रूपान्तर है। इनका विकास चत्वारिंशत से ही हुआ है। तालिस रूप चत्तालिस म च के लोप से विकसित हुआ है। आलिस च त के लोप से विकसित हुआ है। राजस्थानी भाषा म चालीस आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। इनका विकास-क्रम उपरिवत ही है।

---

1 दर सख्यातो पालि महा याकरण ?/१०३

पच्चास—इसका उद्भव सं० पचाशत् से प्रा० पञ्चासा प्रा० पचासा अप० पचास हि० पचास के रूप में हुआ है। यहां प्रश्न उपस्थित होता है पालि 'पञ्चासा' पुनः पचासा कैसे हुआ? मेरे विचार में पालि 'पञ्चासा' बस्तुतः साहित्यिक परम्परा रही होगी। जन भाषा में पचासा रूप ही प्रयुक्त होता होगा जिसका प्रमाण प्राकृत में आकर लुप्त हो जाता है। चास (उनचास) वन (इक्यावन) पन (तिरपन) पुपन (छप्पन) आदि इसके अन्य रूपान्तर हैं। चास में 'च' का लोप हुआ है। ववन, पन पुपन सं० पचाशत से ही विकसित हुए हैं। राजस्थानी में 'पच्चास' रूप प्रयुक्त होता है।

साठ—इसका उद्भव सं० षाष्ठि पा० सट्ठि प्रा० सट्ठि अप० सट्ठि हि० साठ के रूप में हुआ है। सठ (इक्सठ) इसका अन्य रूपान्तर है जिसका सम्बन्ध सं० षष्ठि से ही है। राजस्थानी भाषा में साठ रूप ही प्रयुक्त होता है।

सत्तर—इसका विकास क्रम इस प्रकार है—सं० सप्तति पा सत्तति प्रा० सत्तरि अप० सत्तरि हि० सत्तर। प्राकृत काल में त > र में कैसे परिवर्तित हुआ? विवादास्पद है। डा० चटर्जी अकारण मूर्धन्यीभवन मानते हैं। डा० वर्मा त > र होने का सतोषप्रद कारण नहीं मानते हैं। डा० भोलानाथ इसे त > ट > ड > ड़ > र के रूप में विकसित मानते हैं एवं इसे प्रयत्नात्मक मूर्धन्यीभवन मानते हैं मेरे विचार में इस त > र के परिवर्तन का मूल कारण पालिकालीन ट > र (सं० अष्टादश पा० अट्ठारस, सं० एकादश पा० एकारह आदि) परिवर्तन प्रवृत्ति का प्रभाव रहा होगा। इसका परिवर्तन इस प्रकार हुआ है त > द > ड > र। हत्तर (बहत्तर) तर (पचत्तर) अत्तर (छियत्तर) आदि इसके अन्य रूपान्तर हैं। स > ह की प्रवृत्ति के कारण सत्तर का हत्तर रूप विकसित हुआ है। अत्तर तर क्रमशः स एवं स-त के लोप से बने हैं। राजस्थानी भाषा में सत्तर सित्तर रूप प्रयुक्त होते हैं। इनका विकास क्रम भी उपरिवत् है। 'सित्तर' में आद्य 'इ' का

का भागम सप्तति>सत्तरि>सित्तर (एकागी विपर्यय) के रूप में हुआ है।

अस्सी—इसका विकास क्रम इस प्रकार है—स० अशीति पा० असीति प्रा० असीइ अप० असीइ अस्सी हि० अस्सी। इस रूप म 'स' के द्वित्तीकरण का कारण डा० वर्मा पजाबी प्रभाव मानते हैं। यह असगत ह। वस्तुत यह अपभ्रश कालीन द्वित्व प्रवत्ति के अवशिष्ट रूप हैं। अप० का 'अस्सी' रूप हिन्दी मे इसी रूप मे स्वीकृत हुआ है। य/यासी (इक्यासी) इसका अन्य रूपान्तर है। राजस्थानी भाषा म अस्सी रूप ही प्रयुक्त होता है।

नब्बे इसका विकास क्रम इस प्रकार है—स० नवति पा० नवुति प्रा० णवइ अप० णवइ हि० नब्बे नब्बे। 'ब्बे' द्वित्तीकरण डा० भोलानाथ ने पजाबी प्रभाव माना है। मेरे विचार म अइ>ए ध्वनि पर बल होने के कारण वे>ब्बे>ब्बे बना है। राजस्थानी भाषा म नब्बे, नुव्वे आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। नुव्वे का विकास क्रम इस प्रकार है—स० नवति पा० नवुति (अव के कारण उ का आगम) प्रा० णवुइ णवइ अप० णवुइ णुवइ राज० नुवे नुव्वे, नूवे।

सौ—इसका विकास क्रम इस प्रकार हैं स० शत पा० सत प्रा० सअ, सय अप० सउ सइ हि० स, राज० सौ स। राजस्थानी मे सौ, स रूप प्रयुक्त होत है। सौ का प्रयोग स्वतन्त्र एव सयुक्त दोनो रूपों म होता है यथा सौ सात सौ। सै का प्रयोग केवल सयुक्त रूप म ही होता ह। दोयसौ तीनसै दोनो रू।

हजार—हिन्दी मे यह फारसी से आगत हैं। सस्कृत पालि प्राकृत अपभ्रश म क्रमश सहस्र सहस्स सहस्स रूप प्रयुक्त होते थे। राजस्थानी में भी हजार' रूप ही प्रयुक्त होता ह।

लाख इसका उद्‌भव स० लक्ष से इस प्रकार ह—स० लक्ष पा० लक्ख प्रा० अप० लक्ख हि० लाख। राजस्थानी में लाख रू ही प्रयुक्त होता है।

करोड़ — इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत 'कोटि' से हुई है। जिसका विकास क्रम इस प्रकार है। संस्कृत कोटि पालि कोटि प्रा० कोडि अप० कोड हि० करोड। हिन्दी में 'र' का आगम कैसे हुआ? इस विषय में भाषाविदों में मतैक्य नहीं है। डा० वर्मा इसकी व्युत्पत्ति संदिग्ध बताते हैं एवं कहते हैं हो सकता है स० कोटि के आधार पर हिन्दी में 'र' लिया गया है। डा० चटर्जी एवं उदयनारायण भी इस संस्कृत रूप देने की प्रवृत्ति को ही इसका कारण मानते हैं। डा० भोलानाथ स्वर वियोग >स्वरभक्ति विरोध अंग्रेजी डजन हि० दर्जन की तरह ही इसे होना मानते हैं। मु० उक्त मान्यताएं संगत प्रतीत नहीं होतीं। वस्तुतः इसका प्रकृत विकास क्रम इस प्रकार होगा स० कोटि पा० कोटि प्रा० कोडि अप० कोडि, कोड प्रवधि कोडि>कोरि, करोरि, करोड। 'र' का आगम 'ड' के प्रभाव के कारण हुआ है। राजस्थानी भाषा में क्रोड' करोड रूप प्रयुक्त होते हैं। इसका विकास क्रम उपरिवत् है।

अरब— इसका संबंध स० 'अर्बुद' से है। इसका विकास क्रम इस प्रकार है। स० अर्बुद>पा×अब्बुद प्रा×अब्बुअ, अरबअ अप०× अरबु हि० अरब। संस्कृत काल में इसका प्रयोग 'दस करोड' के अर्थ में होता था। जबकि हिन्दी में सौ करोड' हेतु होता है। पालि काल में इसमें एक के बाद छप्पन शून्य प्रयुक्त होते थे। राजस्थानी भाषा में अरब अड़ब आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। यह हिन्दी में सौ करोड के अर्थ में ही प्रयुक्त होता है।

खरब—इसकी व्युत्पत्ति स० खर्व से हुई है। इसका विकास क्रम इस प्रकार है—स० खरवअ अप० खरबु हि० खरब। अरब की भांति यह रूप भी संस्कृत काल में दस अरब के अर्थ में प्रयुक्त होता था जबकि हिन्दी में यह 'सौ अरब' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। राजस्थानी में खरब खरब आदि रूप प्रयुक्त होते हैं।

नील—इसका मूल रूप संस्कृत में उपलब्ध नहीं होता। हिन्दी में यथावधि इसका मूल स्रोत संदिग्ध है। हिन्दी एवं राजस्थानी में यह 'सौ खरब' के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

पद्म—इसकी व्युत्पत्ति इस प्रकार है सं० पद्म पा० पदुम प्रा० पम्मग्र अप० पदमउ हि० पदम। हिन्दी एवं राजस्थानी में 'सौ नील' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। पालिकाल इसमें एक के बाद एक सौ उन्नीस शून्य प्रयुक्त होते थे। प्रा० अप० में भी यह निश्चयात्मक संख्या रूप में प्रयुक्त होता था या नहीं संदिग्ध है। अभी तक मुझे इसके प्रमाण नहीं मिले हैं। हिन्दी एवं राज० में यह निश्चयात्मक संख्या सौ नील के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

शंख—इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत शंख से ही है। यह विकसित रूप में हिन्दी में गृहीत नहीं हुआ है। पा० प्रा० अप० में इसका प्रयोग लक्षित नहीं होता। हिन्दी एवं राज० में यह सौ पद्म अर्थ में प्रयुक्त होता है।

संस्कृत पालि प्राकृत एवं अप० काल में अनेक संख्यावाची शब्द प्रयुक्त होते थे पर हिन्दी एवं राज० में वे गृहीत नहीं हुए हैं। उदाहरणार्थ सं० अयुत नियुत प्रयुत अर्बुद महार्बुद निखर्व आदि। पा० परकोटि (एक के बाद चौदह शून्य) कोटिप्पकोटि (एक के बाद इक्कीस शून्य) नहुत (एक के बाद अट्ठाइस शून्य) निन्नहुत (एक के बाद पैंतीस शून्य) बिन्दु (एक के बाद उन्चास शून्य) अब्बुद (एक के बाद छप्पन शून्य) निरब्बुद (एक के बाद तिरसठ शून्य) अहह (एक के बाद सत्तर शून्य) अबब (एक के बाद सतत्तर शून्य) अटट (एक के बाद चौरासी शून्य) सोगन्धिक (एक के बाद इक्यानवे शून्य) उप्पल (एक के बाद अट्ठानवे शून्य) कुमुद (एक के बाद एक सौ पाँच शून्य) पुण्डरीक (एक के बाद एक सौ उन्नीस शून्य) कथान (एक के बाद एक सौ छब्बीस शून्य) महाकथान (एक के बाद एक सौ तैंतीस शून्य) असं

रयेय (एक के बाद एक सौ चालीस शून्य) ।[1] इसी प्रकार प्राकृत एवं अप० में भी उपयुक्त में से कई विशेषण प्रयुक्त होते थे। निश्चित संख्यावाची विशेषणों के विस्तृत अध्ययन में लेखक की दृष्टि से तद्भव शब्द सूचिका लाभप्रद होगी।

४१४२ अपूर्णता बोधक विशेषण-पद—

पाव—इसकी व्युत्पत्ति सं० पाद से इस प्रकार हुई है सं० पाद पा०× प्रा० पाओ अप० पाउ हि० पाव। पौवा, पई आदि इसके अन्य रूपान्तर हैं। इनका विकास क्रमशः सं० के पादक पादिका से हुआ है। राजस्थानी भाषा में भी 'पाव' रूप ही प्रयुक्त होता है।

चौथाई—इसका विकास सं० 'चतुर्थिका' से हुआ है— सं० चतुर्थिका प्रा० चउत्थिआ हि० चौथाई (इ+आ विपयय) राजस्थानी में यह इसी रूप में प्रयुक्त होता है।

तिहाई—इसका उद्भव सं० 'त्रिभागिका' से इस प्रकार हुआ है- सं० त्रिभागिका प्रा० तिहाइआ हि० तिहाई। राजस्थानी में यह तिहाई तियाई रूप में प्रयुक्त होता है।

आधा—इसकी व्युत्पत्ति सं० अर्ध से हुई है—सं० अर्ध पा० अड्ढ अद्ध प्रा० अद्धअ अप० अद्धअ अद्धउ हि० आधा। राजस्थानी भाषा में आधा (आधा सेर) अध (अध पाव) आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। इनका विकास भी सं० अर्ध से ही हुआ है।

पौन—इसकी व्युत्पत्ति सं० पादोन से इस प्रकार हुई है— सं० पादोन पा०×प्रा० पाओण अप० पाउण, पउण हि० पौन। पौना पौने (पौना सो, पौने तीन) आदि इसके अन्य रूपान्तर हैं) राजस्थानी में 'पूण

---

१ देखिये पाल महाव्याकरण भिक्षु जगदीश महाबोधि सभा, सारनाथ बनारस।

पूणी, पूणा आदि रूप प्रयुक्त होते हैं यथा पूणी च्यार, पूणा मो, 'पूण सेर' आदि। इनका विकास स० पादोन से ही हुआ है।

सवा—इसका उद्भव स० सपाद से हुआ है स० सपाद पा० × प्रा० सवाभ अप० सवाम हि० सवा। राजस्थानी भाषा मे भी यह सवा, सवाइ आदि रूपों म प्रयुक्त होता है।

साढा साढे—इसका उद्भव स० 'सार्ध' से हुआ है —स० सार्ध पा० सड्ढ प्रा० सड्ढओ सड्ढअ अप० सड्ढअ हि० साढा साढे। 'साढे' मे 'ए' के आगम के विषय म भाषाविदो में विवाद है। डा० वर्मा इसे विकारी ए मानते हैं जो सर्वथा असगत है क्योंकि स्पष्ट ही इसम विकृतता नही है। डा० भोलानाथ न इसे मागधी का प्रभाव मानकर इसका विकास क्रम इस प्रकार दिया है— स० सार्धक प्रा० सड्ढओ (पूर्वी प्रदेश मागधी आदि म सड्ढए कल्पित रूप) अप० सड्ढे (कल्पित रूप) हि० साढे। पर यह सगत नहीं क्योंकि सड्ढे का प्रयोग मागधी ग्रन्थ म मुझे बहुत ढूढने पर भी नही मिला।। वररुचि ने मागधी की विशेषताओ का उल्लेख करते हुए लिखा है। प्रकृति शौरसेनी ११/२ अर्थात् इसकी प्रकृति शौरसेनीवत् है उन्होंने इस 'ए' का कही उल्लेख नही किया है (देखिये प्राकृत प्रकाश-ग्यारह परिच्छेद)। वस्तुत पालि काल में यह प्रवृत्ति किञ्चित विकल्प रूप स सज्ञा श० । म थी[1] विशेषण शब्दो म नही। मेरे विचार म इस ए का आगम चौथाई तिहाई आदि के सादृश्य पर इ>ए गुणीय रूप ही है। राजस्थानी आदि भाषाओ म यह ई रूप में ही प्रयुक्त होता है यथा साढा तीन साढी सात हि० साढे सात आदि।

डेढ़—इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध म भाषाविदो म पूर्णत विवाद है। डा० वर्मा ने इसकी व्युत्पत्ति स० द्वयद्ध से इस प्रकार बताई है स० द्वयध प्रा० दिअड्ढ हि० डेढ। डा० उदयनारायण द्वि + अर्ध + क से इसका सम्बन्ध

द कच्चे वा १११२ पालि महाव्याकरण

जोड़ते हैं। बेबर अपभ्रंश से इसे विकसित मानते हैं। कुछ लोग अध+द्वितीय प्रा० अड्ढ हुइए वियय दुइअड्ढ ए>ऽड मानते हैं।

डा० भोलानाथ ने स० द्विकाध से इसका सम्बन्ध जोड़कर इसका विकास क्रम इस प्रकार बताया है—स० द्विकाध प्रा० दिवड्ड अप० दिअड्ढ>हि० डेढ़। वस्तुत उपयुक्त सभी मतो मे कल्पना का ही सहारा है प्रमाणो का नहीं। वस्तुत इस रूप की व्युत्पत्ति स० द्वितीय+अर्ध के सामासिक रूप से हुई है। पालिकाल म यह दियड्ढ तथा दिवड्ढ रूप म ड्ढ अर्थ मे उपलब्ध भी होता है। पालि महावैयाकरणकार ने दुतियस्स सह दियड्ढ दिवड्ढा (४/२०६) अर्थात् अड्ढ शब्द के साथ दुतिय का समास होने से दियड्ढ रूप बनता है। प्रा० एव अप० काल म यह रूप डिअड्ढ एव डिवड्ढा रूप मे उपलब्ध होता है। हिन्दी मे इ>ए (गुण) होकर ड्ढ रूप मिला एव दिवड्ढा से डेढा बना है। राजस्थानी भाषा म ड्ढ, डोढ आदि रूप प्रयुक्त होते हैं जो इसी के रूपान्तर हैं।

अढाई ढाई—इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत अर्ध तृतीय से हुई है। पालि काल में यह अड्ढतियो रूप म प्रयुक्त होता था।[1] प्राकृत एव अप० काल म यह अड्ढइअ रूप मे प्रयुक्त होता था। डा० वर्मा ने अर्ध तृतीय से तो इसकी व्युत्पत्ति बताई है पर विकास क्रम सगत नही। स० अर्ध तृतीय प्रा० अड्ढतीय, अढाई, ढाई। प्रा० में 'अड्ढतीय' रूप ही लब्ध नही होता। डा० भोलानाथ ने इसका विकास क्रम इस प्रकार बताया है—स० अर्ध तृतीय> अड्ढतिज्ज\/अड्ढइज्ज अड्ढाइअ>अढाई ढाई। मेरे विचार म यह विकास क्रम सगत नहीं क्योकि स० अर्ध तृतीय पालिकाल म अड्ढतिय, अड्ढतियो रूप म विकसित हुआ था। प्राकृत म अड्ढइअ रूप ही लब्ध होता है।

---

१ अड्ढतियार म ड डु ड ढ तिया। / ३१०५ / पालि महाव्याकरण

डा० भोलानाथ ने जो 'य>ज प्रवृत्ति' के कारण जो कल्पना की है वह इस रूप म सगत प्रतीत नही होती क्योकि तत्काल म आदि य>ज ही हुआ था (आदेर्योज) अत इसका विकास क्रम इस प्रकार मानना ही सगत है - स० अर्ध तृतीय पा० अड्ढतियो, प्रा० अड्ढइअ हि अढाई ढाई राजस्थानी भाषा म भी ये इसी रूप मे प्रयुक्त होते हैं ।

१ ४ ५ क्रम वाचक विशेषण-पद—

पहला—इसकी व्युत्पत्ति स० प्रथम से हुई है—स० प्रथम पा० पठमो प्रा० पढमो अप० पढ इल्लअ, हि० पहिला (बोलियो म) पहला (परिनिष्ठित हिन्दी म) । इसकी व्युत्पत्ति परम्परित रूपो से प्रथक है । पालि-काल में स० थ>ठ>ढ म परिवर्तित हुआ । प्राकृत काल म नियमत म >व मे परिवर्तित होना चाहिए था पर अपवादत नही हुआ । अपकाल म ढ ह मे परिवर्तित हुआ एव इसमे इल्लअ प्रत्यय का योग हुआ इसी से हिन्दी रूप पहला विकसित हुआ है । पिशेल ने कल्पित 'प्रथिल रूप से इसका सम्बन्ध जोडा है जो निराधार है क्योकि ऐसा कोई रूप वैयाकरणिक ग्रन्थो एव साहित्यक ग्रन्थो मे लब्ध नही होता । डा० वर्मा ने भी पिशेल का ही अनुकरण किया है । डा० उदयनारायण स० प्रथम (पढम-इल्ल) से इस का सम्बन्ध जोडते है । पर प्राकृत काल तक तो इस अर्थ मे पढमो रूप ही प्रयुक्त होता था । अप० काल मे म' लुप्त होने पर ही इल्लअ का योग हुआ है । अत प्रारम्भ मे ही पढम+इल्ल मानना असगत है । डा० भोलानाथ न इसका विकास क्रम इस प्रकार माना है—स० प्रथम प्रा० पढम + इल्ल+क=पढमिल्लक पढमिल्लअ अप० पहइल्लअ हि पहिला ।

डा० तिवाडी का मत य अधिक युक्तियुक्त होते हुए भी यत्किंचित् दोषपूर्ण है । वस्तुस्थिति मे प्राकृत काल तक तो पढमो रूप ही प्रयुक्त होता था ।[१] अप० काल म म लुप्त होने के कारण यह शब्द पूर्ण अर्थाभिव्यक्ति

१ देखिये प्राकृत भाषाओ का रूप दर्शन नेमिचन्द्र पृ० १७८

में असमथ रहा अत क्षतिपूरणाथ इल्लम (अविसग का अवशिष्ट है) का योग हुआ । अत अप० म हमें पहिल्लम रूप उपलब्ध होता है एव इसी स 'पहला रूप विकसित हुआ है ।

राजस्थानी भाषा म पेला' पेलडो रूप प्रयुक्त होते हैं । । 'ह' लुप्त होने क कारण अ>ए तथा राजस्थानी ओकारात बहुला भाषा होने के कारण पेलो रूप बना है एव पेलडो मे 'ड' राजस्थानी की प्रवस्थानरूप स्वार्थे प्रत्यय ह ।

दूसरा—इसका उद्भव एव विकास पूणत सदिग्ध है । संस्कृत काल मे 'द्वितीय रूप प्रयुक्त होता था जिसका विकास पालि मे 'दुतियो प्रा० मे दुइज्ज दुइअ अप० दुइज्ज, दुइज्जु रा० 'दूजो रूप मे हुआ है । अत हिन्दी दूसरा' का उद्भव एव विकास द्वितीय से सम्भव नही ।

बीम्स तथा हानले स० द्वि+सत से इसका सम्बन्ध जोडते हैं । डा० वर्मा एव डा० उदयनारायण ने भी इसी मत का अनुसरण किया है । डा० चटर्जी इसमे सर–आ प्रत्यय योग मानते हैं । डा० भोलानाथ ने स० स्त्रीलिंग रूपो चतस्र के आधार पर तिसतीय या तिसतीयक रूप की कल्पना कर तीसरा को विकसित माना ह एव इसी के सादृश्य पर दूसरा को विकसित मानते हैं । मेरे विचार मे उक्त मत सगत नही । 'द्वि+सत जसी सामासिक रचना सस्कृत म नही होती थी, न ही इसका विकास क्रम भी स्पष्ट ह । डा० भोलानाथ ने यद्यपि बहुत ही प्रयासपूवक सगति बिठाने का यत्न किया ह पर परवर्ती भाषाओ मे तिस्र, चतस्र आदि के अन्य विकसित रूप मिलते हैं यथा–तिस्सो, चतस्सो आदि । अत पालि प्राकृत, अप० तक तिसृतीय का विकसित रूप न मिलना एव हिन्दी मे इसका प्रकट हो जाना साथ ही इसी के सादृश्य पर दूसरा की भी रचना होना सगत नही प्रतीत होता । मेरे विचार म उत्तरवर्ती अपभ्रंश काल म सर प्रत्यय आवृत्ति अथ म प्रयुक्त होता है यथा—दूसर' तीसर (दुबारा तिबारा आदि) हिन्दी में यही

प्रावश्यक प्रत्यय सिगवाची प्रत्ययो के योग से (प्राइ, ए) क्रम संख्या वाच-कता को प्रकट करता है। राजस्थानी म 'इजो' 'दूसरो री, रा। इजो का विकास क्रम दिया जा चुका है। शेष रूपो का विकास हिन्दीवत् ही है।

तीसरा—इसका विकास भी दूसरा की भांति ही है। स० त्रि> ती-सर-म्रा/इ/ए/ राजस्थानी भाषा में तीजा 'तीसरा रूप प्रयुक्त होते हैं। तीजा का विकास क्रम इस प्रकार है— स० तृतीय पा० ततियो प्रा० तइज्जो ग्रप० तइज्जो रा० तीजो।

चौथा—इसकी व्युत्पत्ति स० चतुर्थ से इस प्रकार हुई है-स० चतुर्थ पा० चतुत्थो प्रा० चउत्थो राजस्थानी चौथो हि० चौथा।

पाचवा— इसका उद्भव स० पचम से हुआ है पालिकाल म यह पचमो' रूप मे प्रयुक्त होता था। प्रा० अप० काल मे म> व मे परिवर्तित हुआ। हिन्दी मे यही म>व क्रम वाचक सख्याओ के साथ प्रयुक्त होता है। इसी प्रकार सातवा आठवा नौवा दसवाँ आदि रूपो का विकास हुआ है। इन विशेषण रूपो में वाँ का विकास बीम्स एव डा० वर्मा ने स० तम (पच+ तम) से माना है जो सवथा असगत है। संस्कृत म पचम सप्तम आदि रूप क्रम अर्थ मे प्रयुक्त होते थे। पालि काल म यही प्रत्यय 'मो रूप मे प्रयुक्त होता था यथा—पचमो, सत्तमो, अट्ठमो आदि। पालि महाव्याकरणकार ने इस का उल्लेख भी किया है-'म पचादिकत्तीहि ४/५२ प्राकृत अप० काल में यह व रूप म परिवर्तित हुआ। हिन्दी मे यह व एव आ, ई ए लिंग दर्शी प्रत्ययों के साथ क्रमार्थ को व्यक्त करता है। राजस्थानी भाषा में भी पाचवा पांचवा पाचवी आदि रूप प्रयुक्त होते हैं।

छठा—इसका उद्भव स षष्ठ से हुआ है-स० षष्ठ पा० छट्ठो छठमो अप० छठवा। इ ए (लिंगिक प्रत्यय) हैं। डा० भोलानाथ ने स० षष्ठक से इसका सम्बन्ध जोडा हैं। कुछ पाश्चात्य भाषाविदा ने क प्रत्यय की कल्पना कर प्राकृत अ को इसका अवशिष्ट माना है पर वस्तुस्थिति यह नही है। वस्तुत

स० विसग ( ) पा० प्रा० म गा' म एव अप० म उ व म हि दी म इसका ह्रास हुआ हैं। अत पष्ठक रूप से इसका विकास मानना सगत प्रतीत नही होता। कई स्थलो पर छठवा रूप भी प्रयुक्त होता है जो स्पष्ट पालि 'छठमो' का विकसित रूप है। राजस्थानी भाषा म 'छट्टो' रूप प्रयुक्त होता है। इसका विकास क्रम ऊपरिवत है।

इन रूपो के अतिरिक्त राजस्थानी भाषा म कतवो, कितवा (कितनेवा पाँचवा–छट्ठा–सातवा आदि म एक को जानने हेतु) आदि रूप भी प्रयुक्त होते है। इसका विकास क्रम इस प्रकार है—म० कतिम पा० कतिमो प्रा० कतवा कतिवा अप० कतवउ राज० कतवो कितवो।

१४६ आवत्ति वाचक विशेषण–पूर्णांक बोधक विशेषण के आगे 'गुना' गन क योग से आवत्तिवाचक विशेषण की रचना होती है। इस गुना का उद्भव स० गुन ⌒ गुण (द्विगुण) से हुआ है। स० गुन गुण पा० गुणा प्रा० गुणा, उणा अप० गणो हि० गना (आ इ, ए लगिक प्रत्यय है। गुना (दुगुना) गना (दुगना) उना (द्+उना=उ+उ=ऊ— दूना) आदि इसके अय रूपान्तर हैं। इनका विकास भी स० गुन गुण से हुआ है एव ये आवत्ति वाचक रूपा म प्रयुक्त होते हैं। 'हरा के याग से भी आवत्तिवाचक विशेषण रचित हात ह यथा इकहरा, दोहरा आदि। डा० उदयनारायण न इसका सम्बध स० हर (भाग) एव भोलानाथ ने हरक से जोडा है। हानले इसका सबध स० विध (द्विविध) विह+रा (डा) स जोडते है। मरे विचार म इसका सम्बध स० हर से मानना ही अधिक सगत है। राजस्थानी भाषा म इस अथ में लडा—तरा का योग होता है यथा दोलडा–चौतडा आदि।

१४७ प्रत्येक बोधक विशेषण –

प्रत्येक हरेक, हर आदि के द्वारा इस अथ की अभि यक्ति होती है। प्रत्येक का सम्बध स० प्रतिये+एक (सधि–प्रत्येक) हर+एक (सधि) एव हर का सम्बध स० 'हर मे है। इसके अतिरिक्त पूर्णांक बोधक विशेषणो

की द्विरुक्ति से भी उस अर्थ की अभिव्यक्ति होती है । यथा—एक एक ग्राम बाट दो । पांच-पांच रुपये देंगे । राजस्थानी भाषा में 'हर' एवं हरेक का प्रयोग होता है ।

१४८ समुदाय बोधक विशेषण—

१४८ इक्का, दुक्का, चौका, पंचा, पंजा छक्का आदि । इसकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में भाषाविद संदिग्ध हैं । डा० वर्मा व उदयनारायण ने इसकी व्युत्पत्ति-बोध में अज्ञानता व्यक्त की है । डा० भोलानाथ ने सं० सप्तक पंचक आदि से इसका सम्बन्ध जोड़ा है । मेरे विचार में आ का विकास (सं० अक (पंचक) अ+अ>आ के रूप में हुआ है एवं दुक्का छक्का आदि की रचना दो संख्यावाची विशेषणों द्वि+एक /आ—दुक्का, छ+एक/आ छक्का के रूप में हुई है । राजस्थानी भाषा में भी ये ही रूप प्रयुक्त होते हैं यथा—छक्का—चौका आदि ।

नहला दहला—दहला की व्युत्पत्ति सं० दस एवं अप० ल (स्वार्थे) प्रत्यय के योग से हुई है । सं० दस अप० में दह रूप में भी प्रयुक्त होता था इसी में ल' प्रत्यय के योग से इसकी रचना हुई है । नहला की रचना दहला के सादृश्य पर हुई है ।

दुकड़ी, तिकड़ी चौकड़ी, छकड़ी— इनकी व्युत्पत्ति संख्यावाची विशेषणों में कड़ी (स्वार्थे प्रत्यय राजस्थानी ड के प्रभाव से) के योग से हुई है । इस प्रत्यय का विकास सं० कृत >कडअ>कड्आ कड्अो कड़ा । इ /ए/ के रूप में हुआ है । राजस्थानी भाषा में भी ये ही रूप प्रयुक्त होते हैं ।

जोड़ा—इसकी व्युत्पत्ति सं० युगल_सं० हुई है । सं० युगल पा० जुगला प्रा० जोडओ, जोऊ अप० जोडउ (स्वार्थे) राज० जोड़ा हिंदी जोड़ा ल>र>ड के रूप में ड का विकास हुआ है । संस्कृत काल से ही र> ल में अभेद था । पाणिनि ने भी इसका उल्लेख किया है—रलयोरभेद—

परवर्ती भाषाओं में र—ड>ड में प्रयुक्त होने लगे । आज भी व्रजभाषी ड का र उच्चारण करते हैं जबकि राजस्थानी भाषाभाषी 'ड' यथा-'जारो-जोडो'। डा० भोलानाथ ने 'तुर्की जोरा' से इसके विकास की अधिक सम्भावना व्यक्त की है । मेरे विचार में यह युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता क्योंकि सं० युगल से इसका विकास क्रम अर्थ की दृष्टि से संगत है । इसके प्रमाण भी परवर्ती भाषाओं में उपलब्ध होते हैं । राजस्थानी में 'जोड़ा' रूप प्रयुक्त होता है ।

इनके अतिरिक्त प्राचीन एवं मध्यकालीन हिन्दी में गड्डा गड्डी, कोड़ी आदि रूप भी प्रयुक्त होते थे पर आजकल नहीं होते । अंग्रेजी शब्द डजन का दर्जन रूप में प्रयोग अवश्य आजकल प्रचलित । राजस्थानी भाषा में दर्जन (दरजण) रूप के अतिरिक्त उपयुक्त रूप प्रयुक्त नहीं होते ।

१४९ अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण —

हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा में स्वतन्त्र रूप से अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण उपलब्ध नहीं होते । इस अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए पूर्णांक बोधक संख्याओं के आगे 'एक' जोड़कर एवं दो निकटवर्ती या दो दूरस्थ संख्याओं के योग से होती है यथा—दो-एक, चार-एक पांच छै आदि दस आदि । हिन्दी भाषा की यह प्रयोग-प्रक्रिया निजी है । पूर्ववर्ती भाषाओं में ऐसे प्रयोग उपलब्ध नहीं होते ।

१४१० प्रत्ययान्त विशेषण पद—

हिन्दी भाषा में त/आ, ई, ए न/आ, ई, ए वान आदि कृत वत प्रत्ययों के योग से प्रत्ययान्त विशेषण रचित होते हैं । ये अपने लिंग वचन एवं कारक के अनुरूप परिवर्तित होते हैं । इन प्रत्ययों का ऐतिहासिक विवरण 'उपसर्ग एवं प्रत्यय' शीर्षक अध्याय में दिया गया है । राजस्थानी भाषा में भी ये ही प्रत्यय प्रयुक्त होते हैं ।

/

१ ४ ११ सार्वनामिक विशेषण पद—

हिन्दी एव राजस्थानी म कुछ ऐसे विशेषण-पद भी है जो सर्वनामो पर आधृत है पर विशेषण वत अर्थाभिव्यक्ति करते है । यथा—इतना, इत्ता उतना, उत्ता, कितना कित्ता जितना जित्ता, तितना तित्ता, ऐसा, वसा, कैसा जैसा, तैसा आदि । ये रूप परिणाम वाचक एव गुणवाचक विशेषणो के अर्थों की अभिव्यक्ति करते हैं । अत इनका ऐतिहासिक विवरण क्रमश गुण वाचक एव परिणाम वाचक विशेषणों के अन्तगत ही दिया गया है । राज० भाषा म ये रूप कुछ ध्वन्यात्मक परिवर्तन के साथ प्रयुक्त होते है । इनका भी ऐतिहासिक विवरण उन्हीं शीषकों क अन्तगत दिया गया है ।

१ ४ १२ सदृशता वाचक विशेषण-पद—

हिन्दी भाषा मे इस अथ म सा, सरीखा जैसा समान विशेषण पद प्रयुक्त होते हैं । इनका क्रमिक विकास क्रम इस प्रकार है--स० सम पा० समो प्रा० सव अप० सम्र सउ हि० सा । स० सदृश पा० सदिसो सरिसो प्रा० सरिसा, सरिखो अप० सरिसो, सरिखो हि० सरीखा, राज० सरीसा । स० यादश पा० यदिदमा प्रा० जइसो अप० जइसअ हि० जसा । समान की व्युत्पत्ति स० सम से ही है । राजस्थानी भाषा में जिस्सा सरीसा समान आदि रूप प्रयुक्त होते हैं । इनका विकास हिन्दीवत् ही है ।

१ ४ १३ परिणाम वाचक विशेषण पद—

हिन्दी भाषा म इस अर्थ म इतना (इत्ता भी) उतना (उतना भी) कितना (कित्ता भी) जितना (जित्ता भी) रूप प्रयुक्त होते है । इनका विकास क्रम इस प्रकार है--स० इयत् प्रा० इत्तअ एत्तिअ अप० इत्तअ हिन्दी इत्ता उतनो । उतना की व्युत्पत्ति इतना के सादश्य पर है । सम्भवत व > उतना = उतना । स०यावत् प्रा०जेत्तिअ अप०जितअ हि जित्ता जिता ।अप०कित्तउ हि कित्ता, कितना । प्राय सभी भाषाविदो ने इन रूपो का सम्बन्ध स० इयत्, कियत्, यावत् तावत् से ही जोडा है क्योकि प्राकृत रूप एत्तिअ केत्तिअ

तेत्तिग्र, जेत्तिग्र उपलब्ध है ।[1] इन्हीं का विकसित रूप इत्ता कित्ता जित्ता, उत्ता ग्रादि है पर 'इतना' जितना, कितना ग्रादि म 'न' का ग्रागम कैसे हुग्रा इस विषय म भाषाविदो मे मतैक्य नहीं है । बीम्स के ग्रनुसार यह लघुत्व बोधक प्रत्यय है जो ग्रपना ग्रर्थ खो चुका है । केलाग, डा० वर्मा डा उदयनारायण इसी मत के समर्थक है । डा० भोलानाथ इस मत से सहमत नही हैं । व 'न' को स्वार्थे या विशेषणात्मक मानत हैं । मेरे विचार म उक्त मत ग्रसगत हैं । मरे विचार म परिमाणार्थ हि० त्ता का विकास तो स० इयत् कियत् ग्रादि के यत् से हुग्रा है जिसका पालि रूप 'त्तक'[2] एव प्रा० ग्रप० रूप त्तग्र[3] त्तउ हि० त्ता है । 'न' का विकास स० वतुप प्रत्यय से हुग्रा है । वतुप' का परिमाण ग्रर्थ म सावनामिक रूपो के साथ ग्रान् ग्रादेश होकर । एतावान, तावान रूप सिद्ध होते थे ।[4] पालिकाल म वतुप प्रत्यय ग्रावन्तु था एव इससे परिमाणार्थक यावन्त, तावन्त, एतावन्त ग्रादि रूप सिद्ध होते थे ।[5] प्रा० एव ग्रप० काल म एतणो जतणो रूप होने थ । हिन्दी म ण>न होकर इतना जितना कितना ग्रादि रूप प्रयुक्त होन हैं । राजस्थानी भाषा म इत्तो कित्तो जित्तो इतरो कतरो, जतरो इतरोक कतरोक इतगा ग्रादि रूप प्रयुक्त होन हैं । इनका विकास भी उप रिवत् है । रो, रोक ग्रादि स्वार्थे प्रत्यय हैं ।

गुणवाचक—हिन्दी भाषा म इस ग्रर्थ में ऐसा वैसा कैसा, जैसा

---

१ प्राकृत काल म परिमाण ग्रर्थ म 'त्तग्र' प्रत्ययान्त (पालि त्तक) शब्द प्रयुक्त होते थे प्राकृत प्रकाश के सूत्र ८/२८ की वार्तिक परिमाणे किमादिभ्यो भवति म इसका उल्लेख है ।

२ यतेतेहि त्तको ८/४२ पालिमहाव्याकरण

३ परिमाणे किमादिभ्यो भवन्ति केदद्दादय ४/२५ (वार्तिक) प्राकृत प्रकाश

४ यत्त देतेभ्य परिमाणे वतुप १/२/३६ पाणिनि ग्रष्टाध्यायी

५ राज्ञा चा वन्तु ४/८३ पालि महाव्याकरण

तैसा आदि रूप प्रयुक्त होते हैं। इनका विकास क्रम इस प्रकार है— संस्कृत कीदृश पा० केदिदसो, करिसो प्रा० केरिसो[1] अप० कइसो[2] हि० कैसा। सं० यादृश पा० यदिसा प्रा० जेरिसो अप० जइसो हि० जैसा। संस्कृत ईदृश पा० एदिदसो प्रा० एरिसो अप० अइसो हि० ऐसा। वैसा रूप इन्हीं के सादृश्य पर (वह–व–अप० अइसो) रचित है। सं० तादृश पा० तादिसा प्रा० तरिसा अप० तइसा हिन्दी तैसा। प्रायः सभी भाषाविद् इनकी व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में एक मत हैं। डा० भोलानाथ ईदृश+क से इसका विकास मानते हैं। पर जैसा कि लिखा जा चुका है कि क की कल्पना अवांछनीय है।

राजस्थानी विशेषण–पदों के विशिष्ट अध्ययन के लिए देखें लेखक कृत —बीकानेरी बोली का भाषाशास्त्रीय अध्ययन।

---

१ एत्पीडापीड कीदृगीदृशेषु १ १६

२ यता दृश (अपभ्रंशे यादृगादीनाम् दृकारात् यादृश तादृश कीदृशेदृशानां दादेरवयवस्य डित् अइस इत्यादेशो भवति–यथ–यादृश–तइस, कीदृश–कइस, ईदृश अइसा। प्रा० व्याकरण –४०३–

अव्यय प्रकरण

५ • जो शब्द रूप वाक्यान्तगत अन्य शब्द रूपा (सज्ञा–सवनाम–विशेषण आदि) की भाति लिंग वचन एव कारकानुरूप परिवर्तित नहीं होत, अव्यय सज्ञक होत हैं। सस्कृत वैयाकरणा ने भी अव्यया का इसी प्रकार परिभाषित किया है—नव्येति न विविध विकार गच्छतीत्यव्ययम् अथवा—सदृश त्रिषु लिंगेषु सर्वासु च विभक्तिषु वचनेषु च सर्वेषु, यन्न व्यति तदव्ययम् अर्थात् जो तीना लिंगों म, सब विभक्तियो और सब वचनो म एक जैसा रहता है तथा जिसमे कोई विकार या परिवतन नहीं होता, उसे अव्यय कहते हैं। आचाय पाणिनि ने स्वर आदि शब्दो (स्वग प्रात आदि कुल ८६ शब्दों एव आकृतिगण होने के कारण इस प्रकार के अन्य शब्दों) तथा निपातों को अव्यय शब्द की सज्ञा दी।[1] जो उपसर्ग, सुबन्त, तिङन्त निपातों की भांति थे तथा *जिन तद्धितान्त* रूपो म सारी विभक्तियां नहीं आती थी उन्हेंभी पाणिनि ने अव्यय कहा।[2] इसके अतिरिक्त म् एव एच (ए-ओ)

---

१ स्वरादि निपातम् अव्ययम् १/१/३७ अष्टाध्यायी

२ क उपसग विभक्तिस्वर प्रतिरूपकाश्च गणसूत्र

ख तद्धितश्चासव विभक्ति १/१/३८ अष्टाध्यायी

अन्त वाले कृदन्त शब्दों[1] क्त्वा, (त्वा) तोसुन् (तो) व कसुन् (अ) प्रत्ययान्त शब्द[2] एवं अव्ययी भाव समासान्त शब्दों को अव्यय संज्ञा प्रदान की[3] एवं अव्यय शब्दों में स्त्रीबोधक आप (आ), कारक बोधक सुप प्रत्ययों का लोप माना।[4] पालि काल में 'अव्ययों को असख्य' संज्ञा दी गई एवं संस्कृतवत् इन शब्दों में विभक्तियों का लोप माना– न विज्जते संख्या यस्स तं असंख्य (मोग्गलान पंजिका ३ २) प्राकृत एवं अपभ्रंश काल में ऐसे शब्द रूपों को पुनः अव्यय संज्ञा से ही अभिहित किया गया।

५ १ विभिन्न भाषिक कालों में अव्ययों के विभिन्न भेद किये गये। संस्कृत काल में मुख्यतः अव्ययों के छः भेद किये गये— १ स्वरादि शब्द २ निपात ३ निपातवत उपसर्ग, सुबन्त तिङन्त ४ अव्ययवत् कृदन्त शब्द ५ अव्ययवत तद्धितान्त शब्द ६ अव्ययी भाव समासी शब्द।

पालिकाल में अव्ययों के पांच भेद किये गये—१ उपसर्ग २ निमित्तार्थक ३ पूर्वकालिक ४ तद्धितान्त ५ रूढ़ि। प्राकृत काल में वररुचि ने प न्ह नव अर्थों में प्रयुक्त नव निपात गिनाए एवं शेष प्रयोग संस्कृतवत् बताए। अप० काल में हेमचन्द्र ने अव्यय शब्दों के विकृत रूपों को बताया एवं वर्ग संस्कृतवत् ही माने।

हिन्दी एवं राजस्थानी अव्ययों के स्थूल रूप से दो भेद किए जा सकते हैं– १ परिवर्तित अव्यय शब्द रूप (इस अव्ययों में क्रिया विशेषण, व विभक्ति प्रत्यय युक्त शब्द आते हैं। २ अपरिवर्तित अव्यय (शेष सभी अव्यय) परिवर्तित क्रिया विशेषण अव्यय एवं विभक्ति–प्रत्यय युक्त अव्यय

---

१ कृमेजन्त १/१/३० अष्टाध्यायी

२ क्त्वातोसुन् कसुन १/१/४० वही

३ अव्ययीभावश्च १/१/४१ वही

४ अव्ययादाप्सुप १/१/८२ वही

५ असंख्य हि स त्रा सा० २ १२० पालिमहाव्याकरण

हि्न्दी का नव प्रयोग नहीं। संस्कृत काल में भी ऐसे प्रयोग थे। पाणिनि ने तद्धितश्चा सर्व विभक्ति[1] में इसका उल्लेख किया है। पालि वैयाकरणों ने भी परिवर्तित क्रिया विशेषण का उल्लेख किया है— वेग गच्छति वगेन गच्छति आदि हिन्दी में इस परम्परा का विकास मात्र है। अर्थ एवं प्रयोग के आधार पर हम हिन्दी एवं राजस्थानी अव्यय रूपों को इस प्रकार वर्गीकृत कर सकते हैं— (अगले पृष्ठ पर देखें)

११.१ क्रिया विशेषण—

रचनात्मक दृष्टि से हिन्दी एवं राजस्थानी क्रियाविशेषणों को तीन वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है—१ मूल क्रिया विशेषण २ व्युत्पन्न क्रिया विशेषण ३ संयुक्त क्रिया विशेषण।

११११ मूल क्रियाविशेषण—

जो क्रिया विशेषण दूसरे शब्दों से नहीं बनते हैं, मूल क्रिया विशेषण कहलाते हैं। अर्थ की दृष्टि से इन क्रिया विशेषणों के निम्नलिखित भेद हैं— १ स्थानवाचक २ काल वाचक ३ रीतिवाचक ४ परिमाण वाचक ५ स्वीकार व निषेध वाचक ६ निश्चय एवं अनिश्चय वाचक।

११११ स्थान वाचक—

स्थान वाचक क्रिया विशेषणों के भी दो भेद हैं—१ स्थिति बोधक २ दिशा बोधक। स्थिति बोधक क्रिया विशेषण निम्नलिखित हैं— आगे पीछे ऊपर, नीचे बाहर भीतर अन्दर। इनका विकास क्रम इस प्रकार है— सं० अग्रे पा० अग्ग प्रा० अग्ग० अगग हि० आगे। सं० पश्चात् प्रा० पच्छा अप० पच्छइ हि० पीछे। डा० भोलानाथ ने इसका विकास क्रम इस प्रकार दिया है—सं० पश्च प्रा० पिच्छ हि० पीछे। यह विकास क्रम सगत नहीं है क्योंकि सं० रूप पश्चात्' से इसका विकास हुआ है। उन्होंने प्रा० रूप पिच्छ दिया है जो मुझे बहुत खोजने पर भी नहीं मिला बल्कि 'पच्छा' रूप

---

[1] पाणिनी अष्टाध्यायी १-१-३८

अव्यय
क्रियाविशेषण
संबंध सूचक
समुच्चय बोधक
विस्मयादि बोधक
बलात्मक शब्दांश
(निपात)
मूल क्रि वि
व्युत्पन्न क्रि वि
संयुक्त क्रि वि
परसर्ग सहित विकृत संज्ञा रूपों के पश्चात्वर्ती संबंध सूचक अव्यय
परसर्ग रहित संज्ञारूपों के पश्चात्वर्ती संबंध सूचक अव्यय
समानाधिकरण
व्यधिकरण
संयोजक
विभाजक
विरोध दर्शक
परिमाणदर्शक
कारण वाचक
उद्देश्य वाचक
संकेत वाचक
स्वरूप वाचक
स्थान वाचक
काल वाचक
रीति वाचक
परिमाण वाचक
स्वीकार व निषेध वाचक
निश्चय एवं अनिश्चय वाचक
संज्ञा से व्युत्पन्न क्रि वि
सार्वनामिक केन्द्रीय रूपों से व्युत्पन्न क्रि वि
धातुओं से व्युत्पन्न क्रि वि
अव्ययों से व्युत्पन्न क्रि वि
हर्ष सूचक
शोक सूचक
आश्चर्य सूचक
अनुमोदनार्थक
तिरस्कार सूचक
संबोधन सूचक

ग गी मिला । अप० म ग० पश्चात् प्रा० पच्छा पच्छ म विकसित हुआ। हेमचन्द्र न इसका उल्लेख भी किया है एव उदाहरण भी उपलब्ध होते हैं। यथा-पच्छइ होइविहाणु ३,२/१ पच्छ, मे ही राजस्थानी पच्छ गव हिन्दी (अ>ए तथा अ क कारण इ का आगम होकर पीछे विकसित हुआ है। म० ऊपर प्रा० अप० उप्पर हि० ऊपर । स० नीचम् प्रा० अप० निच्चे हि नीचे । स० बहिर (ता) प्रा० बहिरा बाहिर प्रा० अप० बाहिरथ हि० बाहर । 'बाहर म 'आ का आगम पालि काल मे ही हो गया था । इसका कारण पालि काल मे बाहर अथ म चार अव्यय प्रचलित थे-स० बहि स बही स० बहिर स बाहिर । इसके अतिरिक्त ब'दुर इन्ही रूपो के कारण आ' का आगम हुआ है । स० अभ्यन्तर प्रा० भितर भितर हि० भीतर । भीतर का डा० भोलानाथ न फारसी शब्द बताया है । मेरे विचार म इसका विकास स० अन्तर (अन्दर) से भी सम्भव है । राजस्थानी भाषा म स्थिति वाचक अव्यय निम्नलिखित हैं आग पार छ ऊपर, नीचे बारै माथ सनै सामन माथ सागै ।

हिन्दी एव राजस्थानी म सभी दिशावाचक क्रिया विशेषण अन्य शब्द रूपों से (सवनाम आदि) व्युत्पन्न होते हैं । अत इनका विवेचण तुलनात्मक क्रिया विशेषणों क अन्तगत ही किया गया है ।

४ १ १ १ कालवाचक—

काल वाचक क्रिया विशेषणों के मुख्यत तीन भेद हैं— १ समय वाचक २ अवधि वाचक ३ व्युत्पन्न काल वाचक (सवनामादि रूपो से) । समय वाचक कालवाची क्रिया विशेषण निम्नलिखित है—आज कल, परसो नरसो तरसो । इनका विकास क्रम इस प्रकार है— स० अद्य प्रा० अज्ज हि० आज स० कल्य प्रा० कल्ल अप० कल्लि हि० कालि कल । स० परश्व पा० प्रा०

१ पश्चादवमेववेदानीं—प्रत्युतेतस पच्छइ एम्वइ जि० एम्वहि पच्चलिउ एत्तहे / ४२४ / अपभ्रंशे पश्चादादीनां पच्छइ इत्यादय आदेशा भवन्ति।

परम्म अप० परस्सु, परसउ हि० परसों । स० श्विव हि० तरसा (विका क्रम उपलब्ध नही होता) । डा० भोलानाथ ने इसकी व्युत्पत्ति प्रति + परश्व से बताई है । तरसों की व्युत्पत्ति संदिग्ध है । बीम्स ने अप+तरसो से इ का सम्बन्ध जोड़ा है । डा० भोलानाथ ने द्रविड नाल एवं स० व के योग इसे विकसित माना है । मेरे विचार में यह परसों तरसों के सादृश्य प गठित हिन्दी नव शब्द है । राजस्थानी आदि में भी इस अर्थ को द्योतित कर हेतु ता-पले आदि का योग होता है । अतः यही प्रतीत होता है कि यह हि मे तरसों, परसों के सादृश्य पर रचित हिंदी नव शब्द है । इन रूपों अतिरिक्त अभी कभी तभी जभी आदि रूप भी प्रयुक्त होते हैं । सावना रूपों में भी का योग है यह भी स० अपि प्रा० अवि, अप० वि हि० भ बलाघात के कारण एवं वि>बि>भी महाप्राणीकरण है। इसके उदाहरण भ उपलब्ध होते हैं—अज्ज वि (अद्यापि) नाहु महुज्जि घरि सिद्धत्थां द दह) डा भोलानाथ ने स० हि० (हि० ही) के योग से इन्हें विकसित माना है । उप युक्त विकास क्रम को देखते हुए यह संगत प्रतीत नहीं होता । राजस्थानी भाष में आज काल परसूं, तरसूं ता पेले दिन अबार आदि काल वाचक क्रिय विशेषण है । हिन्दी भाषा में नित्य रोज हमेशा आदि अवधि बोधक का वाची विशेषण है। नित्य तत्सम शब्द है । रोज हमेशा विदेशी विशेषण शब्द है राज० में हाल नित, हमेसा, रोज इस अर्थ को द्योतित करते हैं । व्युत्पन्न का वाची क्रिया विशेषणों का विश्लेषण व्युत्पन्न क्रिया विशेषण शीर्षक के अन्तर्ग ही किया गया है ।

५ १ १ १ ३ रीतिवाचक—

हिंदी भाषा में धीरे जल्दी, झट फुर्ती आदि शब्द रीति वाचक हैं । राजस्थानी में इनके अतिरिक्त 'इयो' बीओ आदि रूप भी रीति वाचक हैं जिनका विश्लेषण व्युत्पन्न क्रिया विशेषणों में किया है ।

५१११४ परिमाण वाचक

हिन्दी भाषा मे कम, ज्यादा, अधिक, बहुत, बस आदि परिमाण-वाचक क्रिया विशेषण है। राजस्थानी म भी य ही रूप प्रयुक्त होते हैं।

५१११५ स्वीकार व निषेध बोधक—

हिन्दी भाषा म हां स्वीकारवाची एव ना नही, न मत निषध-वाचक विशेषण है। हा का सम्बन्ध केलाग ने मराठी क्रिया आहृ, आहो से जोडा है जो हिन्दी म इसके (हां क) प्रयोग को देखते हुए सवथा असगत प्रतीत होता है। डा० वर्मा न इसकी व्युत्पत्ति सन्दिग्ध बताई है। डा० उदय नारायण स० आम पा० आम से इसका सम्बन्ध जोडते हैं। डा० भोलानाथ न तुर्की 'हा से इसे सम्बन्धित किया है। मेरे विचार म इसकी व्युत्पत्ति की दो सम्भावनाए है। प्राकृत काल म 'हं' निपात दान पृच्छा एव निर्धारण अर्थ म प्रयुक्त होता था। राजस्थानी 'हो (स्वीकार वाची) इसी का विकसित रूप है। हिन्दी आकारान्त बहुला होने के कारण हो>हा प्रयुक्त होता है। आम से भी इसकी सम्भावना है—स० आम पा० आम प्रा० अप० आं हि० हा। न ना का सम्बन्ध स० न से ही है। नहीं>स० न+अस्ति= नास्ति प्रा० णत्थि अप० णाहि णहि हि० नही। डा० भोलानाथ ने भी इसी मत में अपनी सहमति व्यक्त की है। केलाग इसका सम्ब ध न+आहि से जोडते हैं। डा० चटर्जी एव डा०उदयनारायण इसे सस्कृत अस्ति से विकसित अहइ से न जोडकर व्युत्प न मानते है। हि दी मत का सम्ब ध स० मा पा० मा से है। हिन्दी म त' का आगम स्वार्थे रूप म राजस्थानी क सादृश्य पर हुआ। राजस्थानी म हों हुं हाउ हवे आदि स्वीकारात्मक अव्यय है। इन के अतिरिक्त अच्छया ठीक आदि भी इसी अर्थ के वाचक है जसे अच्छया जाऊ—हा जाता हू। ठीक, जाता हू। हा जाता ह। ना, मत नहीं, नी उह, कोए आदि निषधात्मक अव्यय है।

५ १ १ १ ६ निश्चय एव अनिश्चय वाचक—

हिन्दी मे अवश्य जरूर, निश्चय ही आदि निश्चयवाची अव्यय है। राजस्थानी भाषा मे पक्कायत, जरूर (निश्चय) मायद होय सके (अनिश्चय) अव्यय है ।

५ १ १ २ व्युत्पन्न क्रिया-विशेषण

हिन्दी एव राजस्थानी भाषा म सनापदो सावनामिक केन्द्रक रूपो अव्ययो एव धातुओ मे उपसर्गो प्रत्ययो परसर्गो एव अन्य शब्दांशो के योग से क्रिया विशेषण व्युत्पन्न होते हैं । *यह प्रयोग प्रक्रिया नवीन नही है । संस्कृत* पा०, प्रा० एव अप० काल म भी तद्धितान्त कृदन्त तिङन्त उपसग युक्त आदि क्रिया विशेषण प्रयुक्त होते थे । यथा–स० शवन्तम् (उपसग युक्त) जीवात (जीने को कृदन्त) कृत्वा (कृदन्त) अश्वक (अनात व्यक्ति का घोडा तद्धितान्त) आदि । पालि पहरति (उपसग) कातु (कृदन्त) सब्बत्थ (तद्धितात) इसी प्रकार प्रा० अप० मे अव्यय रचित होते थे । हिन्दी एव राजस्थानी म भी अव्यय शब्द रचित होते हैं । योग क्रम के आधार पर व्युत्पन्न क्रिया-विशेषणो को निम्नलिखित वर्गों म विभक्त किया जा सकता है – १ सना से व्युत्पन्न क्रियाविशेषण २ सावनामिक केन्द्रक रूपों (मूल अशो) से व्युत्पन्न क्रिया विशेषण ३ अव्ययो से व्युत्पन्न क्रियाविशेषण ४ धातुओ से व्युत्पन्न क्रिया विशेषण ।

५ १ १ २ १ सज्ञा से व्युत्पन्न क्रिया विशेषण–

इस वग के अन्तगत उपसर्गो एव प्रत्ययो के योग से रचित क्रिया विशेषण एव तद्धितान्त क्रिया विशेषण आते हैं [। यहा यह ज्ञातव्य है कि स० एव पालि आदि *काल म उपसर्गों का योग केवल धातुओ में ही होता था ।* पाणिनी ने इसका उल्लेख किया है । उपसर्गा क्रियायोगे (१/४ ५६) अर्थात् क्रिया (धातु। धातु रूप और क्रिया शब्द) से पूर्ववर्ती प्र आदि को उपसग कहते हैं । पर हिन्दी, राजस्थानी आदि म सज्ञा आदि शब्दो के पूव भी

उपसर्गों का प्रयोग होता है । यहा कुछ सता रूपा मे उपसर्गों एव प्रत्यया के योग से रचित क्रियाविशेषण दिए जा रहे हैं । बेसुर हर साल सध्या तक उम्र भर आदि । राजस्थानी में भी उपयुक्त रूप कुछ ध्वन्यात्मक परिवतन के साथ प्रयुक्त होते है यथा–सिज्या तक आदि ।

५ १ १ २ २ सावनामिक केन्द्रक रूपो मे व्युत्पन्न क्रिया विशेषण—

हिन्दी एव राजस्थानी म निश्चयवाची (निकटवर्ती एव दूरवर्ती) सम्बन्ध वाचक आदि सावनामिक केन्द्रक रूपा म प्रत्यया एव शब्दा के योग से स्थान वाचक, कालवाचक, रीतिवाचक आदि क्रिया विशेषण व्युत्पन्न होते है यथा—

स्थान वाचक— यहा वहा जहा कहा, हिन्दी मे सवनामो से व्युत्पन्न स्थानवाची क्रिया विशेषण है । इनकी व्युत्पत्ति के सबध में भाषाविदो मे मतैक्य नहीं है । बीम्स एव केलाग 'हं' का विकास स० स्थाने मे मानते हैं जो सवथा भ्रान्त है । स० स्थाने का विकास 'ठाणे' के रूप म हुआ है न कि हा के रूप से नही पा० प्रा० अप० म स० क-स्थाने य-स्थाने आदि के स्थान पर कहीं भी कहा रूप लब्ध नहीं होते हैं । टनर ने इस सम्बन्ध म तीन सम्भावनाए की है—१ स० इह (यहा) २ कुह (कहा) स० कथ तथा इस प्रकार क थ अन्त तथा आदि ३ सप्तमी विभक्ति-अस्मिन् प्रा० हि० । ये सम्भावनाए भी निराधार हैं । स० म कुह रूप नही कुत्र है । कथ' मे कह जो विकसित है वह स्थानवाची अथम कही नहीं है । स०सप्तमी विभक्ति अस्मिन् से हिं विकसित हुआ है । अप हि एव हिन्दी की अवधि आदि म हिं का ही प्रयोग हुआ है एव परिनिष्ठित हिन्दी म इसका लोप हो गया है । डा० सुनीतिकुमार स० त्र (कुत्र यत्र, तत्र) प्रा० त्थ से हा का विकास मानते हैं पर यह भी त्रुटिपूण है क्योकि स० त्र प्रा० त्थ अप० त्तु एव राज० ठै पजाबी त्थ रूप में विकसित हुआ है । हेमचन्द्र ने भी इसका उल्लेख किया है

एत्थु कुत्रात्रे । /४०५/ केत्तु वि लेप्पिणु सिक्खु । जेत्थुवि, तेत्थुवि एत्थु जगि /४०४/ राजस्थानी भाषा य आज भी अट्ठे वट्ठे बट्ठे जट्ठे रूप प्रयुक्त होते हैं जो सस्कृत त्र-अप० एत्थु-से विकसित है अत हिन्दी हा का सबध इससे नही माना जा सकता । डा० भोलानाथ तिवार के अनुकरण पर यत् तद् आदि के सप्तमी एक वचन के रूप यस्मिन तस्मिन, (अस्मिन) अप० यहि तहि से यहा तहा, जहा को निकला मानते हैं । परन्तु यह मत भी त्रुटि पूर्ण है जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है कि अवधि आदि मे हिं' विभक्ति का सप्तमी के रूप म ही प्रयोग है एव परवर्ती हिन्दी म इसका लोप हुआ है । अत यह मत सगत प्रतीत नही होता । वस्तुत स्थानवाची हाँ का विकास स० की पचमी विभक्ति के रूप यस्मात् कस्मात् तस्मात् से हुआ है । पालिकाल म ये यम्हा कस्मा किस्मा रूप म प्रयुक्त होते थे । प्रा० काल मे य इसी रूप म प्रयुक्त होते थे । अप० काल म स्मा हा (म् के कारण अनुनासिकता) मे प्रयुक्त होने लगा । हेमचन्द्र ने इसका स्पष्ट उल्लेख किया है सर्वाद्ङसेर्हीं /३५५/ अपभ्रंश सर्वादिरकारान्तात्परस्यङसेर्हीं इत्यादेशो भवति अर्थात् अपभ्रंश म अकारान्त सर्वनामों के परे ङसि अर्थात् पचमी के एक वचन की विभक्ति को हा आदेश होता है यथा—जहा होतउ आगदो (तस्मात् भवान् आगत) वहा से आप आए है । कहा होंतउ आगदो (कस्माद भवान आगत आप कहा से आए हैं । हिन्दी म हा' इसी रूप म आगत हुआ है—

इन रूपो का विकास क्रम इस प्रकार है—स० यस्मात् पा० यस्मो प्रा० जम्हा अप० जह हि० जहा । स० कस्मात् पा० कस्मा कम्हा कस्मा प्रा० कम्हा अप० कहा हि० कहा । स० तस्मात् पा० तस्मा प्रा० तम्हा अप० तहा हि० तहा । इसी प्रकार वहा यहा आदि ।

काल वाचक— जब कब तब अब । इन रूपो की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध म विवाद है । बीम्स महोदय इसम कालिक अश 'ब' का सम्बन्ध स०

'वेरा' से माना हैं। डा० भोलानाथ ने भी इसी मत में अपनी सहमति व्यक्त की है। डा० सुनीतिकुमार सं० अव्यय 'एवं' से इसका सम्बन्ध जोड़ते हैं। उनके अनुसार यह बलात्मक अव्यय प्राकृत में एव्व हो गया एवं बाद में इसमें समय का भाव विकसित हो गया। इसका सप्तमी रूप एव्वहि होकर ही वे हुआ एवं अपभ्रंशकाल में सार्वनामिक रूपों में जुड़ने से आधुनिक अब जब तब आदि रूप बने हैं। उक्त दोनों प्रकार के मत त्रुटिपूर्ण हैं। पा० प्रा० अप० में कहीं भी सार्वनामिक रूपों के साथ वेरा का योग होकर कब आदि रूप उपलब्ध नहीं होते। अतः यह मात्र कल्पना है। साथ ही ऐसा सम्भव भी नहीं। डा० सुनीतिकुमार द्वारा एव से इसका विकास मानना मात्र कल्पना है। सं० एव पालि प्रा० अप० में एसा अर्थ में ही प्रयुक्त होता था। अप० में इसको एम्व आदेश होता था (अनुस्वार के कारण म् का आगम) हेमचन्द्र ने लिखा है—

एव-पर-सम-ध्रुव-मा-मनाक एम्व-पर-समाणु ध्रुवम मणाउं /४१८/ अर्थात् अपभ्रंश में 'एव' आदि के स्थान पर एम्व आदि आदेश होते हैं यथा—मह पिअ त वि प्रिअ तासिया निरन्त न एम्व न तम्व। अतः स्पष्ट है कि सं० 'एव' से इसका सम्बन्ध नहीं। मेरे विचार में विकास समयवाचक दा प्रत्यय से ही हुआ है। संस्कृत काल में यह प्रत्यय समय का बोध कराने हेतु सर्वनामों के साथ प्रयुक्त होता था, यथा—एकदा (एक बार) कदा (कब) आदि। पालिकाल में भी यह इसी अर्थ में प्रयुक्त होता था—सब्बे कञ्ञ यतेहि काले /४ १०५/ अर्थात् य, त आदि के परे काल अर्थ में 'दा' प्रत्यय आता है जैसे यदा—जिस समय तदा—उस समय। प्रा० अप० काल में दा प्रत्यय इसी रूप में रहता है एवं कहीं कहीं आ, आ में प्रयुक्त होता है। यथा— तदा > तो (अप०) राजस्थानी में यह दा > द आज भी काल वाचक अर्थ में प्रयुक्त होता। यथा—जद (जब) कद (कब)। हिन्दी में यह द > ब में परिवर्तित हुआ है।

राजस्थानी भाषा म इद, जद, अबे, 'हम्म' आदि रूप इस अर्थ म प्रयुक्त होते हैं। 'इद' जद आदि का सीधा सम्बन्ध स० यदा, यदा म है। हम्म' (अब) राजस्थानी का निजी कालवाचक अव्यय है जो उ० पु० वाचक हं' म 'म्मे' के योग से निर्मित हुआ है। इसकी व्युत्पत्ति सन्दिग्ध है।

दिशावाचक—इधर-उधर किधर-जिधर इनकी व्युत्पत्ति के संबंध म विवाद है। बीम्स ने धर' का सम्बन्ध स० मुख स जोड़ा है जो सर्वथा त्रुटिपूर्ण है। हार्नल ने सं० स इसका सम्बन्ध जोड़ा है। यह भी त्रुटिपूर्ण है क्यों कि दृश स ऐसा रूप विकसित हुआ है। प० किशोरीदास वाजपेयी ने म० इह (यहां) का पूर्व रूप (इध) म स्वार्थे र के योग स इधर की व्युत्पत्ति न माना है। यह भी सम्भव नहीं। डा० भोलानाथ इसे स० धृ धातु से या त्र से सम्बद्ध करते हैं। धृ से ईसे जोड़ना त्रुटिपूर्ण है। मेरे विचार म इसका सम्बन्ध स० इत से है जो स्थानवाचक अर्थ म प्रयुक्त होता था। यथा—इत इत श्रीमन् (श्रीमान् इधर-उधर) त>द>ध एव र स्वार्थे रूप मे (राजस्थानी प्रभाव से) प्रयुक्त होकर य रूप निष्पन्न हुए हैं।

राजस्थानी भाषा म स्थानवाचक सर्वनामों म ईन प्रत्यय जोड़कर क्रिया वाचक रूप निष्पन्न होते है। यथा—अठीन बठीन कठीनै आदि।

रीतिवाचक— एस वस कस— इनका सीधा सम्बन्ध स० यादृश प्रा० जइस्सा अप० जइस्स जस आदि है। विकास क्रम आगे दिया जा चुका है। राजस्थानी भाषा म सार्वनामिक केन्द्रक रूपों म यो (इ+यो) के योग से रीतिवाचक सर्वनाम रचित होते हैं। इसका विकास सार्वनामिक केन्द्रक रूपों म एव के योग से हुआ है अप० म इसके पूर्ण विकसित रूप मिलने लगते हैं क एवम् (केम्व) एवम् एम्व आदि यथा—

पिय सगमि कउ निद्दडी पिअहो परोक्खहो कम्व। मइ बिन्नि विन्नासिआ निद्द न एम्व न तेम्व। एम्व केम्व जेम्व तम्व आदि परवर्ती भाषाओं म क्रमश इउ किउ जिउ एव इयो कियो किया आदि

रूपों में विकसित हुए हैं ए>इ तथा व>उ म।

५,१ १२३ ग्रव्ययों से व्युत्पन्न क्रिया विशेषण—

कालवाची एव स्थानवाची ग्र यया मे 'तक' के योग से ग्रवधि एव परिधि वाचक क्रिया विशेषण व्युत्प न होते ह यथा यहा तक, वहा तक कब तक ग्रादि। राजस्थानी म भी तक के योग मे इस ग्रथ की ग्रभिव्यक्ति होती है। यथा—ग्रठै तक काल तक ग्रादि।

५ १ १२४ धातुग्रो से व्युत्पन्न क्रिया विशेषण

धातुग्रो म कर के योग से पूवकालिक क्रिया विशेषण व्युत्प न होते ह यथा—पढ़कर जाकर ग्रादि। सस्कृत काल में इस ग्रथ को द्योतित करने के लिए क्त्वा एव ल्यप प्रयय का योग होता था[1] यथा पठित्वा (पढ़कर)। पालि काल म भी क्त्वा प्रत्यय इस ग्रथ म प्रयुक्त होता था।[2] प्राकृत म तूण ग्रादि धातुग्रो मे त्वा को दुग्र ग्रादेश होता था[3] (त को द एव व के कारण उ का ग्रागम। ग्रप० काल तक क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर इ इउ इवि, ग्रवि, एप्पि, एप्पिणु एवि, एविणु ग्रादि प्रयुक्त होते थे।[4] इस प्रकार ग्रप० तक ग्राते–ग्राते क्त्वा लुप्त प्राय हो गया एव इसके स्थान पर ग्रन्य प्रत्यय प्रयुक्त होने लगे। हिन्दी भाषा म कर का प्रयोग नवीन है यह कृ धातु से गुणा होकर 'कर' बना है एव हिन्दी म पढ़कर लिखकर ग्रादि रूपों म प्रयुक्त होने लगा है। राजस्थानी मे र का योग है जो क के लुप्त होने से बना है। पढ़र लिखर। राज० म 'परोर' का भी योग होता है। यथा—'पढ़परोर'। इसकी व्युत्पत्ति सन्दिग्ध है।

---

१ समान कत कयो पूवकाल ३/४/२१ ग्रष्टाध्यायी

२ पालि महाव्याकरण मोग्गलान 'क्त्वा प्रत्यय

३ क्तूणमो दुग्र प्राकृत प्रकाश, वररुचि

४ क्त्व इ-इउ-इवि ग्रवय /४३६/ एप्पयेप्पिणव्येव्य विणव ४४० ग्रप व्याकरण

५ १ १ ३ सयुक्त क्रिया विशेषण—

हिन्दी एव राज० भाषा में सना रूपो विशेषणो, क्रिया विशेषणों, काल वाचक, रीतिवाचक परिमाण वाचक एव अनुकरणात्मक क्रिया विशेषणों की द्विरुक्ति से सयुक्त क्रिया विशेषण रचित होते हैं यथा – घर-घर दिन-रात (सना), एक-एक, चार-चार (विशेषण) आगे-आगे पीछे पीछे (क्रिया विशेषण) झट-झट (अनुकरणात्मक)। राजस्थानी भाषा में भी इसी प्रकार सयुक्त क्रिया विशेषण रचित होते हैं। यथा—धीमे धीम थोडो-थोडो आदि।

५ १ २ सबध सूचक—जो शब्द सना अथवा सना के समान प्रयुक्त होने वाले शब्द रूपो के पीछे आकर उनका सम्बध वाक्य क किसी दूसरे शब्द के साथ जोडते है वे सम्बन्ध सूचक अव्यय कहलात हैं। हिन्दी में भर तक सहित मरीखा जैसा खातिर वास्ते सिवाय सामने आदि प्रमुख सम्बन्ध सूचक अव्यय है। राजस्थानी म उपयुक्त अव्ययो के अतिरिक्त खने नडो (पास) कोण खोनी खातर, सरीसो आदि सम्बध सूचक अव्यय भी है

५ १ ३ समुच्चय बोधक अव्यय

जो अव्यय शब्द एक वाक्य को दूसरे वाक्य सयुक्त करते हैं समुच्चय बोधक अव्यय कहलाते है। इसके मुख्यत दो भेद हैं— १ समानाधिकरण २ व्याधिकरण। समानाधिकरण समुच्च बोधक अव्ययो के भी तीन भेद हैं १ सयोजक 'और – इसका उद्भव स० अपर प्रा० अवर अप० अउर हि० और के रूप म हुआ है। राजस्थानी म अर र रूप है जो और के ही रूपान्तर है। २ विभाजक या व, अथवा। व एव अथवा का सम्बध सस्कृत स है एव या को डा० भोलानाथ ने अरबी बताया है। राजस्थानी में कन या यास्तो-यास क रूप इस अथ म प्रयुक्त होते हैं। ३ विरोध दशक—जो शब्दाश से वाक्यो में पहले का निषेध या परिमिति सूचित करत है विरोध दर्शक अव्यय कहलात हैं। हिन्दी म पर एव परन्तु ऐसे ही अव्यय है। राजस्थानी मे पण रूप

प्रयुक्त होता है। ४ व्यधिकरण जब एक वाक्य में एक या अधिक आश्रित वा० जिन अव्ययों के योग से जोड़े जाते हैं तो ऐसे अव्यय व्यधिकरण समुच्चय बोधक अव्यय कहलाते हैं। इनके निम्नलिखित भेद हैं — १ कारणवाचक — क्योंकि एव कारण। क्योंकि (प्रश्नवाचक + फारसी कि) एव कारण तत्सम हैं। २ उद्देश्य वाचक ताकि जिससे ३ संकेत वाचक यदि (राज० जे) हालांकि चाहे आदि।

विस्मयादि बोधक अव्यय—हर्ष सूचक—अहा आहा ओहो, वाह वा-वा शाबास। इनके अतिरिक्त राजस्थानी में धन-धन। शोक सूचक—हायरे आश्चर्य सूचक — हूं, हैं। अनुमोदनार्थक— हां। सम्बोधन सूचक - ओ, अरे हे। तिरस्कार सूचक—हट धिर, धिक्कार आदि।

बलात्मक शब्दांश (निपात) — तो, सही ही भी आदि। राज० तो सरी सई ई बी आदि। राजस्थानी अव्ययों के विशद अध्ययन के लिए देखें। लेखक कृत—बीकानेरी बोली का भाषा शास्त्रीय अध्ययन।

क्रिया-प्रकरण

६० भावप्रधानम् आख्यातम् (निरुक्त) अर्थात् जिसमें भाव (क्रिया) की प्रधानता हो आख्यात (क्रिया पद) सनक (शब्द) होता है। संस्कृत काल मे क्रियापद का मूल रूप धातु सनक था। धातुओं म तिङ (तिप्-तस, झि आदि) प्रत्ययो के योग से क्रियापद-रचना होती थी। इसके अतिरिक्त कृत् प्रत्ययो के योग से भी क्रिया-पदो की रचना होती थी। पालि, प्राकृत अपभ्रंश हि ि तथा राज० काल म धातुओं धातु रूपा तिङ प्रत्ययो आदि का ह्रास हुआ पर क्रियापद-सरचना प्रक्रिया कुछ अपवादो को छोडकर संस्कृतवत् ही रही। यहा उन सभी क्रिया रूपो का विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है। सुविधा की दृष्टि से क्रियापद-सरचना को तीन भागा म विभक्त किया गया है-१ धातु २ क्रियापद-सरचना (तिङन्तीय एव कृदन्तीय) ३ सयुक्त क्रिया।

६१ धातु

जो अश क्रियापदो के सभी रूपो म समरूप स विद्यमान रहता है उसे धातु कहते है। जिस प्रकार शब्द रूपा (सज्ञा आदि) का मूलाश प्रातिपदिक सनक होता है तद्वत् क्रियारूपा का मूल रूप धातु सनक होता है। संस्कृत काल मे आचाय पाणिनि ने धातुओ को उनकी विशेषताओ के आधार पर दस गणा म वर्गीकृत किया—१ भ्वादिगण (शप विकरण) २ अदादिगण

(गण विकरण का लोप) ३ जुहोत्यादि गण (शप विकरण का लोप) ४ दिवादि गण (श्यन् विकरण) ५ स्वादि गण (श्नु विकरण) ६ तुदादि गण (श विकरण) ७ रुधादि गण (श्नम् विकरण) ८ तनादि गण (उ विकरण) ९ क्र्यादि गण (श्ना विकरण) १० चुरादि गण (णिच विकरण) इनके अतिरिक्त कुछ धातुएं कण्ड्वादिगण में भी आती थी अतः इसे ग्यारहवाँ गण कहा गया।[1] आचार्य पाणिनि ने धातुपाठ के अन्तर्गत भ्वादिगण में १०३५ अदादिगण में ७२ जुहोत्यादि में २४, दिवादि में १४० स्वादि में ६८ तुदादि में १५६ रुधादि में २५ तनादि में १० क्र्यादि में ६१ एवं चुरादि में ४११ धातुएं परिगणित की। इनके अतिरिक्त सनन्त आदि भी धातुएं थी। आचार्य पाणिनि ने उपर्युक्त सभी गणों की धातुओं को तीन तीन पदों—१ आत्मनेपदी २ परस्मैपदी ३ उभयपदी के अन्तर्गत विभक्त किया। लकार के आधार पर उन्होंने धातुओं के सार्वधातुक (लट लोट लङ एवं विधि लिङ्) आर्धधातुक (लिट लुट लृट् आशी लिङ लुङ एवं लृङ्) भेद किए। इनके अतिरिक्त अनिट् सेट् एकाच् (एक-अच्-स्वर) अनेकाच् (अनेक अच्), अकर्मक सकर्मक सनन्त यङ लुगन्त नामधातु अनेक भेद किए। इस प्रकार से संस्कृत काल में लगभग २००० धातुएं थी।

पालिकाल में मुख्यतः धातुओं का वर्गीकरण संस्कृतवत् ही था। गणों की संख्या सात थी। पर धातु रूपों में कमी आई। (अदादि गण नहीं था।) उदाहरणार्थ मोग्गलान ने धातु पाठ में भ्वादि गण में केवल ३०४ ही धातुएं गिनाई है। धातुओं के आत्मनेपद एवं परस्मैपद दोनों प्रकार के रूप थे। डा भोलानाथ ने लिखा है—पद केवल एक था। आत्मने पद अपवादतः मिलता है। पर ऐसा पालिकाल में नहीं है। प्राकृत एवं अपभ्रंश काल में धातु रूप ह्रास की परम्परा निरंतर रही।

---

१ भ्वाद्यदादिजुहोत्यादिर्दिवादिः स्वादिरेव च।
तुदादिश्च रुधादिश्च तनादिक्रीचुरादयः॥

हि ी एव राजस्थानी भाषा तक आते-आत धातु वर्गीकरण की गण परम्परा, परस्मैपदी-आत्मनेपदी आदि समाप्त ही हो गइ है। इसलिए हि दी धातुओं को भाषाविदों ने प्रथक-प्रथक रूपेण वर्गीकृत किया है। डा० सुनीतिकुमार ने हि दी धातुओं को एतद् प्रकारेण वर्गीकृत किया है—

क- मूल
1. तद्भव (क साधारण ख उपसग युक्त)
2. प्रेरणार्थक तद्भव
3. सस्कृत से गहीत (तत्सम अर्द्ध तत्सम)
4. सदिग्ध व्युत्पत्ति वाली (देशज)

ख- यौगिक
1. अकारान्त प्रेरणार्थक
2. नामधातु
   1. तत्भव
      - क-प्राचीन
      - ख-मध्ययुगीन
      - ग-नवीन
   2. त सम अर्द्ध तत्सम
   3. विदेशी
3. सयुक्त एव प्रत्यय युक्त
4. ध्वन्यात्मक
5. सदिग्ध

उपयुक्त वर्गीकरण श्रेष्ठ होते हुए भी एकागी है जो स्पष्टत हि दी श दो के चार स्रोतो (तत्सम अर्द्ध तत्सम देशी विदेशी आदि) पर अधत है। इस वर्गीकरण म हि दी धातुओं की रूप-रचना-प्रक्रिया पर यत्किचित् ही प्रकाश पडता है। रूप रचनात्मक भेद होते हुए भी वे धातुए एक ही वग तद्भव के अन्तगत आ जाती है। हिदी धातुओं के वैज्ञानिक वर्गीकरण के लिए पूण अनुसधान अपेक्षित है।

डा० वर्मा एव डा० उदयनारायण ने भी इसी वर्गीकरण का अनुसरण किया है। डा०भोलानाथ ने हिन्दी धातुओ को इस प्रकार वर्गीकृत किया है।

तु—१ परम्परागत १ संस्कृत तद्भव मूल अकतवाच्य
परवर्ती उपसर्गयुक्त व कर्मवाच्य
तद्भव प्रत्यययुक्त स प्रेरणार्थक
तत्सम संयुक्त
२ प्राकृत आदि

२ निर्मित १ धातु से (अकर्मक सकर्मक, प्रेरणार्थक)
२ अन्य(नामसे) संज्ञा तद्भव
विशेषण परवर्ती तद्भव
सर्वनाम तत्सम
क्रियाविशेषण विदेशी
३ अनुकरणात्मक

३ संदिग्ध व्युत्पत्ति की

